डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
मंगलवार
01.11.2022
कार्तिक शुक्ल पक्ष 08
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-17 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

पानी को कितना भी गर्म कर लें थोड़ी देर बाद, वह अपने मूल स्वभाव में आकर ठंडा हो जाता है, इसी प्रकार हम चाहे कितने भी क्रोध में हों, थोड़ी देर में हम भी अपने मूल स्वभाव में आ जाते हैं।

## मोरबी में झूलता पुल टूटने से 150 से अधिक की मौत, कई घायल

### मरनेवालों में 50 से ज्यादा बच्चे और महिलाएं

- ब्रिज का उद्घाटन 20 फरवरी 1879 को मुंबई के गवर्नर रिचर्ड टेम्पल ने किया था
- ब्रिज की क्षमता करीब 100 लोगों की थी
- गुजराती नववर्ष की छुट्टियां व रविवार होने के चलते ब्रिज पर करीब 500 लोग जमा थे



**मोरबी (एजेंसी)।** गुजरात में मोरबी शहर के बी डिवीजन क्षेत्र में रविवार को झूला पुल टूटने से मच्छू नदी में गिरने से अब तक 150 से अधिक लोगों की मौत हो गयी है तथा सैकड़ों अन्य घायल हुए हैं। जिला प्रशासन के सूत्रों ने बताया कि इस हादसे में मरनेवालों की संख्या सोमवार शाम तक 150 से अधिक की हो गयी है, जबकि कई घायल अस्पताल में भर्ती हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। अभी भी नदी में लोगों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मच्छू नदी पर बना झूलता पुल रविवार शाम अचानक टूट गया, जिसके कारण कई लोग नदी में गिर गये। पुल पर आये अधिकतर लोग छठ पूजा के लिए आये थे। करीब 143 साल पुराना केबल सस्पेंशन ब्रिज के टूटने से करीब 400 लोग मच्छु नदी में जा गिरे। हादसे में 150 लोगों की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मेरा मन मोरबी के पीड़ितों से जुड़ा हुआ है : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में नर्मदा जिले के केवड़िया में सोमवार को एकता दिवस समारोह में कहा कि मैं एकता नगर में हूं, पर मेरा मन मोरबी के पीड़ितों से जुड़ा हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि शायद ही जीवन में बहुत कम ऐसी पीड़ा मैंने अनुभव की होगी। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### छठ महापर्व में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को अपनी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन एवं दोनों बेटे के साथ छठव्रतियों के बीच पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य देव को अर्घ्य देकर आस्था के महापर्व छठी मैया की पूजा की। मुख्यमंत्री ने भगवान भास्कर से झारखंडवासियों की सुख, समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री रविवार की शाम सपरिवार रांची के नक्षत्र वन स्थित हटनिया तालाब पहुंचे तथा सैकड़ों व्रतियों के बीच छठ पूजा में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महापर्व सूर्य भगवान की आराधना के लिए जाना जाता है। छठ महापर्व प्रकृति की पूजा का प्रतीक है। प्रकृति पर आस्था और उससे जुड़ाव भारतीय संस्कृति की परंपरा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी माताएं-बहनें 72 घंटे का व्रत रखकर भगवान भास्कर की आराधना करती हैं। यह हजारों साल पुरानी अद्भुत परंपरा है। यह समर्पण, सात्विकता, आस्था और स्वच्छता का एक बड़ा उदाहरण है। मैं इस परंपरा को शीश झुका कर नमन करता हूं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छठी मैया से प्रार्थना है कि सभी सुखी हो, सब निरोगी रहें, छठी मैया सबका मंगल और कल्याण करें।

### रंगदारी वसूलने पहुंचे अपराधी को पुलिस ने बम व हथियार के साथ किया गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने नगड़ी थाना क्षेत्र के बरसा गांव में हथियार और बम के साथ घूम रहे एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी के पास से पुलिस ने तीन बम और देसी कट्टा के अलावा एक गोली भी बरामद की है। पुलिस की टीम ने झारखंड जगुआर की बीडीडीएस की मदद से तीनों बम को डिस्पोज किया। गिरफ्तार अपराधी का नाम विष्णु महली है और वह बरसा गांव का रहनेवाला है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गिरफ्तार अपराधी अपने साथियों के साथ जमीन कारोबारी से रंगदारी का पैसा वसूलने के लिए बीते 30 अक्टूबर को बरसा गांव पहुंचे थे। इसकी जानकारी पुलिस को मिल गयी। मुख्यालय टू डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने छापेमारी कर एक अपराधी को धर-दबोचा। वहीं, अन्य अपराधी पुलिस को देखकर मौके से भाग निकले। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी विष्णु ने फरार साथियों के नाम व पता की भी जानकारी दी है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गयी है।

### पेट्रोल पंप लूटने की योजना बना रहे एक अपराधी को पुलिस ने दबोचा

**रांची।** रांची पुलिस ने बेड़ो थाना क्षेत्र के जरिया गांव से एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी का नाम सूरज उरांव है और वह बुढ़मू थाना क्षेत्र के बगीचा टोली का रहनेवाला है। उसके पास से पुलिस ने देसी कट्टा और दो गोली बरामद की है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी सूरज अपने एक साथ के साथ जरिया पेट्रोप पंप लूटने की योजना बना रहा था। पुलिस को इसकी जानकारी मिल गयी। बेड़ो डीसपी रजत मणिक बाखला के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने बीते 30 अक्टूबर को छापेमारी कर एक अपराधी को दबोच लिया। वहीं, दूसरा अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है। उसने पुलिस को अपने साथी के नाम की भी जानकारी दी।

## सीएम की पहल पर रिम्स से तीन चिकित्सक पहुंचे फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल

### मरीजों के इलाज का लिया जायजा



नवीन मेल संवाददाता

**दुमका।** गैस टैंकर विस्फोट कांड के मरीजों का चल रहे इलाज का जायजा लेने रविवार को रांची से चिकित्सकों की एक टीम फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची और मरीजों को जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने चल रहे इलाज को संतोषप्रद बताया और मरीजों को खतरे से बाहर कहा। बता दें कि दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के बढ़ैत गांव में चार दिन पूर्व एक गैस टैंकर विस्फोट में आसपास के कई ग्रामीण घायल हुए थे। आग से झुलसे सभी लोगों को स्थानीय सरैयाहाट के सीएचसी और अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। वहां से तीन को दुमका स्थित फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया गया जहां अभी उनका इलाज चल रहा है, लेकिन अचानक शनिवार की रात इस अग्निकांड के 17 मरीज जो स्थानीय अस्पताल में इलाज कर अपने घर भी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## चियांकी में दो भाइयों पर चली गोली, जख्मी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनीनगर के चियांकी इलाके में रविवार की रात एक पुलिस जवान ने फायरिंग कर दी। इस गोलीबारी में दो युवक जख्मी हो गए। एक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। सूचना मिलने पर पलामू के एसपी चंदन कुमार सिन्हा, डीएसपी सुरजीत कुमार, टाउन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा, टीओपी2 के प्रभारी रूद्रानंद सरस, मेदिनी रॉय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे और घायल की स्थिति के बारे में जानकारी ली। जख्मी युवक का बयान दर्ज किया जा रहा है। पुलिस आरोपी जवान की तलाश में जुटी है। जख्मी युवक की पहचान रेडमा निवासी 40 वर्ष अंजन तिवारी एवं रेडमा के ही काशी नगरी के रहने वाले 38 वर्ष मनीष तिवारी उर्फ रिंकू शामिल है। मनीष तिवारी को रांची रिम्स रेफर किया गया है। गोली चलाने वाले जवान की पहचान विनीत तिवारी के रूप में हुई है। विनीत तिवारी मेदिनीनगर सेंट्रल के सुपरिटेंडेंट का बॉडीगार्ड है। यह भी जानकारी मिली है कि जवान ने जिस हथियार से गोली चलाई, वह उसका सर्विस रिवाल्वर है। गोली चलाने वाला युवक नशे में बताया जाता है। इस संबंध में जख्मी अंजन तिवारी ने बताया कि वह अपने पिता को लेने चियांकी के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### स्कूल संचालक को अपराधियों ने मारी गोली, रांची रेफर

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के रेहला थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात बेलचंपा के रहने वाले स्कूल संचालक अमित कुमार सिंह उर्फ बाबुल सिंह को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। उन्हें इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती करवाया गया। जहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें रिम्स रेफर कर दिया। वहीं पुलिस पलामू ने फायरिंग मामले की जांच कर रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और इलाके के सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से अपराधियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। वहीं इसको लेकर सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे 75 को जाम कर दिया। जाम कर रहे ग्रामीण ने घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ महीनों पहले स्कूल बस से एक बच्चे की मौत हुई थी। इस घटना के तार उसी से जुड़े हुए हैं। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि प्राइवेट स्कूल संचालक अमित कुमार सिंह रिपु बाबुल सिंह छठ के कई कार्यक्रमों में भाग लेकर रेहला थाना क्षेत्र के स्टेशन चौक इलाके में पहुंचे थे। इसी क्रम में अज्ञात अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। हालांकि अभी तक जख्मी अमित कुमार सिंह या उनके परिजनों के तरफ से पुलिस को कोई आवेदन नहीं दिया गया है। रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बूढ़ा पहाड़ में भाकपा माओवादी का बंकर ध्वस्त

### भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद बरामद



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** बूढ़ा पहाड़ में चल रहे स्पेशल ऑपरेशन ऑक्टोपस के दौरान रविवार को सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। अभियान के दौरान कोबरा 203 के जवानों ने माओवादियों के द्वारा छुपा कर रखे गए बम, राइफल एवं भारी मात्रा में गोली बरामद की। स्पेशल ऑपरेशन ऑक्टोपस में लातेहार जिला बल, कोबरा 203, एजी 8, बीडीडीएस 12, सीआरपीएफ 218 के द्वारा लातेहार जिला बल बारेसाढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ा पहाड़, चट्टान पानी एवं जोक पानी पहाड़ क्षेत्र में संयुक्त अभियान चलाकर भाकपा माओवादी को खदेड़ा गया है। बूढ़ा पहाड़ में भाकपा माओवादी का बंकर ध्वस्त, भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद

**नक्सलियों के विरुद्ध चलाये जा रहे ऑपरेशन के दौरान मिली सफलता**

बरामद हुआ है। मौके पर डीसी कोबरा 203 टीम 14 के जितेन्द्र कुमार, एसी कोबरा 203 टीम 13 के हेमत कुमार जसोदिया, ए/218 सीआरपीएफ बटालियन नवाटोली के एसी आजाद अहमद हाजाम, बारेसाढ़ के नवाटोली के पुअनि मनोज मुर्मू, बारेसाढ़ के नवाटोली के पुअनि कैलाश बाड़ा, एजी 08 ऑफ झारखंड जगुआर के पुअनि आनंद कुमार आदि मौजूद थे।

**बरामद हथियार :** 303 एलएमजी रायफल -01 व 04 मैग्जीन के साथ ; रायफल - ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## रेप पीड़िता के लिए दोबारा आघात टू फिंगर टेस्ट : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सुप्रीम कोर्ट ने यौन उत्पीड़न की पीड़िताओं पर अब भी किये जा रहे टू फिंगर टेस्ट पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सोमवार को निर्देश दिया कि परीक्षण करनेवालों को कदाचार का दोषी ठहराया जायेगा। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आदेश दिया कि यौन उत्पीड़न के मामलों में टू फिंगर टेस्ट करानेवाला कोई भी व्यक्ति कदाचार का दोषी होगा। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और हिमा कोहली की बेंच ने अपने आदेश में कहा टू फिंगर टेस्ट का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। बेंच ने कहा यह टेस्ट पीड़िताओं को फिर से आघात पहुंचाता है। बेंच ने कहा कि अधिकारियों को इस तरह के टेस्ट का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। अपने फैसले में कोर्ट ने कहा कि यह घटिया सोच है कि रेप पीड़िता पर सिर्फ इसलिए यकीन नहीं किया जा सकता है, क्योंकि वह यौन रूप से सक्रिय है। कोर्ट ने कहा कि पीड़ित के यौन इतिहास के लिए टू फिंगर टेस्ट महत्वपूर्ण नहीं है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश झारखंड हाईकोर्ट के उस फैसले को पलटते हुए आया है जिसमें हाईकोर्ट ने रेप और हत्या के दोषी को छोड़ दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के दोषी ठहराने के फैसले को कायम रखा। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए आरोपी को दोषी माना।

### रांची से देवघर के लिए भी एक विमान

**रांची।** विंटर शिड्यूल जारी होने के बाद रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से 26 विमान के बदले 38 विमान उड़ान भर सकते हैं। रविवार से नया शेडयूल लागू हो गया है। बारी-बारी से विमानन कंपनियां फ्लाइट की संख्या में सुविधानुसार बढ़ोतरी करेंगी। नये शिड्यूल के मुताबिक रांची से देवघर के लिए भी एक विमान को उड़ान भरना है। हालांकि, इसे लेकर अभी तस्वीर स्पष्ट नहीं हुई है। देश के कई शहरों के लिए रांची से उड़नेवाले विमानों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

## कैदियों को वोट के अधिकार की मांग पर केंद्र, चुनाव आयोग को नोटिस

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने कैदियों को वोट के अधिकार से वंचित करने को चुनौती देनेवाली जनहित याचिकाओं पर सोमवार को केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया। मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित और न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट्ट और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने कानून के छात्र आदित्य प्रसन्ना भट्टाचार्य की जनहित याचिका पर केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। याचिका में चुनाव आयोग को कैदियों को वोट देने के अधिकार को प्रभावी करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश देने की गुहार लगायी गयी है। श्री भट्टाचार्य ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 62(5) की वैधता पर सवाल किया है, जिसने कैदियों को वोट देने के अधिकार से वंचित कर दिया। वर्ष 2019 में दायर की गयी इस याचिका में यह घोषणा करने की गुहार लगायी गयी है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम- 1951 की धारा 62(5) संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता के मौलिक अधिकार और संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत मतदान के संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन करने के लिए संविधान का अधिकार नहीं है।

## एक साथ आगे बढ़ते हैं तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है : मोदी



**केवडिया (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में अपने तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन सोमवार को कहा कि जब सब एक साथ मिलकर चलते हैं और एक साथ आगे बढ़ते हैं तो असंभव कार्य को भी संभव बनाया जा सकता है। श्री मोदी ने एकता दिवस समारोह में कहा कि मैं वर्ष 2022 में राष्ट्रीय एकता दिवस को बहुत विशेष अवसर के रूप में देख रहा हूं। ये वो वर्ष है जब हमने अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे किये हैं। हम नये संकल्पों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आज एकता नगर में ये जो परेड हुई है, हमें इस बात का अहसास भी दिला रही है कि जब सब एक साथ चलते हैं, एक साथ आगे बढ़ते हैं, तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज यहां देशभर से आये हुए कुछ कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम भी करनेवाले थे। भारत के विविध नृत्यों को भी प्रदर्शित करनेवाले थे, लेकिन रविवार को मोरबी की घटना इतनी दुखःद थी कि आज के इस कार्यक्रम में से उस कार्यक्रम को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि मैं उन सभी कलाकारों से उनका यहां तक आना, उन्होंने जो पिछले दिनों मेहनत की है, लेकिन आज उनको मौका नहीं मिला। मैं उनके दुख को समझ सकता हूं, लेकिन कुछ परिस्थितियां ऐसी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक मिलीमीटरवाले एंडो माइक्रोस्कोप की भेजी तस्वीरों से कैंसर टिश्यू को हटाना हो जायेगा आसान

– आरएनएम



**नयी दिल्ली।** भारतीय मूल की डॉक्टर खुशी व्यास ने लंदन के इम्पीरियल कॉलेज में वहां के अन्य वैज्ञानिकों के मिलकर एक मिलीमीटर का एंडो माइक्रोस्कोप विकसित किया है। इसे तरह बनाया गया है कि ऑपरेशन के दौरान शरीर के अंदर डाला जा सकता है। जहां जाने के बाद यह शरीर के अंदर से कैंसर टिश्यू की तस्वीरें भेजता है। उन तस्वीरों को देखकर कैंसर के टिश्यू को हटाना बहुत आसान हो जायेगा। इसकी क्षमता यह है कि एक मिलीमीटर के सौवें हिस्से जितने छोटे कैंसर सेल को भी पहचान सकता है। इसे विकसित करनेवाली टीम का कहना है कि इससे कैंसर के फॉलोअप ऑपरेशन से काफी हद तक मुक्ति मिल जायेगी। अभी तो स्थिति यह है कि ज्यादातर मामलों में कैंसर सेल निकालने के लिए कई बार ऑपरेशन करना पड़ता है, क्योंकि एक बार में सारे कैंसर सेल्स डिटेक्ट ही नहीं हो पाते। इस एंडो माइक्रोस्कोप का उपयोग स्तन कंजर्विंग सर्जरी में भी किया जा सकेगा। यह सर्जरी कैंसर के सेल निकालने के बाद ब्रेस्ट की रीस्ट्रकचरिंग के लिए की जाती है। फिलहाल स्तन कैंसर पीड़ित 20 प्रतिशत महिलाओं को इस सर्जरी की जरूरत पड़ती है। यह डिवाइस ट्यूमर्स के पास के टिश्यू की सही स्थिति बहुत जल्दी और सटीकता से डिटेक्ट कर सकता है। यह एंडो माइक्रोस्कोप एक सेकंड में 120 तस्वीरें खींचता है, जिन्हें देखकर डॉक्टर पता लगा लेते हैं कि यह सेल कैंसर ग्रसित है या नहीं। इस बारे में डॉक्टर खुशी व्यास कहती हैं, अब हम इसे क्लिनिकल ट्रायल में भेज रहे हैं। हमारी कोशिश है कि अगले पांच साल में यह स्तन कैंसर के ऑपरेशन में हर किसी के लिए उपलब्ध हो सके। इस यंत्र का विकास यूके ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## श्रद्धालुओं के लिए देव दीपावली बनी लूट दीपावली



- पांच हजार में बुक होनेवाली नाव की बुकिंग दर 3.60 लाख पहुंची
- प्रति व्यक्ति 12 हजार की दर से इस नाव में 30 लोग हो सकते हैं सवार
- देश-विदेश से 10 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना

– आरपी सिंह

**वाराणसी।** बाबा विश्वनाथ नगरी काशी में मां गंगा के किनारे अस्सी घाट से लगायत राजघाट तक लगभग आठ किलोमीटर तक अर्द्धचंद्राकार घाटों पर सात नवम्बर को देव दीपावली के अवसर पर 10 लाख दीपों की जगमगाती छटा व प्रतिबिम्ब गंगा में निरखने के लिए नावों की बुकिंग दर 70 गुना से ज्यादा हो गयी है। इस पर भी हालत यह है कि अब नाव बुकिंग के लिए मिल ही नहीं रही है। सामान्य दिनों में तीन घंटे तक के लिए पांच हजार रुपये तक में बुक होने वाली 30 लोगों की क्षमता वाली नाव इस समय प्रति व्यक्ति 12 हजार रुपये के हिसाब से 3.60 लाख रुपये में बुक हो रही है। यही हाल यहां के होटलों की है। अभी से देश-विदेश से श्रद्धालु आने लगे हैं। इस अवसर पर बाहर से लगभग दस लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। एयरपोर्ट से लगायत रेलवे स्टेशनों तक पर यात्रियों की भीड़ दिखने लगी है। देव दीपावली के अवसर पर राष्ट्रपति, कई केंद्रीय मंत्रियों व राज्य के मुख्यमंत्री व राज्यपाल के आने का कार्यक्रम होने के कारण सुरक्षा व सुविधा इंतजाम में प्रशासन को बहुत मशक्कत करनी पड़ रही है। लेकिन श्रद्धालु तो बाबा भोलेनाथ के भरोसे हर-हर महादेव का घोष करते हुए चले आ रहे हैं।

## न्यूज गैलरी

### छठ पर्व को लेकर भगवती जागरण का आयोजन

**पांडू।** प्रखंड के दर्जनों ग्राम एवम पूजा पंडालो में आस्था के महापर्व छठ के शुभ अवसर पर भगवती जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नव जागृति संघ ग्राम डाला गंगा क्लब पांडू ,सुर्या क्लब मूसीखाप नवयुवक संघ झरना कला,आदि स्थानों पर भगवती जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख रूप से ग्राम डाला कलां के नव जागृति संघ के द्वारा भगवती जागरण का आयोजन किया गया । जिसका उद्घघाटन दीप प्रज्वलित एवम फीता काट कर सामूहिक रूप से संघ के अध्यक्ष श्याम राज यादव,राजमणि राम,राधेश्याम यादव,मुकेश विश्वकर्मा,अवध विश्वकर्मा,प्रदीप यादव,राजकुमार सिंह,अभिमन्यु यादव,सतेंद्र मेहता,मनोज मेहता ने की। मंच संचालन अनुज मेहता ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत के मुखिया राम बाबू यादव उपस्थित थे। वही सभी श्रद्धालुओ को किसी भी आवश्कयता को लेकर गंभीर रहे। भगवती जागरण के मुख्य कलाकार, सरस्वती सरगम,किरण,मोना,पूजा उपास्थि थी। इन सभी स्वागत वार्ड सदस्य लक्ष्मी देवी ने की। वही मुख्य गायक कलाकार छोटन लाल यादव,राजेश रानी,एवम राजा ठाकुर ने भक्ति गीत गाकर श्रद्धालुओ रात भर सुनने को मजबूर कर दिया।

### अज्ञात वाहन ने युवक को मारी ठोकर, मौत

**नावाबजार।** रेहला रेलवे ओवर ब्रिज से गुजरते हुये मोटरसाइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने ठोकर मारी। जिसमें घटना स्थल पर हीं युवक की मौत हो गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में ले लिया। मृत युवक की पहचान रेहला थाना क्षेत्र के सबौना गांव के टीकापर टोला निवासी भरदुल राम के पुत्र सत्येन्द्र कुमार के रूप में हुई है।

### शिव घाट व राजघाट पर भक्ति जागरण का आयोजन

**नावा बाजार।** बिश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत शिव घाट तथा राजघाट पर महापर्व छठ के शुभ अवसर पर भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव बिश्रामपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत हेंबज़ बिश्रामपुर थाना प्रभारी शशी रंजन विधायक प्रतिनिधि पंकज लाल गांधी विचार मंच के प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र उपाध्याय सभी ने सामूहिक रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत कराई इस मौके पर उपस्थित ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने अपनी बातों को रखते हुए छठ पूजा के अवसर पर सभी को शुभकामना दिया उन्होंने बोला यह पर्व सभी पूर्व में महान पर्व है इस पर्व में पूरी तरह साफ सफाई और शुद्धता का विशेष ख्याल रखा जाता है सूर्य भगवान का उपासना का पर्व छठ है दिनों दिन इस पर्व का आस्था और विश्वास काफी बढ़ता चला जा रहा है छठ माता सभी पर आशीर्वाद बनाए रखें वही उपस्थित आए हुए कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक छठ पूजा का गीत पूरी रात गाया गया जिनको सुनकर सभी लोग मंत्रमुग्ध थे।

### समाजसेवी ने किया फल व पूजन सामग्री का वितरण

**हरिहरगंज।** महापर्व छठ के अवसर पर हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के बटाने नदी घाट पर युवा समाजसेवी सह नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी राजीव रंजन ने स्टॉल लगाकर छठव्रतियों के बीच फलाहार व पूजन सामग्री का वितरण किया। मौके पर समाजसेवी राजीव रंजन ने कहा कि छठ पर्व एक महान पर्व है। उन्होंने कहा कि छठ व्रतीओं की सेवा के लिए वे हमेशा आगे रहते हैं। मौके पर गोपाल प्रसाद, अजीत कुमार, पवन कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व लोग शामिल थे।

### छठ व्रतियों के बीच समाजसेवी ने बांटा फल

**हरिहरगंज।** आस्था का महापर्व छठ के अवसर पर मेन रोड़ स्थित पुरानी बस स्टैंड के समीप समाजसेवी सह नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी जानू चौधरी के द्वारा स्टॉल लगाकर संयुक्त रूप से सैकड़ों छठ व्रतियों के बीच फल व पूजन सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर जानू चौधरी ने कहा कि छठ पर्व एक महान पर्व है। इसमें सेवा करने से आत्म संतुष्टि व शांति मिलती है। फल वितरण में ओम प्रकाश अकेला, बंटी प्रसाद, भोला गुप्ता, सुनील प्रसाद, विजय प्रजापति, ललेन्द्र कुमार, धर्मवीर गुप्ता, अमित गुप्ता वैजनाथ साव कई लोग शामिल थे।

### बलरा में लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न

**हरिहरगंज।** प्रखंड के बलरा नदी घाट पर सैकड़ो की संख्या में छठव्रतियों ने सूर्यदेव को अर्घ्य देकर पूरे परिवार के स्वास्थ्य संपन्नता एवं सुख समृद्धि की कामना की। छठव्रतियों ने चार दिवसीय छठ पर्व का अनुष्ठान संपन्न हो गया। बलरा छठ पूजा कमेटी के द्वारा पूजा को लेकर विशेष तैयारी एवं रणनीति बनाई गयी। अर्घ्य को निर्विघ्न कराने में समाजसेवी व कमेटी के लोग सफल रहे। वही इससे पहले समाजसेवी संतोष सिंह, चंदन सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, निखिल सिंह, प्रभात सिंह, जेपी सिंह, सुखेंद्र सिंह, अमित सिंह अकालू सिंह, सुजीत सिंह, संजीव सिंह, सोनू सिंह, रंजन सिंह, रोहित सिंह, नंदकुमार सिंह आदि के द्वारा छठ व्रतियों के बीच फल व पूजन सामग्री का वितरण किया गया।

### अस्था का महापर्व छठ धूमधाम के साथ संपन्न

**सतबरवा।** प्रखंड व आसपास के क्षेत्रों में आस्था का महान पर्व छठ पूजा बहुत ही धूमधाम से छठ व्रतियों ने भगवान भास्कर को प्रथम अर्घ्य रविवार को व दूसरा अर्घ्य सोमवार की सुबह उगते हुए सूर्य देव को दिया व पूजा पाठ कर भगवान भास्कर से मन्नते मांगी । वही सतबरवा लक्ष्मण घाट में नवयुवक संघ व रामघाट में आर जे जे एस के संघ ने पूरे छठ घाट की साफ सफाई, रंग बिरंगी लाइट सजावट के साथ फल एवं पूजा सामग्री का वितरण किया गया। इस पूरे कार्यक्रम का नेतृत्व नवयुवक संघ के अध्यक्ष संजय प्रसाद उर्फ गुड्डू एवं आरजेजेएस के अध्यक्ष अतुल कुमार कर रहे थे । वही दोनों जगह पर महाआरती हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी की गई । जिसमें भीड़ उमड़ पड़ी। साथ में उपस्थित नवयुवक संघ के संरक्षक पूर्व सरपंच नंदकिशोर प्रसाद ,संतोष दीवाना, कुंदन जायसवाल, चंदन प्रसाद, पप्पू कुमार राम ने पूरे कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। थाना प्रभारी ऋषिकेश राय ने कहा कि प्रशासन पूरी विधि व्यवस्था मे लगी हुई है। यह बहुत ही महान पर्व है । इस पर्व में लोगों का काफी श्रद्धा भक्ति रहता है। यही एक पर्व है जिसमें साक्षात भगवान भास्कर की पूजा की जाती है।

### उदयीमान सूर्य को अर्ध्यदान के साथ चार दिवसीय छठ पूजा संपन्न

**हरिहरगंज।** लोक आस्था का महापर्व छठ व्रत पूरे उल्लास के साथ हरिहरगंज व पीपरा प्रखंड में मनाया गया। निराहार छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी व उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। चार दिवसीय छठ पर्व संपन्न हो गया। बता दें कि छठ अनुष्ठान की तैयारी लगभग एक माह से चल रहा था और विभिन्न पूजा कमेटियों व समाजसेवियों व श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान के शांतिपूर्ण सफलता के लिए सभी आवश्यक तैयारी में लगे हुए थे। जो आज सफलता पूर्वक संपन्न हो गया।

---

कांच ही बांस के बहंगिया... बहंगी लचकत जाये...

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व शांतिपूर्ण संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लोक आस्था का महापर्व चारदिनी छठ पूजा उदीयमान अनुष्ठान के साथ हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। सोमवार को व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सुख समृद्धि जन कल्याण की कामना के साथ समापन किया। सुबह के अर्घ्य देने के लिए सभी छठ घाट पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गयी।आस्था के इस महापर्व को लेकर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में काफी चहलपहल देखीं गई। चारों तरफ छठी मईया की गीत से पूरा माहौल भक्तिमय बना था,रविवार की शाम से ही अस्ताचलगामी सूर्य की उपासना की गई थी सोमवार को उदीयमान सूर्य की उपासना की गई।दोपहर तीन बजे से घाट पर व्रतियों को आने का सिलसिला शुरू हुआ.4:30 बजे शाम तक सभी छठ घाट पर काफी भीड़ हो गई।इस अवसर पर शहर के जेपी चौक स्थित मानसरोवर छठघाट पर नगर पंचायत द्वारा प्रकाश व साउंड की व्यवस्था की गई थी।वहीं कई सामाजिक संस्था द्वारा स्टॉल लागकर पूजन सामग्री का प्रबंध किया गया था। वहीं पंच मंदिर सरोवर पार्क में छठपूजा समिति द्वारा पूरे पार्क को काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वहीं नहर मोड़ स्थित जमुहरी माई छठघाट पर मेला का आयोजन किया गया। जबकि ग्रामीण क्षेत्र में देवरी खुर्द, देवरी पंम्पू सोन घाट, शिवमंदिर सोन घाट,दंगवार सूर्य मंदिर घाट, बराही घाट, बुधुआ बड़ेपुर समेत कई घाट को दुल्हन की तरह सजाया गया था।



**सभी घाट पर पुलिस थी मुस्तैद :** छठ घाट पर लोगों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद थे। वहीं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान, पुलिस निरीक्षक, दीपक कुमार, महिला थाना प्रभारी सुरबाला भृंगराज, एसआई जिम्मी हांसदा, देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम, दंगवार ओपी प्रभारी चंदन शर्मा आदि अपने अपने क्षेत्रों में काफी सक्रिये देखे गए। वहीं मौके पर स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विद्यायक संजय कुमार सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह,भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह,बसपा नेता शेर अली, नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दिकी, उषा देवी , कांग्रेस के धनंजय तिवारी, एनसीपी के वरिष्ठ नेता चंदन सिंह, गुड्डु सिंह, विनय यादव, लखनदेव सिंह, निरंजन प्रसाद, अनुराग कुमार, मुन्ना कुमार देव, अजय गुप्ता, अर्जुन गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

## मीडिया कर्मी ने रंगदारी मांगने का लगाया आरोप आवेदन देकर लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** मिडिया कर्मी पप्पू कुमार ने सोमवार को सतबरवा थाना में आवेदन देकर मेघराज प्रसाद पिता स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद पर रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। उन्होंने एसआई बीडीएल टोपो को इस संबंध में आवेदन दिया है। आवेदन में उसने 30 अक्टूबर की दोपहर करीब 12:00 बजे मेघराज प्रसाद द्वारा रंगदारी मांगने गाली गलौज और मारपीट का आरोप लगाया है। उसने यहां के दुकानदारों से भी रंगदारी वसूलने का आरोप लगाया हैं । रंगदारी नहीं देने पर दुकानदारों के साथ मारपीट भी करते हैं। उसने मेरे साथ भी मारपीट की है। थाना प्रभारी से कार्रवाई का आग्रह करते हुए मेघराज प्रसाद से जान माल का नुकसान होंने का डर बताया है। साथ ही साक्ष्य के रूप में एक वीडियो भी पुलिस को सौंपा है। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता अतुल कुमार ने वीडियो को शेयर करते हुए पलामू पुलिस व मुख्यमंत्री को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। वहीं आरोपी मेघराज प्रसाद से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मैं काली मंदिर परिसर की साफ सफाई के लिए पैसा मांग रहा था । इसी संबंध तू तू मैं मैं हुआ है।

### कलयुग में सिर्फ राम नाम ही आधार: महेंद्र

**मेदिनीनगर।** कलयुग में सिर्फ राम का नाम लेकर मनुष्य भवसागर पार कर सकता है । उक्त बातें मुरमा पंचायत के पूर्व मुखिया महेंद्र प्रसाद ने कही। वे सोमवार को कोकरसा में आयोजित रामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ के 37 वें अधिवेशन के उद्घाटन समारोह के अवसर पर बोल रहे थे। कहा कि मानव जीवन चौरासी लाख योनियों में श्रेष्ठ है।मानव जीवन पाकर असहाय को मदद करना चाहिए। कहा कि ईश्वर की कृपा के बिना कुछ संभव नहीं है। इस मौके पर मनोरमा देवी,पंसस लालो देवी यज्ञ समिति के अध्यक्ष संजय कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष योगेन्द्र नाथ तिवारी, सचिव शशिकांत पांडेय, कोषाध्यक्ष जयवंश पांडेय, यज्ञ संचालक राजेंद्र पांडेय, भाजपा महामंत्री निरंजन प्रसाद, उपाध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय, राजीव तिवारी मनिष पाण्डेय,गणेश पाण्डेय , बलवंत पाण्डेय ,रीतिक कुमार पांडेय, चितरंजन पांडेय,सोनू पांडेय,सहित दर्जनों उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौत, दो गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर मोहम्मदगंज मुख्य पथ पर जीनताड़ के समीप एक बाइक व ट्रैक्टर में जबरदस्त टक्कर हो गयी। जिसमे एक बाइक सवार हुसैनाबाद थाना के कठौन्धा गांव निवासी रुमान शाह 22 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि दो अन्य बाइक सवारों में मंझौली, इम्मामगंज गया बिहार के पंकज राज पाल और शाहिल अंसारी कठौन्धा हुसैनाबाद गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हें पुलिस ने तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल इलाज के लिए भेजा है। इसमें एक की हालत चिंताजनक बताई जाती है। सूचना मिलते ही प्रभारी थाना प्रभारी संजीव कुमार व एएसआई महेश राम दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि इस घटना में शामिल ट्रैक्टर नंबर जेएच 03 जे 9881 ललन सिंह ईंट भट्ठा वाले का है। ट्रैक्टर व मृतक का बाइक दोनों वाहन को पुलिस ने जब्त कर थाना ले गयी है। दोनों वाहन की टक्कर इतना जबरदस्त था कि ट्रैक्टर इंजन का बड़ा टायर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। पुलिस ने घटना के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## इटको छठ घाट पर हुआ भक्ति जागरण का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** थाना परिसर स्थित इटको खुटी सोत नदी छठ घाट पर लोक आस्था का पर्व छठ पूजा के अवसर पर पूजा समिति के द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन थाना प्रभारी दीपक कुमार दास, भाजपा मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव, समाजसेवी सफिर आलम, पूर्व मुखिया अजय कुमार उर्फ दीपक गुप्ता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सोनी , ललन सोनी, पप्पू यादव, सत्यनरायण सोनी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। मौके पर थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने कहा कि छठ पर्व लोक आस्था का एक महान पर्व है। छठ व्रती पूरी आस्था और निष्ठा के साथ पूरी रात भक्ति भाव में छठ घाट पर पूजन करते हैं। ऐसे में उनकी मनोरंजन में भक्ति जागरण का आयोजन हो तो उनकी श्रद्धा भक्ति और भी बढ़ जाती है। भाजपा मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव ने कहा कि गीत संगीत केवल मनोरंजन का हीं साधन हीं भक्ति भाव से भी जोड़ने का काम करता है। इधर गायक विजय बवाली व गायिका शालिनी सिंह के द्वारा गणेश वंदना के साथ एक से एक बढ़कर छठी माई के गीत उगा हो सुरुज देव होईल अरग के बेर , गीत गाकर श्रोताओं को झूमने पर रात भर मजबूर कर दिया। भक्ति जागरण के कारण छठ घाट पर भक्ति वातावरण के साथ छठ व्रत अर्घ्य के साथ संपन्न हुआ। मौके पर स्वर्णकार समिति इटको द्वारा व्रतधारियों के बीच फल वितरण किया गया। मौके पर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष,उपेंद्र सोनी, अर्जुन गुप्ता नंदलाल ठाकुर, आशीष रजक , शत्रुघ्न विश्वकर्मा, शम्भु साव, राजकुमार गुप्ता ,कमलेश राम ,बबलू गुप्ता, सत्येंद्र यादव, संजय पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## लोक आस्था का महापर्व छठ का हुआ समापन,श्रद्धालुओ में दिखा उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर ।** शिव छठ घाट,राज घाट व रेहला के कोयल नदी घाट के तीरे लोक आस्था का महापर्व इस बार लोगो के लिए विशेष आकर्षक का केंद्र बना रहा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने डूबते व उगते भगवान भास्कर को अर्ध्य देकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। शिव छठ घाट पर पुरोहित पिंटू पाण्डेय,राजघाट पर पंडित राजन पाण्डेय व रेहला कोयल घाट में विप्र गार्जियन ने वैदिक मंत्रों उच्चरण के बीच छठ व्रत धारियाओं को अर्ध्य दिलवाया। वही रात्रि में सभी घाटों पर कमिटी द्वारा भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया था। जिसमें एक से बढ़कर एक भक्ति गीत गाकर गायक ने मौजूद सभी श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वही सुरक्षा के लिहाज विश्रामपुर की प्रशासनिक टीम ने पूरी रात नगर परिषद अन्तर्गत सभी छठ घाटों का निरीक्षण किया। टीम में मुख्य रूप से बीडीओ सह सीओ प्रशांत हेंब्रम,विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन,रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक सहित कई अधिकारी व पदाधिकारी मौजूद थे। बता दें की सर्व प्रथम सभी छठ घाट पर गंगा आरती की गई। उसके उपरांत व्रतीयों को विप्र पुजारियों ने वैदिक मंत्रों उच्चरण के बीच मगवान भास्कर व छठी मईया की पूजा अर्चना करवाई। वही श्रद्धालुओ की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिहाज से विश्रामपुर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर लिली स्टेलापूर्ति के नेतृत्व मे इसरार हवरी, राजेंद्र सोनी सहित एएनएम की टीम पूरी रात छठ घाटों पर बने रहे। तदपश्चात शिव छठ घाट पर बने मंच पर मौजूद मुख्य अतिथि व गणमान्य लोगों के द्वारा फीता काट कर भक्ति जागरण की आगाज की गई। मौके पर मुख्य अतिथि डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पाण्डेय,बीडीओ प्रशांत हेंब्रम,थाना प्रभारी शशि रंजन,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ब्रहमदेव प्रसाद,विधायक जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,प्रखंड विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल,रवींद्र नाथ उपाध्याय,रवींद पाण्डेय,भावी नगर परिषद अध्यक्ष प्रत्याशी मुंशी प्रसाद गुप्ता, संत पॉल कान्वेंट स्कूल के निदेशक साइमन एसले,शहर के मशहूर व्यवसाय प्रेम शंकर दुबे,नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम,निवर्तमान उपाध्यक्ष अजय बक्सराय,ललन सोनी,गोपाल सोनी,संजू ठाकुर,मुन्ना मेडिकल विनोद विश्वकर्मा,विजय कुमार रवि,पेंटर विजय,संजय हार्डवेयर, डॉ चानदशी सहित कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।



## आजसू ने मनाई लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज ।** प्रखंड क्षेत्र के कटैया पंचायत अंतर्गत वनस्पति गांव स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को आजसू पार्टी की हरिहरगंज इकाई ने लोह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती मनायी। मौके पर जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा व प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने लौह पुरुष पटेल के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया। मौके पर जितेंद्र विश्वकर्मा व अजीत कुमार सिंह ने पटेल के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत को एक सूत्र में बांधा था। इस दौरान सभी लोगों ने लौह पुरुष बल्लभ भाई पटेल के बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर प्रखंड सचिव इरशाद आलम, राहुल रंजन, अशोक सिंह, उदय कुमार, नंदलाल सिंह, अर्जुन पासवान, अभिषेक कुमार, आलोक कुमार, सरजू पासवान, आदि शामिल थे।

## विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी की घटना को दिया अंजाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** थाना क्षेत्र के सुल्तानगंज उत्क्रमित मध्य विद्यालय का ताला तोड़कर विद्यालय के कमरे में रखें मध्याह्न भोजन बनाने वाली बर्तनों की चोरी कर ली गई। इस संबंध में विद्यालय के वरीय सहायक अध्यापक नाजिर हुसैन के द्वारा नावा बाजार थाना में सनहा दर्ज कराई है। विद्यालय से चोरी गए सामानों में मध्यान भोजन बनाने में प्रयुक्त होने वाली दो डेग, दो गमला व एक कड़ाही शामिल है। सहायक प्रधानाध्यापक नाजिर हुसैन ने बताया कि स्कूल के बगल से गुजरने वाले स्थानीय लोगों ने कमरे को खुला देख इसकी सूचना दी। विद्यालय पहुंचने पर देखा कि विद्यालय का ताला तोड़ा हुआ है। साथ में विद्यालय के कमरे में रखें मध्यान भोजन बनाने वाले बर्तनों भी गायब हैं।

## विधायक ने छठ घाट पर फल का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के बसडीहा छठ घाट का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने हुसैनाबाद के जेपी चौक पर छठ व्रतियों के बीच फल का वितरण किया। वहीं हैदरनगर के सदाबह नदी मुख्य छठ घाट पर विधायक मद के सात लाख रुपए की लागत से बनने वाले नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। हैदरनगर छठ घाट पर आयोजित कार्यक्रम में विजेता क्लब की मांग पर घाट पर डीप बोरिंग, पुल का निर्माण ,दो हाई मास्ट लाइट व स्नानागार की व्यवस्था करने की घोषणा की। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी विधायक ने कहा कि क्षेत्र के सभी नागरिक उनके परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसका वह हमेशा ख्याल रखते हैं। वह हैदरनगर छठ घाट के बाद कुकही स्थित सूर्य मंदिर छठ घाट पर पहुंच कर उपस्थित लोगों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि समयभाव की वजह वह जिन घाटों पर नहीं पहुंच सके इसके लिए उन्हें अफसोस है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, डा प्रदीप कुमार सिंह, विनय पासवान, शंकर ठाकुर, मानना खान ,विमलेश सिंह, सजू खान, योगेंद्र कुमार सिंह, गुडु सिंह,बबिता सिंह, राजकुमार ठाकुर, जी जयप्रकाश उपाध्याय, चंदन सिंह, जितेंद्र सिंह, संजय सिंह,रंजित मालाकार,अनूप सिंह, कालिया जी, जिलानी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

आज तुकबेरा पंचायत सचिवालय में सरकार के 16 विभागों का लगेगा शिविर

## ऑन स्पॉट ग्रामीण लाभ उठायें : मुखिया

16 योजनाओं को शिविर में स्टाल लगाकर ग्रामीणों को दिया जायेगा लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार ।** झारखंड सरकार के निर्देशानुसार एक नवंबर दिन मंगलवार को आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के दुसरे चरण के पहले दिन तुकबेरा पंचायत सचिवालय में मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा की अध्यक्षता में शिविर लगाया जायेगा । शिविर में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद अमीर हमजा एवं अंचलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव के साथ विभिन्न 16 सभी विभागों के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे । जहां शिविर के दौरान स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को विभिन्न 16 विभागों को ऑन स्पोर्ट्स लाभ दिया जायेगा । जिसमें सरकार के महत्वकांक्षी योजना में पीडीएस झारखंड खाघ सुरक्षा अधिनियम, समाजिक सुरक्षा, पेयजल, आजिविका, सेवा का ग्रारंटी अधिनियम, वन अधिकार, स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि, ई श्रम पोर्टल, छात्रवृति, भूमि सुधार, आवास, उर्जा, शहरी स्थानीय निकाय विभाग शामिल हैं । मुखिया संघ अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा ने बताया कि शिविर में आम नागरिकों को सहुलियत के लिए राज्य सरकार ने सभी कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त भी किया जाएगा एवं प्राप्त आवेदन पत्रों को ऑन स्पॉट निष्पादन भी शिविर में ही किया जायेगा। विनोद विश्वकर्मा ने बताया कि शिविर के दौरान विभिन्न समस्याओं को समाधान करते हुए , परिसंपत्ति का भी वितरण किया जायेगा । जिसमें गरीब असहाय विकलांग विधवा के बीच कंबल एवं धोती साड़ी लूंगी का वितरण किया जायेगा। शिविर में अधिक से अधिक की पंचायतवासी एवं ग्रामीण पहुंचे और शिविर का भरपूर लाभ उठाएं ।

### सरदार पटेल का देश में अभूतपूर्व योगदानः संजय

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पटेल विकास मंच की हुसैनाबाद इकाई के तत्वधान में सरदार बलभभाई पटेल की 147 वीं जयंती मनाई गई। पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान,नगर अध्यक्ष शशि कुमार व उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दिकी, मानस व पटेल विचार मंच के अध्यक्ष परमानंद चौधरी सहित अन्य लोगों ने मालार्पण किया। मौके पर झारखण्ड प्रदेश के राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि आज जो भारत देख रहे है,उसे निर्माण करने में सरदार बल्लभ भाई पटेल जी का अभूतपूर्व योगदान है। उन्होंने कहा कि पटेल जी की जीवनी से हम सभी को सिख लेने की जरूरत है। मौके नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल जी का विचार देश व समाज के लिए प्रासंगिक है। मौके पर मो. जाकिर अली, पूर्व नगर अध्यक्ष उषा देवी,वार्ड पार्षद उमरावती देवी, सूर्यनाथ पासवान, अजहर अंसारी, जनक पासवान, मिथुन उर्फ असगर खान, अर्जुन सिन्हा, रणजीत पासवान, अजित चौधरी, उदय सोनी, प्रेमचंद चौधरी, शशि पटेल, धीरेंद्र पटेल, शशि पटेल, ऋषि पटेल, परवीन पटेल, प्रदीप पटेल सहित कई लोग मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### श्रीराम सेना ने पूजन सामग्री व फल का किया वितरण

**मेदिनीनगर।** श्रीराम सेना के तत्वाधान में रविवार को पूजन सामग्री फल एवं अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। श्री राम सैनिक छठ व्रत धारी माताओं, बहनों,व भक्तों की सुरक्षा चाक–चौबंद करते हुए पूरे छठ घाट का भ्रमण किया और सभी सनातनी धर्मावलंबियों के लिए भगवान सूर्य की उपासना की। ताकि सनातनी बंधुओं के घर में खुशहाली यश ,वैभव, ऐश्वर्य ,धन धान्य की प्राप्ति हो। मौके पर श्री राम सेना के राज्य प्रमुख पंकज कुमार जयसवाल, उप राज्य प्रमुख जितेंद्र प्रसाद, उप राज्य प्रमुख राजेंद्र पासवान ,दिनेश पासवान, प्रदेश सचिव मंटू कुमार ,विनय जयसवाल, सोनू जायसवाल, मेदिनीनगर प्रमुख अंकित कुमार लाल, राजू कुमार ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमित महाजन ,कुंदन गुप्ता, आकाश कुमार हिमांशु सोनी ,बिट्टू कुमार, विशाल कुमार, सुनील कुमार शशिकांत पांडे सहित कई लोग मौजूद रहे।

### न्यू सुरभी क्लब ने किया फल का वितरण



**मेदिनीनगर।** छठ महापर्व को लेकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी न्यू सुरभी क्लब हमीदगंज के द्वारा स्थानीय सूर्य मंदिर के पास कोयल नदी के तट पर रविवार की संध्या अर्घ्य के समय छठ व्रतियों के बीच फल व पूजा सामग्री का वितरण किया। इसके साथ ही  पीतल के लोटे का भी वितरण किया गया। वही संध्या और सुबह के अर्घ्य  देने के लिए दूध की व्यवस्था भी किया गया। घाट पर आने वाले लोगों के लिए सुबह में चाय और बिस्किट की व्यवस्था न्यू सुरभी क्लब के द्वारा किया गया । जिसमें मुख्य रुप से संस्था के अध्यक्ष युवा समाजसेवी मुकेश कुमार चंद्रवंशी, संजय कुमार ,राजन कुमार ,काजू ,दीपक ,राहुल ,बुटन, सुजीत, दिनेश, जीतू ,मुनमुन ,प्रशांत ,रजत, शुभम, गोलू ,अमन सहित संस्था के सारे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एआईएसएफ के जिला सचिव ने जन्मदिन पर बच्चों में बिस्कुट व टॉफी बांटी

**मेदिनीनगर।** एआईएसएफ के जिला सचिव सह वार्ड नंबर 6 के पूर्व प्रत्याशी मृत्युंजय तिवारी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर बच्चों के बीच टॉफी बिस्कुट का वितरण कर बच्चों के बीच अपना जन्मदिन मनाया। मौके पर भाकपा के  जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ,अखिल भारतीय नौजवान संघ के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, धनंजय तिवारी ने इस कार्य के लिए उनकी सराहना की। राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर तिवारी ने कहा कि एआईएसएफ जिला सचिव के द्वारा अपने जन्म दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच जन्म दिवस मनाना एक बहुत ही अच्छी बात है।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ आस्था का महापर्व छठ

## घाटों पर उमड़ी व्रतियों की भीड़,निगम चुनाव का भी दिखा असर

नवीन मेल संवाददाता





**मेदिनीननगर।** पलामू जिला में धूमधाम से लोकआस्था का महापर्व छठ पर्व मनाया गया। सोमवार को छठ पर्व का  उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही इस पर्व का समापन हो गया है। यही कारण है कि जिले के हर कोने से छठ के अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने की तस्वीरें सामने आई है। कई शहरों में श्रद्धालु सुबह से ही घाटों पर इक्कठा हो गए थे। ये नजारा काफी खूबसूरत लग रहा था। बेहद पवित्र और लोकआस्था के महापर्व छठ के चौथे दिन छठव्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। सुबह से ही घाटों पर आस्था का ऐसा जनसैलाब नजर आया कि पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सभी जगह व्रतियों ने पानी में खड़े होकर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और अपनी मनोकामना पूर्ण करने की मनोरथ भी मांगी। छठ पूजा के लिए कोयल नदी,अमानत नदी सूर्य मंदिर हमीदगंज,पम्पू कल, महुगावां, बंधुवा मंदिर सहित सभी घाटों पर काफी संख्या में व्रती और श्रद्धालुओं ने सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। इस दौरान प्रशासन और स्थानीय पूजा समितियों द्वारा श्रद्धालुओ की सुविधा के लिए व्यापक बंदोबस्त किए गए थे। रौशनी से नहाए घाटों पर श्रद्धालुओं पूजा का सामान लिए हुए पानी में खड़े होकर भगवान सूर्य देव को अर्घ्य अर्पण करते नजर आए। व्रतियों ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की लंबी आयु की कामना भी की। सूर्य देव को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ पूजा संपन्न हो गई।

**हल्की गुलाबी ठंड में दी गई अर्घ्य :** सुबह हल्की गुलाबी ठंड होने के बावजूद घाटों पर छठ व्रतियों की भारी भीड़ नजर आई। सभी व्रतियों ने पूरी श्रद्धा और भक्ति-भाव के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और छठी मैया से मनोकमाना पूर्ण करने की मन्नत मांगी। कोयल नदी और अमानत नदी में श्रद्धालुओं ने घाट बनाकर उगते हुए सूर्यदेव को अर्घ्य दिया।

**सड़को में भी आस्था का सैलाब दिखा :** नदी घाट जाने को लेकर शाम करीब चार बजे से ही घरों से निकलकर नदी पहुंचना शुरू हो गए थे। सबने अस्ताचलगामी सूर्य देव को नमस्कार करते हुए पूजा की और प्रसाद भेंट किया। शहर के बीच पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ रंग बिरंगे परिधानों में लोक पर्व छठ के प्रसिद्ध गीतों को गाते हुए श्रद्धालु भगवान सूर्य की उपासना करने अपने अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचे। ढलते सूर्य को सबने अर्घ्य देकर अपने परिवार की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। वहीं बच्चों, बुजुर्गों व युवाओं में भी धार्मिक उत्साह नजर आया। लोक गीतों से घाट गूंज रहे थे, और वातावरण भक्तिमय नजर आ रहा था। कवहीं, श्रद्धालुओं ने बताया  सूर्योदय काल में सूर्यदेव के अर्घ्य पूजनोत्सव के साथ यह छठ व्रत पूर्ण होगा। कोयल नदी और अमानत नदी में लोगो की संख्या ज्यादा रही। इन इलाके में शाम को मेला लगने जैसा माहौल बना हुआ था। इसी को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध कर रखे थे।

**निगम और प्रशासन भी रहा मुस्तैद :** छठ घाटों में किसी भी प्रकार के अनहोनी को लेकर जिला प्रशासन और निगम दिन रात मुस्तैद दिखा। जहां पलामू पुलिस कप्तान विधि व्यवस्था को लेकर सक्रिय रहे। वही निगम के मेयर व उपमेयर भी छठ व्रतियों के सेवा करने के कारण सक्रिय दिखे। वही श्रद्धालुओ के लिए अनेकों सामाजिक संगठनों ने सेवा भाव से पंडाल लगाकर पूजा सामग्री का वितरण किया और रात्रि जागरण के लिए भी गीत संगीत का इंतजाम किया गया।

**निगम चुनाव का दिखा असर :** इस बार के छठ पूजा में शहर के चारो ओर चुनाव प्रत्याशी के बड़े बड़े बैनर लगाए गए। ज्ञात हो कि जल्द ही नगर निकाय चुनाव की घोषणा होने वाली है। जिसे लेकर सभी प्रत्याशी अपने अपने स्तर से लगे रहे। मेयर, डिप्टी मेयर सहित कई वार्ड के आयुक्त छठ व्रतियों के सेवा में लगे रहे। स्थानीय लोगों मे भी चुनाव के आहट को समझते हुए सबका स्वागत भी किया।

## आज से गणित व भौतिकी विषय के अभ्यर्थियों का प्रमाण पत्र की जांच शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा आज से गणित व भौतिक विषय के अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र की जांच शुरू होगाी। 01 और 02 नवंबर को गणित व भौतिक की प्रमाण पत्रों की जांच होगी । जबकि 03 और 04 को रसायन और जीव विज्ञान विषय के अभ्यर्थियों का प्रमाण पत्र की जांच किया जायेगा। सभी अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच दोनों पालियों में  किया जायेगा। आयोग के द्वारा सभी अभ्यर्थियों को समय पर सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ समय पर आने को कहा गया है। पलामू सहित सभी जिलों के तीन सौ से अधिक अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्रों की जांच के लिए बुलाया गया है। अनुपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को आयोग के द्वारा एक सप्ताह के बाद अंतिम अवसर दिया गया है। गौरतलब है कि आयोग के द्वारा दोनों पालियों में एक सीमित संख्या में अभ्यर्थियों को बुलाय गया है।

## टीम चैलेंजर ने छठ महापर्व में प्रसाद का किया वितरण

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संध्या अर्घ्य के समय टीम चैलेंजर परिवार ने रविवार को स्थानीय रेड़मा चौक स्थित काली मंदिर के समीप करीब 2000 छठव्रतियों को प्रसाद वितरण कर आशीर्वाद लिया। गौरतलब है कि टीम चैलेंजर एक सामाजिक संगठन हैं। जो 2020 से ऑनलाइन और ऑफलाइन किसी भी समस्या को चैलेंज के रूप में लेकर समाधान करवाती हैं । चैलेंजर परिवार ने सोमवार को सुबह अर्घ्य के समय भी दूध व ,दातुन का वितरण किया और आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद ग्रहण किया । टीम के संस्थापक कौटिल्य द्विवेदी ने सभी सक्रिय सदस्य व पदाधिकारी को आभार व्यक्त किया है। मौके पर मार्गदर्शक प्रवीण सिंह, उपाध्यक्ष अनुराग तिवारी, अभिषेक दुबे, आशीष मिश्रा, पुनीत द्विवेदी, सलाहकार पुष्कर पांडेय, छोटू तिवारी, जयशंकर, नवीन तिवारी, विकाश पाठक, अभिनव कुमार, आशीष तिवारी, निधीश पांडेय, कमल त्रिपाठी, मधुकर शुक्ला, अक्की पंडित, राजन पंडित, अक्षय सिंह, राहुल कुमार ,छोटू ,राजेश चौबे मौजूद रहे।



PR No. 281079 (IPRD) 2022-23
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## न्यूज गैलरी

### बघटवा के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर एक महिला घायल

**गढ़वा।** रंका चिनिया रोड में बघटवा के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर एक महिला घायल हो गई उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। महिला थाना रंका क्षेत्र के सिरोही खुर्द गांव निवासी बैजनाथ राम की पत्नी शांति देवी बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया कि शांति देवी अपने पुत्र के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर चिनिया से घर आ रही थी। इसी बीच घर पहुंचने से पहले मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए जिसके बाद आसपास के लोगों ने उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया है।

### मुमताज राही ने 1000 छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया




**श्री बंशीधर नगर।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर पुरैनी स्थित मिलेनियम एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाइटी के चेयरमैन मो मुमताज राही ने लगभग 1000 छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया.उन्होंने छठ व्रतियों के बीच ईख, नारियल, सेव,केला, अमरूद, कोहड़ा,बादाम, हल्दी, अदरक, मूली, सहित अन्य पूजा सामग्री का वितरण किया. मिलेनियम एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाइटी के चेयरमैन मो मुमताज राही ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर छठ व्रतियों के बीच लगातार कई वर्षों से पूजा सामग्री का वितरण हमारे संस्था के द्वारा किया जाता है. उन्होंने सभी लोगों को लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि परिवारिक सुख समृद्धि तथा मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए छठ पर्व मनाया जाता है. प्रकृति से प्रेम सूर्य और जल की महता का प्रतीक छठ महापर्व है. हमें प्रकृति से जोड़ते हुए पूरे समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है. उन्होंने सभी लोगों से छठ महापर्व को मिलजुलकर प्रेम, सद्भाव और शांति के साथ मनाने की अपील की.मौके पर चेयर पर्सन नूरजहां बेगम, मोहम्मद मुमताज राही सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### शहीद आनंद कुमार को थाना प्रभारी सहित परिजनों ने दी श्रद्धांजलि



**भवनाथपुर।** थाना अंतर्गत माह अक्टूबर में मनाए जा रहे पुलिस संस्मरण दिवस के तहत शहीद आ0 429 आनंद कुमार पिता धरमजीत पासवान ग्राम बनसानी थाना भवनाथपुर जिला गढ़वा को पुलिस निरीक्षक भवनाथपुर अंचल, खरौंधी थाना प्रभारी, शहीद के परिजनों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति में श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। बता दें कि आनंद कुमार की नियुक्ति वर्ष 2004 में लातेहार जिला बल में हुई थी। दिनांक 17.01.2009 को डालटेनगंज रांची मुख्य मार्ग पर मनिका थाना क्षेत्र के दोमुहानी नदी पुल के पास रोड के बीचो - बीच उग्रवादियों द्वारा बारूदी सुरंग विस्फोट किया गया था । जिसमें पुलिस द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई थी। विस्फोट में झारखंड पुलिस के आरक्षी 429 आनंद कुमार एवम् अन्य जवान वीरगति को प्राप्त हो गए थे।

### छठ महापर्व पर सामाजिक संगठन के लोगों ने किया फलाहार वितरण

**डंडई।** चार दिवसीय सूर्य उपासना का महापर्व छठ हर्षोल्लास के साथ सोमवार को प्रखंड क्षेत्रों में संपन्न हो गया ।उक्त अवसर पर प्रखंड के कई जलाशयों पर छठ व्रतियों की ओर से भगवान भास्कर व अस्ताचलगामी माता का अर्ध्य देने का काम किया गया । वही उनके लिए कई सामाजिक संगठन के लोगों के द्वारा तरह-तरह की व्यवस्थाएं दी गई । प्रखंड मुख्यालय के डंडई गांव स्थित दानरो नदी पीपल छठ घाट व बगीचा छठ घाट पर 5000 से भी अधिक छठ व्रतियों ने एक साथ उदयीमान भगवान भास्कर व अस्ताचलगामी माता का अर्ध्य देने का काम किया गया । इस दौरान पीपल छठ घाट पर पुरोहित रविन्द्र नाथ पांडे जबकि बगीचा छठ घाट पर उमेश पांडे ने छठव्रतियों को बारी-बारी से दूध का अर्थ दिलाने का काम किया । बगीचा छठ घाट पर सामाजिक संगठन जय हिंद क्लब की ओर से छठ व्रतियों के लिए भंडारा के साथ-साथ चाय की भी व्यवस्था कराई गई । उसके अलावा उनके द्वारा छठ व्रतियों के लिए कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम किया गया। इसी तरह उत्तर हरिजन टोला पर सामाजिक संगठन इंडियन क्लब और आदिवासी पश्चिम टोला पर आजाद हिंद क्लब के साथ-साथ झुमेलवा टोला पर युवा जागृति क्लब के देखरेख में छठ व्रतियों के द्वारा अस्ताचलगामी और भगवान भास्कर को अर्ध्य देने का काम किया गया । इससे पहले सामाजिक संगठन की अगुवाई में छठ व्रतियों के बीच फलाहार का वितरण किया गया ।

### छठ के रंग में रंगा मंत्री का आवास, 16 सूप से दिया गया अर्घ्य

**गढ़वा।** झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर भव्य छठ महापर्व का आयोजन किया गया। मंत्री का आवास परिसर पुरी तरह भक्ति के रंग में रंगा रहा। मंत्री श्री ठाकुर की भाभी अमिता ठाकुर ने 16 सूप से भगवान भास्कर को अर्घ्य दीं। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने छठ माता से गढ़वा के विकास, सुख, शांति, खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। आवासीय परिसर में कृत्रिम तालाब एवं छठ घाट का निर्माण कर भव्य तरीके से सजावट की गई थी। मंत्री श्री ठाकुर के सभी परिवार व रिश्तेदारों ने गढ़वा में छठ महापर्व में भाग लिया। चुनाव जितने के बाद से ही मंत्री के सभी परिजन एवं रिश्तेदार छठ के मौके पर गढ़वा में ही आकर छठ व्रत करते हैं। छठ महापर्व के मौके पर जिले के सभी पदाधिकारियों, प्रबुद्ध जनों, पार्टी के कार्यकर्ताओ आदि सभी को आमंत्रित किया जाता है। काफी संख्या में लोग मंत्री आवास पर पहुंचते हैं। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर के भाई अमरनाथ ठाकुर, रंजीत ठाकुर, विनय ठाकुर, पत्नी चंचल ठाकुर, रोजी ठाकुर सहित उनके बहन, बहनोई सहित सभी परिजन मौजूद थे।

# छठ महापर्व पर आस्था व श्रद्धा का उमड़ा जनसैलाब

## नारायण वन में पांच राज्यों के हजारों व्रतियों ने दी उदीयमान सूर्य को अर्घ्य

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा उगते सूर्य को अर्घ्य के देने के साथ ही सम्पन्न हो गया। केतार प्रखंड के कई घाटों पर छठ व्रतियों ने उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। चार दिवसीय छठ महापर्व के चौथे एवं अंतिम दिन छठ व्रतियों ने पुरे आस्था के साथ सोमवार की सुबह उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। इससे पुर्व छठ व्रती नारायण वन, केतार,बत्तो कला,अमराहीदह छठ घाट, बुढ़ी खांड सहित विभिन्न गांवों के सोन एवं पंडा नदी तट पर छठ व्रती रविवार की शाम गांजे बाजे के साथ माथे पर दउरा लेकर,दंडवत प्रणाम करते हुये छठ गीत गाते हुए सपरिवार छठ घाट पहुंच कर स्नान के पश्चात अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर पुरी रात छठ घाट पर रहकर छठी मैया की आराधना और 36 घंटे का निर्जला व्रत पुरा किया। नारायण वन छठ घाट पर छठ महापर्व करने झारखंड के अलावा बिहार ,उत्तरप्रदेश छतिसगढ़ और मध्य प्रदेश से हजारों छठ व्रती छठ करने पहुंचे थे। नारायण वन में छठ के दिन मेला भी लगता है। वहीं दुसरी ओर बत्तो कला छठ घाट पर क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही की पत्नी चांनी शाही छठ व्रत की थी। केतार गांव के पंडा नदी छठ घाट पर सात वर्ष की लड़की मालीनी कुमारी ने 36 घंटे का निर्जला व्रत पुरा किया।

### नारायण वन छठ घाट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

छठ महापर्व को लेकर 30 एकड़ में फैले नारायण वन को दुल्हन की तरह सजाया गया था। दुधीया रौशनी से नारायण वन जगमग लग रहा था।छठ घाट और मेला में पेयजल, स्नान के लिए तीन झारना,वाहन पार्किंग, मेडिकल कैंप लगाया गया था। छठ घाट पर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया था। थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि और पीएसआई संजय हेंब्रम पुरी रात नारायण वन में निरीक्षण कर मेला व्यवस्था का जायजा लेते रहे। सुरक्षा व्यवस्था में लगे सिपाहियों और मेडिकल टीम को मंदिर विकास कमिटी के द्वारा भगवान सूर्य का तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया।



### भवनाथपुर में भक्तिभाव के साथ सूर्योपासना का महापर्व छठ संपन्न

**भवनाथपुर।** उदियमान भगवान भास्कर को अर्ध्य देने के साथ सूयोर्पासना का महान पर्व छठ पूरे प्रखंड में भक्तिपूर्ण एवं गहरे आस्था के वातावरण में संपन्न हो गया। प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों में भगवान भास्कर को अर्ध्य अर्पित कर छठ व्रतियों ने सुख - समृद्धि की कामना की तो क्षेत्र की शांति के लिए भी भगवान भास्कर से विशेष प्रार्थना कि प्रखंड के थाना के समीप सर्वेश्वरी आश्रम,दुर्गा मंदिर टाउनशिप, सिंदुरिया दुलरह नदी, अरसली, सिंघीताली हनुमान मंदिर, भवनाथपुर सूर्य मंदिर, बाजार दुर्गा मंदिर, झगराखड़ा, चपरी के सहित सभी छोटी बड़ी नदी और जलाशयों के तट पर श्रद्धालुओं ने छठ व्रत किया। छठ घाटों में भारी संख्या में छठ व्रतियों की भीड़ उमड़ी थी। घरो में माथे पर पूजा सामग्री ढोकर छठ घाटों तक श्रद्धालुओं द्वारा लाया गया। वही छठ व्रती छठ गीतों को गाते हुए महिलाओं के साथ छठ घाट पहुंची। रास्ते भर दंडवत लेटकर भगवान भास्कर को छठ व्रतियों द्वारा प्रणाम किया गया। रास्ते में छठ व्रतियों के दंडवत लेते ही उनके पैर छूने के लिए लोग काफी उतारू देखें। कई छठ घाटों पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने छठ व्रतियों के लिए दूध, फल आदि बांटे। वहीं अधिकांश छठ घाटों में कई जनप्रतिनिधि और राजनीति दल के लोगों ने भ्रमण किया। पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव ने कई छठ घाटों पर जाकर भ्रमण किया।

## जिला मुख्यालय सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र में भगवान भास्कर को दिया गया अर्घ्य

### खरौंधी में छठ व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण कर तोड़ा उपवास

**खरौंधी(गढ़वा)।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर खरौंधी प्रखंड क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। विगत 4 दिनों से चले आ रहे हैं छठ महापर्व का अनुष्ठान सोमवार के सुबह उदयीमान भगवान भास्कर के अर्घ्य के साथ ही छठ पूजा संपन्न हो गया। उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही छठ व्रतियों का निर्जला 36 घंटे के उपवास का पारण छठ पूजा का प्रसाद ग्रहण कर किया। उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए खरौंधी प्रखंड के सूर्य मंदिर सिसरी, डोमनी नदी खरौंधी, राजी, अमरोरा मझिगांवा, लामी सरहिया, करिवाडीह, खोखा, सुंडी चौरिया, कूपा, अरंगी,पिपरा सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र में सुबह 4 बजे से ही छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। खरौंधी में कई जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों का दौरा कर छठ व्रतियों को पूजन सामग्री फल वितरित किया।

### बंशीधर नगर में भगवान सूर्य को अर्घ्य देने साथ छठ सम्पन्न

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमण्डल मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्रों में सूर्योपासना का महापर्व छठ सोमवार को उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान करने के साथ सम्पन्न हो गया.पूरे क्षेत्र में छठ महापर्व हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण मनाया गया। समाचार लिखे जाने तक कही से किसी अप्रिय घटना की सूचना नही है। अनुमण्डल मुख्यालय स्थित बाँकी नदी के तट पर अवस्थित अति प्राचीन सूर्य मंदिर परिसर स्थित छठघाट पर बड़ी संख्या में छठ व्रतधारियों ने उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया। .व्रतधारियों की सुबिधा के लिए मंदिर के निकट ही क्लब द्वारा नियंत्रण कक्ष बनाया गया था.नवयुवक क्लब चेचरिया द्वारा सूर्य मंदिर से उतर दिशा स्थित पंचमुखी शिव मंदिर के निकट छठ घाट सहित पूरे क्षेत्र की साफ सफाई, रोशनी, ध्वनि, व्रतधारियों के स्नान के लिए झरना, बैठने के लिए सामियाना की व्यवस्था किया गया था।

### विशुनपुरा में छठ घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

विशुनपुरा। लोक आस्था और सूयार्पासना के चार दिवसीय महापर्व छठ के अंतिम दिन सोमवार को व्रती महिलाओं ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर कठिन व्रत का समापन किया। इस दौरान नदीघाटों और तालाबो के किनारे आस्था, परंपरा और उत्सव की परम्परा दिखी। सर्वाधिक भीड़ श्री विष्णु मंदिर परिसर के छठ और थाना के समीप के घाट पर रही। श्री विष्णु मंदिर परिसर के तालाब तट के अलावा बांकी नदी, पिपरी कला, जतपुरा, अमहर, सोनडीहा, महुली, संध्या सहित शहर और ग्रामीण अंचल के अन्य सरोवरों, तालाबों, कुंडों , जलाशयों पर व्रती महिलाओं ने विधि विधान से छठी मइया के पूजन अर्चन के बाद सूर्य देव को अर्घ्य दिया। व्रती महिलाओं ने अर्घ्य देने के दौरान भगवान भास्कर और छठ मइया से वंश वृद्धि और परिवार के मंगल की कामना की। वहीं प्रशासन की ओर से पूजा के दरम्यान विधि-व्यवस्था बनाए रखने का कार्य किया गया।

## विशेष...



केतार में सात वर्षीय बच्ची मालिनी ने किया छठ व्रत



## दुखद ......

### चिनियां में छठ पूजा कर रहे युवक की मौत



**चिनियां।** अन्हारीदह टोला निवासी जग्गू राम के 30 वर्षीय पुत्र चंद्रमा राम उर्फ चरकू की मौत इलाज कराने ले जाने के कर्म में सोमवार को लगभग 12:00 बजे रास्ते में ही हो गई । प्राप्त जानकारी के अनुसार चंद्रमा राम उर्फ चरकू छठ पूजा कर रहा था वह 2 दिनों से उपवास था कि बीती रात करीब 2 बजे छठ घाट पर ही उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई उसके बाद परिजनों ने उसे उपवास को तुड़वाया तथा बेहतर इलाज के लिए रात्रि में ही चिनिया के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जहां सोमवार की सुबह डॉक्टरों ने चंद्रमा की स्थिति बिगड़ते देख उसे बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया वहीं परिजनों ने आनन-फानन में चंद्रमा की बेहतर इलाज के लिए गढ़वा ले ही जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई । इधर शव घर पर पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया तथा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

### चौरिया में मनी सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती, बोले पूर्व उपप्रमुख

# सभी वर्गों के हक की लड़ाई लड़े सरदार पटेल

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड के चौरिया गांव में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 147वीं जयंती धूमधाम से सोमवार को मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत चौरिया चौक पर स्थापित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान,पुलिस इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने माल्यार्पण करके किया। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व उपप्रमुख ने कहा सरदार पटेल ने महात्मा गांधी से प्रेरित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया। सरदार पटेल द्वारा इस लड़ाई में अपना पहला योगदान खेड़ा संघर्ष में दिया गया। जब खेड़ा क्षेत्र में सूखा पड़ा और मजबूरन वहां के किसानों ने अंग्रेज सरकार से कर में छूट देने की मांग किया था। जब अंग्रेज सरकार ने इस मांग को स्वीकार



नहीं किया तो सरदार पटेल, महात्मा गांधी और अन्य लोगों ने किसानों का नेतृत्व किया। सभी किसानों से अंग्रेज सरकार को कर न देने के लिए प्रेरित किया। अंत में सरकार को झुकना पड़ा और किसानों को कर में छूट देना पड़ा। इसके अलावे भी उन्होंने सभी वर्गो की हक की लड़ाई बखूबी लड़े।

प्रमुख धर्मराज पासवान ने कहा सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारत को आजाद कराने में मुख्य भूमिका निभाई थी। उन्हें भारत का प्रथम उप प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री बनाया गया था। आज हमें उनके बताए मार्गो पर चलने की आवश्यकता है।

पुलिस इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह ने कहा की सरदार पटेल स्कूली शिक्षा में संघर्ष शील व्यकि थे।देश आजादी में के बाद सरदार पटेल जी ने देश के लिए अनेको कार्य किए हैं।जिसके कारण आज उन्हें याद किया जा रहा है।इससे पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने सभी वर्ग के समाजसेवियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान स्थानीय मुखिया प्रमोद राम, समाजसेवी देवदत प्रसाद, हिफाजत अंसारी, बाबूलाल पासवान, विनोद चौधरी, राजकुमार निराला, मदीप साह, कुश कुमार चौधरी, अयोध्या चौधरी, शिवकुमार चौधरी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# महापर्व छठ पर जय भामाशाह क्लब के द्वारा भंडारा आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** लोक आस्था का महापर्व छठ के अवसर पर जय भामाशाह क्लब के तत्वावधान में रविवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव, अशोक जायसवाल,जय भामाशाह क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष रजनीकांत मधुर ने संयुक्त रुप से श्रद्धालुओं को प्रसाद देकर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा ने कहा कि पिछले वर्ष भी जय भामाशाह क्लब के द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया था। इस वर्ष भी बड़े पैमाने पर भंडारा का आयोजन किया गया है। इसके लिए जय भामाशाह क्लब के पदाधिकारियों को धन्यवाद देता



हूं। इस भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। .मौके पर संरक्षक भारत भूषण प्रसाद, ओम प्रकाश गुप्ता उर्फ मुन्ना, कामेश्वर प्रसाद, पप्पू अनमोल, संजीत कुमार छोटू, आनंद जायसवाल, अमित कुमार गुड्डू, अशीष कुमार सोनू , विकाश कुमार शालू,वार्ड पार्षद नीरज कुमार, अशीष गुप्ता, नित्यानंद कुमार,सचिव शिवम, ऋतुराज , विनीत कुमार शरद, छन्नूलाल, प्रिंस राजू आदि मौजूद थे।

### बिरसा जयंती पर होगा सांस्कृतिक व हॉकी प्रतियोगिता

**ठेठईटांगर।** बिरसा जयंती सह झारखण्ड स्थापना दिवस के मौके पर संस्कृतिक नाच सह हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। बताया गया कि 10वां स्व फा. देबक मेमोरियल पुरुष हॉकी टूनार्मेंट सह सांस्कृतिक नाच प्रतियोगिता सांस्कृतिक कला मंच एवं संत जोसफ क्लब जमपानी द्वारा आयोजित होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक लोग एक नवंबर को करा सकते हैं। जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 9905553001, 6203309094 पर संपर्क करने की अपील की गई है। बताया गया कि हॉकी के विजेता टीम को एक लाख, उपविजेता को 50 हजार, तीसरा स्थान आने वाली टीम को बड़ा खस्सी एवं चौथा स्थान आने वाली टीम को छोटा खस्सी दिया जाएगा। प्रतियोगिता का इंट्री शुल्क 3001 रु. रखा गया है।

### अपने सौजन्य से बने मंत्री ने दो छठ घाटों का किया उद्घाटन, कहा

# गढ़वा के विकास के लिए मेरा सर्वस्व न्योछावर

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** छठ महापर्व के मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर के सौजन्य से शहर के दानरो नदी तट छठ घाट पर जागृति क्लब भगलपुर व जय देवी संघ टंडवा का निर्मित नियंत्रण स्टेज का फीता काटकर मंत्री ने उद्घाटन किया। साथ ही विभिन्न छठ घाटों पर आयोजित गंगा आरती में भाग लिया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा है छठ माता की कृपा से एवं गढ़वा वासियों के आशीर्वाद से उन्हें गढ़वा सहित पूरे राज्य की जनता का सेवा करने का मौका मिला है। जनता की उम्मीद पर वे पुरी तरह खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। जिस उम्मीद से लोगों ने उन्हें आशीर्वाद दिया उसी तरह उन्होंने भी तीन वर्षों में



गढ़वा की तस्वीर बदल दी है। गढ़वा के गांव गांव, हर क्षेत्र में विकास की झलक दिखलाई पड़ रही है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा के विकास के लिए उनका सर्वस्व न्योछावर है। गढ़वा के एक-एक विकास को कार्यों को वे अपनी पुरी क्षमता लगाकर करेंगे। साथ ही गढ़वा सहित पूरे राज्य की जनता को उनके घर तक शुद्ध पेयजल मिलेगा। इस दौरान मंत्री ने जागृति क्लब भगलपुर, जयदेवी संघ टंडवा, स्टूडेंट क्लब, फ्रेंड्स क्लब, टी ग्रुप, छठ सेवा समिति सहिजना, पुलिस लाइन सहित विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को छठ की शुभकामनाएं देते हुए छठ माता से गढ़वा के सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं विकास की कामना की। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, प्रवक्ता धीरज दुबे, नवीन तिवारी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि जागृति क्लब के अध्यक्ष सुनील कुमार, डा. प्रतिमा कुमारी, विधायक प्रतिनिधि चंदन पासवान, संजय चौधरी, प्रमोद कुमार, सोनू कुमार, सुमन साहू, जीतू पहलवान, पिंटू गुप्ता, शिव शंकर कुमार, राहुल गुप्ता, गणेश गुप्ता, अरुण गुरुजी, शिवपूजन गुरुजी, गौरी शंकर, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, मुकेश कुशवाहा, संत गुरुजी, सहित विभिन्न क्लबों के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

# चोरों ने दो पुलिस जवान सहित पांच घरों में ताला तोड़कर चोरी की

नवीन मेल संवाददाता

**विशुनपुरा/गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के दवनकरा गांव के झनझनवां टोला पर रविवार छठ पूजा की बीती रात्री में चोरों ने दो पुलिस जवान सहित पांच घरों में ताला तोड़कर चोरी कर ली।

चोरों ने बड़े आराम से लाखों रु की जेवरात, नकद रुपये, बर्तन, कपड़ा सहित पांच घरों में चोरी कर फरार हो गये।

परिजनों ने बताया कि रात्रि में छठ पर्व को लेकर छठ घाट पर थे। छठ घाट से सोमवार को अहले सुबह घर आने के बाद देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था. और घर के समान बिखरे पड़े थे। जिसके बाद चोरी की आशंका होने पर मझिआंव थाना को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुची मझिआंव थाना के एएसआई आलोक कुमार ने चोरी की घटना को काफी गहनता से जांच में जुट गए। इधर भुक्तभोगी प्रदीप पाल ने बताया एक बक्सा सहित 30 हजार नगद, सोने की एक लॉकेट, पाच थान सोना का गहना की चोरी हो गयी है। वही उमेश पाल के घर से 12 हजार रु नकद, 2 थान चांदी के गहना, साड़ी, एलआईसी का पेपर पासबुक वही मलु पासवान के घर से बक्सा तोड़ कर 20 हजार रु नकद की चोरी हो गयी है। मलु पासवान ने बताया कि इस पैसे से बड़े लड़का दिलीप पासवान का टीबी की बीमारी का इलाज कराना था. जो चोरों ने चोरी कर ली है। बताया कि इलाज के लिए रांची जाना था लेकिन पैसे की चोरी हो जाने से अब नही जा पाएंगे। वही झारखण्ड पुलिस में कार्यरत शोभनाथ पासवान की माँ सनझिरिया देवी ने बताया कि घर मे रखे बक्सा एवम गोदरेज तोड़ कर पाच थान सोना का जेवरात एवम चार थान चांदी के जेवरात, बर्तन, साड़ी एवम तीन हजार रु नकद की चोरी कर ली गयी है।

# आस्था के घाट पर श्रद्धा का अर्घ्य, छठ पर्व संपन्न

## जिलेभर में विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, सुरक्षा व्यवस्था के थे पुख्ता इंतजाम





**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लोक आस्था के महापर्व छठ पर्व को लेकर रविवार व सोमवार को छठ घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। जिले की सभी नदियों के तट पर छठ पूजन के लिए दोपहर बाद से भीड़ जुटने लगी, जो देर रात तक बनी रही। व्रती महिलाओं ने अस्ताचल डूबते एवं उदीयमान उगते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार और कुल के लिए मंगल कामना की।

वहीं लातेहार, बालूमाथ, बारियातू, हेरहंज, मनिका, बरवाडीह, महुआडांड़, गारू व बेतला समेत ग्रामीण इलाके के छठ घाटों पर उत्सव सा माहौल रहा। रविवार को दोपहर बाद एवं सोमवार को सुबह होने से काफी पहले व्रती महिलाएं परिवार व ढोल-ताशा के साथ घरों से निकलकर घाटों की तरफ चल पड़ीं।

सोमवार को उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य और पूजा के बाद घाट पर प्रसाद लेने के लिए लोगों में होड़ लग गई। लोक आस्था के



पर्व छठ पर प्रसाद के लिए घाट पर होड़ मच गई थी। व्रतियों ने सुबह भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर जैसे ही विधिपूर्वक पूजा संपन्न हुई। भगवान सूर्य के प्रसाद के लिए लोगों की होड़ लग गई। छठ घाटों पर समितियों की ओर से व्रतियों के लिए बेहतर प्रबंध किया गया था। घाटों पर लाइटिग और तोरण द्वार से माहौल भक्तिमय बना रहा।

### विशेष...धनबाद की ग्रामीण एसपी ने की छठ पर्व, लातेहार एसपी ने उठाया दउरा



**लातेहार।** सूर्य की उपासना का त्योहार छठ महापर्व का क्रेज उत्तर भारत के अलावा अब देश के कोने-कोने तक पहुंचने लगा है। देश के लगभग सभी हिस्सों में अब लोग छठ करने लगे हैं। केरल की रहने वाली और वर्तमान में धनबाद की ग्रामीण एसपी रिष्मा रमेशन लातेहार में चार दिवसीय छठ महापर्व पूरी परंपरा के साथ कर रही हैं। धबाद की ग्रामीण एसपी रिष्मा रमेशन मूल रूप से केरल की रहने वाली हैं। उनके पति अंजनी अंजन लातेहार एसपी के रूप में पदस्थापित हैं। लातेहार स्थित एसपी आवास से ही धनबाद की ग्रामीण एसपी पूरी परंपरा के साथ छठ व्रत कर रही हैं। रविवार को 36 घंटे का निर्जला व्रत करते हुए वे अपने पूरे परिवार के साथ छठ घाट पहुंची और पूजा अर्चना की। भगवान भास्कर को पारंपरिक रीति रिवाज के साथ अर्घ्य दिया।

## बालूमाथ में विधायक ने छठ घाटों का किया भ्रमण

**नवीन मेल संवादददाता**

**बरवाडीह।** विधायक रामचंद्र सिंह सूर्य उपासना छठ पर्व के अवसर पर अस्तचलगामी अर्घ्य के समय प्रखंड के सभी छठ घाटों का भ्रमण कर छठ पर्व की शुभकामना देते हुए छठ व्रतियों से आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक अपने समर्थकों के साथ सर्वप्रथम प्रखंड के आदर्श नगर छठ घाट पहुंचकर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष पंकज गुप्ता को सहयोग प्रदान किया। विधायक श्री सिंह आदर्श नगर छठ घाट के कई छठ व्रतियों एवं अपने समर्थकों से भी मुलाकात किए. इसके उपरांत विधायक अपने समर्थकों के साथ देवरी नदी छठ घाट, पुल नदी छठ घाट, खुरा छठ घाट, केचकी छठ घाट समेत अन्य छठ घाटों का बारी-बारी से भ्रमण कर छठ भर्तियों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### बालूमाथ के विभिन्न जलाशयों में दिया गया अर्घ्य

बालूमाथ में छठ पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में बहुत ही उत्साह देखी गई। चार दिनों की यह महा उपासना का पूजा कर छठ व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। प्रखंड अंतर्गत विभिन्न जलाशयों में छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं का भीड़ देखा गया। बालूमाथ बड़ा तलाब छठ घाट, झरीवा छठ घाट एवं बड़का बालूमाथ छठ घाट पर श्रद्धालुओं का अच्छा खासा भीड़ देखा गया। छठ घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया था। सड़कों पर पुलिस बल गस्ती करते नजर आए। वही बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, सीओ आफताब आलम सहित सुरक्षा बलों ने छठ घाट पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिखाई दिए।

## छठ घाट पर दिखा आस्था का जनसैलाब

### चंदवा में व्रतियों ने की भगवान सूर्य की उपासना

चंदवा। चार दिवसीय लोक आस्था व सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया।छठ व्रतियों ने रविवार शाम अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को दिया अर्घ्य सुख समृद्धि की मांगी दुआ। व्रतियों द्वारा उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ निर्जला उपवास भी खत्म हो गया। लोक आस्था के महापर्व पर देवनद ,भूषाड़,देवनदिया,चेटर समेत विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। ाटों को विभिन्न पूजा समितियों द्वारा छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं की सुविधा का ख्याल रखते हुए विशेष रूप से तैयारी किया गया था। घाटो को रंग बिरंगी रौशनी से आकर्षक ढंग से सजाया गया था घाटो में श्रद्धालुओं की मदद को लेकर प्रखंड प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिखी। पुनि सह थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस व्यवस्था चाक चौबंध बनाई गई थी।

### महुआडांड में कई छठ घाटों पर दिया गया अर्घ्य

**महुआडांड।** लोक महा पर्व छठ पर भगवान भाष्कर को नमन करने उमड़े श्रद्धालु , सूर्योपासना का महापर्व छठ पूजा महुआडांड़ मे भक्तिमय वातावरण मे पूरे हर्षोल्लास से मनाई गई। महुआडांड़ स्थित रामपुर नदी छठ घाट , नकटी नदी छठ घाट , बोहटा नदी छठ घाट, चटकपुर स्थित बुढा नदी छठ घाट, हामी नदी छठ घाट, राजडण्डा नदी छठ घाट, नेतरहाट स्थित छठ घाट आदि छठ घाटों पर छठ व्रतीयों ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर सुख शांति की कामना की। छठ पूजा विधि संधारण को लेकर महुआडांड एसडीएम नीत निखिल सुरीन, एसडीपीओ राजेश कुजूर, बीडीओ अमरेन डांग, थाना प्रभारी आशुतोष यादव, हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, बजरंग दल के सुरज प्रसाद, अध्यक्ष अंकुश जायसवाल के नेतृत्व मे पुलिस तथा बजरंग दल के सदस्य पुरी तरह से मुस्तैद थे ।

## सिमरिया डिग्री महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस, प्रदर्शनी का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया डिग्री महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के तत्वाधान में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता शपथ प्राचार्य द्वारा दिलाया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान गाया गया। राष्ट्रगान के बाद एकता दौड़ महाविद्यालय प्रांगण से सिमरिया चौक तक किया गया। तत्पश्चात डाकबंगला सिमरिया में सरदार पटेल के द्वारा किए गए कार्यों पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन महाविद्यालय के कार्यकारिणि अध्यक्ष सह सिमरिया पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य देवनंदन साहू ने किया। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, संचालन समिति के सदस्य एवं कार्यकारिणि समिति के सदस्य भी शामिल थे। प्राचार्य ने प्रदर्शनी के दौरान सरदार वल्लभ भाई पटेल व कार्यक्रम के का सक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने कहा कि



सरदार पटेल की राजनीतिक यात्रा 1915 में गुजरात सभा के सदस्य से शुरू हुई, जो बाद में गुजरात प्रांतीय समिति में बदल गई। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अलग-अलग अवसर पर 9 साल से अधिक समय जेल में बिताया। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के महत्वपूर्ण योगदान को याद करना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. सूचित कुमार सिंह, अजय कुमार, राजू कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

## गिद्धौर में अभाविप ने व्रतियों के बीच किया दूध का वितरण

**गिद्धौर( चतरा)।** प्रखंड के लोटार डेम छठ घाट पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा छठ व्रतियों के बीच अर्घ्य अर्पित करने के लिए दूध का वितरण किया गया। इस दौरान सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने शनिवार संध्या लोटार छठ घाट में डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान विधयक ने लोटार छठ घाट में व गिद्धौर के रामसागर चौती छठ घाट में सीढ़ी निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल कुमार दांगी ने किया। मौके पर सीओ जयशंकर पाठक, थाना प्रभारी मनोज पाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, पूजा समिति अध्यक्ष प्रभात कुमार, क्लब अध्यक्ष मुकेश कुमार, राजेश कुशवाहा, शंकर दांगी, सतीश दांगी, मंटू कुमार आदि शामिल थे।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर लातेहार पुलिस ने निकाला मार्च-पास्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में लातेहार पुलिस ने मार्च पास्ट निकाला गया।लातेहार पुलिस के द्वारा आज देश के प्रथम गृहमंत्री एवं देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जंयती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। समाहरणालय से कारगिल पार्क तक मार्च पोस्ट निकाल का समापन हुआ। लातेहार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने राष्ट्र के लौह पुरुष को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी देशवासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा



कि देश के महानायक सरदार वल्लभभाई पटेल की याद में यह दिन मनाया जाता है। किसी भी देश की तरक्की, समृद्धि, सुख और शांति के लिए सबसे जरूरी है उस देश के लोगो का आपस का भाईचारा है। हमारा देश लगभग 200 साल तक अंग्रेजों का गुलाम रहा है। हमें 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों से आजादी मिली है। उस समय देश में 562 रियासतें थी। सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी सुझबुझ, लगन, परिश्रम व अथक प्रयासों से सभी को एक सूत्र में बांधा है। हम सभी को उनके बताए हुए रास्ते पर चलाने का प्रयास करना चाहिए। हम सभी एकजुट होकर ईमानदारी व सच्ची निष्ठा से अपना कार्य करे तथा देश, प्रदेश, समाज को नई ऊचाइयों तक पहुंचाए। राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए खुद को समर्पित करें तथा अन्य देशवासियों के बीच इस संदेश को फैलाने के लिए अथक प्रयास करें। इस मौके पर मेजर सुशांत कुमार सार्जेंट संतोष कुमार, मुजफर आलम समेत बड़ी संख्या में पुलिस जवान थे।

### शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में आकर्षक ढ़ंग से सजी थी छठ घाट

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व छठ संपन्न



**चतरा/कुंदा/पत्थलगड़ा।** जिला मुख्यालय के अलावे गिद्धौर, प्रतापपुर, कुंदा, मयूरहंड, सिमरिया, पत्थलगडा, टंडवा, हंटरगंज व इटखोरी आदि प्रखंडों के छठ घाटों में सोमवार अहले सुबह प्रत्यक्ष भगवान भास्कर के उदीयमान स्वरूप को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिवसीय सूयोर्पासना का महापर्व छठ नेम-निष्ठा के साथ शांतिपूर्ण संपन हो गया। व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला उपवास पूजा के उपरांत महाप्रसाद ग्रहण करने के बाद तोड़ा। छठ पूजा को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो में छठ घाटों को सजाया गया था। रविवार के दोपहर तीन बजे से ही भगवान भास्कर को अर्घ्य देने व्रती के साथ महिलाएं, बच्चे व पुरूषों की भीड़ दौरा-सूप माथे पर लिए माता के गीत गाते छठ घाट पहुंचे। घाटों में पहुंच सभी ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। यही परंपरा दूसरे दिन दोहराते हुए उगते सूर्य को सुबह व्रतियों ने अर्घ्य दिया। महापर्व को लेकर शहर के अलावे ग्रामीण क्षेत्र में भी उपायुक्त अबु इमरान व एसपी राकेश रंजन के दिशा निर्देश पर पुलिस व प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के व्यपक प्रबंध किए गए थे। शहर के कठोतिया तलाब, छठ तालाब, हेरूवा नदी, पुरैनिया आदि घाटों पर व्रतियों द्वारा अर्घ्य अर्पित किया गया।

### पुलिस टीम ने किया फल व पूजन सामग्री का वितरण



**चतरा/इटखोरी/मयूरहंड।** लोक-आस्था के चार दिवसीय छठ महापर्व के अवसर पर जिले के मयूरहंड, इटखोरी व प्रतापपुर आदि थाना क्षेत्र में छठ वर्तियों के बीच पुलिस द्वारा मयूरहंड थाना परिवार द्वारा फल व पूजन सामग्री का वितरण किया गया। मयूरहंड थाना क्षेत्र के मयूरहंड व सोकी में थाना प्रभारी रामवृक्ष राम के नेतृत्व में सेवा ही लक्ष्य के तहत फल और पूजन सामग्री का वितरित किया गया। मयूरहंड में थाना प्रभारी और पंकज कुमार तथा सोकी में अवर निरीक्षक अनिरुद्ध सिंह ने फल का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह ने भी व्रतियों के बीच फल वितरित कर पुलिस को सहयोग किया। छठ व्रत हिंदुओ के लोक आस्था के साथ प्रकृति का भी पर्व है। ऐसी मान्यता है कि किसानों के उपज का प्रथम भोग छठ माता को पूजन के साथ अर्पण किया जाता है। वहीं दक्षिण भारत में ओणम और पोंगल को प्रकृति पर्व के रूप में मनाया जाता है।

## भद्रकाली, चुंदरु, बलबल व लोटार डैम में छठव्रतियों की उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/इटखोरी/गिद्धौर।** छठ पर्व को लेकर रविवार शाम पहले व सोमवार के सुबह दूसरे अर्घ्य को लेकर जिले के इटखोरी स्थित प्रसिद्ध माता भद्रकाली मंदिर स्थित महाने नदी घाट, टंडवा के चुंदरु सूर्य मंदिर स्थित नदी, गिद्धौर के लोटार डैम में बने सूर्य मंदिर व बलबल बागेश्वरी मंदिर स्थित छठ घाट पर छठ व्रतियों की भारी भीड़ उमड़ी। भद्रकाली मंदिर के दक्षिण छोर पर स्थित महाने नदी घाट पर भगवान सूर्य को दोनो बेला अर्घ्य देने के लिए भारी संख्या में व्रती व श्रद्धालु पहुंचे थे। सबसे भव्य दृष्य पारन के दिन सोमवार को उदयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के बाद मां भद्रकाली व टंडवा प्रखंड के चुंदरु धाम में दिखा। सुबह अर्घ्य के उपरांत छठ व्रती माता भद्रकाली के दरबार में छठ घाट से दंडवत करते हुए कतारबद्ध पहुंचे। वहीं



जिले के गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बलबल गर्म कुंड, लोटार डेम के सूर्य मंदिर भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। टंडवा सूर्य मंदिर के समिप चुंदरू घाट पर अर्घ अर्पित करने के लिए टंडवा, पिपरवार व सिमरीया के अलावे हजारीबाग के केरेडारी व लातेहार के बालूमाथ थाना क्षेत्र से भारी संख्या में श्रद्धालू पहुंचे थे।

## न्यूज गैलरी

### हेमपुर में परंपरागत जतरा मेला का हुआ आयोजन, उत्साहित दिखे लोग



**बालूमाथ।** प्रखण्ड क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार को ग्राम हेमपुर में परंपरागत जतरा मेला का महापर्व छठ पूजा विजर्जन जतरा समिति के बैनर तले जयराम गंझू के अध्यक्षता में मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधिवत किया गया। जत्रा मेला में आसपास के दर्जनों खोंड़ा आए थे। जिन्होंने मांदर की थाप पर महिलाएं और पुरुष ने झारखंडी नृत्य प्रस्तुत किया। जो बहुत ही मन भावक रहा। लोग मांदर की थाप पर खूब झूमे। जत्रा मेला युवक-युवतियों से भरा रहा और लोग मेले मैं लगे झूला का आनंद उठाते नजर आए कार्यक्रम के पूर्व आयोजन समिति द्वारा मंचासीन अतिथियों को बैच पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में से पत्रकार अजीत कुमार, राम कुमार,सेरक मुखिया अनिता भगत,संजय यादव,नंदू कुमार यादव,वीरेंद्र यादव, मकैया टांड़ पिकेट जवान आदि के नाम सामिल हैं। मंचासीन अतिथियों ने मेले का संबोधन किया । सम्बोधन में कहा कि जतरा मेला हम सभी का धरोहर है इस धरोहर को हमे आपसी भाईचारे से मिल झूल कर बनाये रखना चाहिए। आनेवाला दिन यह जतरा मेला मुड़मा मेला जैसा उभरेगा।मौके पर मंच संचालन शंकर उरांव ने की। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे आयोजन समिति जयराम गंझू, बनारस उरांव,कर्म गंझू,प्रयाग लोहरा, महेन्दर ठाकुर,सकेन्द्र गंझू आदि के के अलावे काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### एकता दौड़ में जिला स्तरीय पदाधिकारी, सीआरपीएफ व छात्र हुए शामिल

**चतरा।** सोमवार को लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन कर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। पूर्व निर्धारित इस दौड़ का आयोजन थाना चौक से स्थानीय जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम तक किया गया। इस दौड़ में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, सीआरपीएफ कमांडेंट, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, कार्यपालक पदाधिकारी अभय कुमार झा, पुलिस के जवान तथा छात्र-छत्राएं शामिल थे।

### उत्साहपूर्वक मनायी गयी लौह पुरुष सरदार पटेल की 147 वीं जयंती



**टंडवा (चतरा)।** सोमवार को टंडवा प्रखंड क्षेत्र के सनहा में प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 147 वीं जयंती उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई। इस अवसर पर सहायक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुमन भारतीय ने बताया कि 31 अक्टूबर 1875 को जन्मे पटेल जी की जीवनी शानदार रही है। वर्ष 1917 में खेड़ा आंदोलन के जरिए किसानों को संगठित कर अंग्रेजों को उन्होंने झुकने के लिए मजबूर किया था। वहीं 1923 में सत्याग्रह आंदोलन का नेतृत्व तथा 1928 में बारडोली का सत्याग्रह जो साइमन कमीशन द्वारा बढ़ाए गए भारी कर के विरोध में की गई थी, जिससे ब्रिटिश वायसराय को झुकना पड़ा। तभी से उत्साहित होकर लोग इन्हें सरदार की उपाधि से भी संबोधित करने लगे। मृत्यपरांत वर्ष 1991 में भारत रत्न से एवं 2018 में 682 फीट आदमकद प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कर सरकार द्वारा उनके त्याग को सम्मान दिया गया। मौके पर समाजसेवी रमेश राणा समेत अनेकों लोग मौजूद थे।

### माता भद्रकाली मंदिर छठ घाट पर परिवार संग पहुंचे एसपी, दिया अर्घ्य



**इटखोरी(चतरा)।** लोक आस्था के महापर्व छठ पर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के लिए रविवार शाम व सोमवार सुबह जिले के इटखोरी स्थित प्रसिद्ध माता भद्रकाली मंदिर के समिप मुहाने नदी छठ घाट पर भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान पितीज पंचायत के तीन घाट, कोनी पंचायत के ऐतिहासिक स्थल थाली समेत अन्य छठ घाटों पर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया गया। छठ महापर्व में मां भद्रकाली शिक्षा एवं विकास ट्रस्ट का अहम योगदान रहा। वहीं माता भद्रकाली मंदिर स्थित छठ घाट पर जिले के पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन परिवार संग पहुंच अर्घ्य दिया। इस दौरान सुरक्षा के व्यवस्था प्रबंध किए गए थे।

### पूर्व जिप सदस्य नेता जी की मनाई गई दूसरी पुण्यतिथि

**गिद्धौर(चतरा)।** प्रखंड अंतर्गत सूर्य मन्दिर परिसर में पूर्व जिला जिला परिषद सदस्य स्वर्गीय बालेश्वर प्रसाद कुशवाहा उर्फ नेता जी की दूसरी पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्यतिथि का शुभारंभ राज्य के श्रम मंत्री सत्यांन्द भोक्ता, डीएसपी मुख्यालय केदार नाथ राम, प्रमुख अनिता यादव, मसोमात मालती देवी, मुखिया निर्मला देवी, दिंवगत के पुत्र राजेश कुशवाहा ने संयुक्त रूप से फिताकाटकर किया। इस दौरान नेताजी के प्रतिमा का अनावरण मंत्री श्री भोक्ता ने किया। मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि पूर्व जिप सदस्य दिंवगत नेता जी अपने लिए नही बलिकि प्रखंड वासियों के लिए समर्पित थे। साथ वे जन जन के नेता थे। इसके पहले ग्रामीणों ने पूर्व जिप सदस्य नेता जी के प्रतिमा का नगर भ्रमन कराया गया। मौके पर पूर्व जीप सदस्य रामलखन दांगी, समाजसेवी बालेश्वर यादव, मनोज वर्मा, मुकेश कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### डीआरआई ने जब्त किया 35.6 किलोग्राम सोना

चेन्नई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने एक बड़े तस्करी विरोधी अभियान में 18.34 करोड़ रुपये का 35.6 किलोग्राम सोना जब्त किया। यह सोना विदेश से संबंधित है जिसकी तमिलनाडु के तटीय क्षेत्र से तस्करी की जा रही थी। चेन्नई के डीआरआई को मिली खुफिया जानकारी के आधार पर कार में सवार तीन लोगों को मदुरई-रमानाथापुरम राजमार्ग के टोल प्लाजा पर पकड़ लिया। डीआरआई ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि बरामद किए गए सोने को कार और व्यक्ति के पास छुपा रखा था, जिसे बरामद कर जब्त कर लिया गया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि सोने को श्रीलंका से तमिलनाडु तट के जरिए भारत में लाया जा रहा था। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और जांच जारी है।

### बीकाजी फूड्स ने आईपीओ के तहत बोली का दायरा 285-300 रुपये प्रति शेयर तय किया

नयी दिल्ली। नमकीन और मिठाई बनाने वाली कंपनी बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसने अपने 881 रुपये के आईपीओ के लिए बोली का दायरा 285-300 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने बताया कि आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) की शुरूआत तीन नवंबर को होगी और यह सात नवंबर को बंद होगा। आईपीओ में प्रवर्तक और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा लगभग 2.94 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। इसमें ताजा शेयर जारी नहीं किए जाएंगे। आईपीओ पूरी तरह से ओएफएस है, इसलिए कंपनी को निर्गम से कोई आय नहीं होगी। पेशकश के ऊपरी छोर पर आईपीओ से 881.22 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है।

### एचडीएफसी, ऐक्सिस, आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड सर्वाधिक घटे

मुंबई (एजेंसी)। वित्त वर्ष 2023 की जुलाई-सितंबर तिमाही में में क्रेडिट कार्ड की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मानकों में अनिवार्य कर दिया है कि जो भी क्रेडिट कार्ड एक साल से ज्यादा समय से निष्क्रिय है, उसे बंद कर दिया जाए। उसके बाद से ही कई बड़े बैंकों के क्रेडिट कार्ड तेजी से घटे हैं। मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में क्रेडिट कार्डों की संख्या 25.5 लाख घटकर 7.77 करोड़ रह गई है इसके पहले यह उद्योग औसतन एक महीने में 15 लाख क्रेडिट कार्ड जारी कर रहा था, क्योंकि बैंक कोविड महामारी के बाद असुरक्षित ऋण व्यवसाय में आक्रामक रूप से कदम बढ़ा रहे थे। इस साल अप्रैल में रिजर्व बैंक ने क्रेडिट और डेबिट कार्ड जारी करने को लेकर दिशानिर्देश दिया था, जिसमें कहा गया था कि अगर क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल एक साल से ज्यादा समय से नहीं हो रहा है, तो कार्डधारक को सूचना दी जाए। अगर कार्डधारक की ओर से 30 दिन के भीतर कोई जवाब नहीं मिलता है तो कार्ड जारी करने वाले बैंक द्वारा कार्ड बंद कर दिया जाए, जो कार्डधारक के सभी बकायों के भुगतान पर निर्भर होगा। इसके साथ ही कार्ड की बंदी की सूचना क्रेडिट इन्फॉर्मेशन कंपनी को 30 दिन के भीतर अद्यतन कर दी जाएगी।

### 120 देशों में कारोबार, 138 साल पुराना इतिहास; कंपनी ने 250 प्रतिशत डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट घोषित किया

नई दिल्ली। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बोर्ड के सदस्यों ने 1 रुपये के फेस वेल्यू वाले शेयर पर 2.5 रुपये प्रति शेयर डिविडेंड देने की मंजूरी दी है। डाबर ने इस डिविडेंड के लिए 4 नवबंर 2022 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। अंतरिम डिविडेंड का भुगतान कंपनी 17 नवंबर 2022 या फिर उसके बाद करेगी। शुक्रवार को कंपनी के शेयर का भाव 0.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 550.90 रुपये के लेवल पर क्लोज हुए थे। 1 साल पहले जिसने निवेश करके रिटर्न की आस में होल्ड किया होगा उसका 7.73 प्रतिशत नुकसान हो गया होगा। वहीं, साल 2022 में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 5.21 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान प्रमोटर्स के पास 67.23 प्रतिशत हिस्सेदारी है। संस्थागत विदेशी निवेशकों के पास 20.24 प्रतिशत हिस्सेदारी, घरेलू संस्थागत निवशकों का हिस्सा 6.57 प्रतिशत और गवर्मेंट भी 0.06 प्रतिशत की मालिक है। कंपनी में पब्लिक स्टेक 5.89 प्रतिशत है।

# आज से गैस सिलेंडरों की कीमतों में हुआ बदलाव, रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से ओटीपी मिलान के बाद ही मिलेगा सिलेंडर

नई दिल्ली (एजेंसी)। नवंबर महीने की शुरूआत हो जाएगी और इसके साथ ही कई बड़े बदलाव भी होने जा रहे हैं। इन बदलावों का आपकी जेब पर तो असर पड़ेगा ही आपकी जीवनशैली भी प्रभावित होगी। एक नवंबर से गैस सिलेंडरों की कीमतों में बदलाव होने के साथ-साथ बीमा क्लेम से जुड़े नियम भी बदलने वाले हैं। इसक साथ ही रेलवे की समय सारणी में भी बदलाव होगा। आइए जानते हैं अगले महीने होने वाले बदलाव, जो आपके जीवन पर असर डालने वाले हैं। हर महीने की पहली तारीख की तरह एक नवंबर को भी पेट्रोलियम कंपनियां एलपीसी की कीमतों की समीक्षा के बाद नए दर तय करेंगी। बता दें कि पेट्रोलियम कंपनियां हर महीने के पहले दिन 14 किलो वाले घरेलू सिलेंडर और 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में संशोधन करती हैं। पिछले



एक अक्तूबर को कंपनियों ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में 25.5 रुपए की बढ़ोतरी की थी। नवंबर महीने में होने वाला दूसरा अहम बदलाव भी गैस सिलेंडर से ही जुड़ा है। नवंबर महीने से गैस सिलेंडर की होम डिलिवरी के लिए वन टाइम पासवर्ड या ओटीपी की जरूरत होगी। सिलेंडर की बुकिंग के बाद ग्राहकों के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी भेजा जाएगा। इसे बताने के बाद सिस्टम से इसका मिलान होगा, उसके बाद ही सिलेंडर की डिलिवरी की जाएगी। एक नवंबर को आईआरडीए भी एक बड़े बदलाव की घोषणा कर सकता है। नवंबर महीने की पहली तारीख से बीमाकताओं के लिए केवाईसी डिटेल देना अनिवार्य

> ◀◀ पिछले एक अक्तूबर को कंपनियों ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में 25.5 रुपए की बढ़ोतरी की थी। नवंबर महीने में होने वाला दूसरा अहम बदलाव भी गैस सिलेंडर से ही जुड़ा है।

किया जा सकता है। वर्तमान में गैर जीवन बीमा पॉलिसी खरीदते समय केवाईसी देना स्वैच्छिक है, नवंबर से यह अनिवार्य हो जाएगा। इसके बाद इश्योरेंस क्लेम के समय केवाईसी डॉक्यूमेंट नहीं देने पर क्लेम रद्द किया जा सकता है। ावंबर महीने में जीएसटी से जुड़े नियम में भी बदलाव होगा। अब पांच करोड़ से कम टर्नओवर वाले करदाताओं को जीएसटी रिटर्न में पांच अंकों का एचएसएन कोड लिखना जरूरी होगा। इससे पहले दो अंकों का एचएसएन कोड डालना होता था।

## त्योहारी मौसम में दोपहिया वाहनों की हुई जमकर सेल, अक्टूबर में बिके 68,324 वाहन

नई दिल्ली (एजेंसी)। इस साल त्योहारी मौसम में जमकर दोपहिया वाहनों की बिक्री हुई है। अगर अक्टूबर महीने की बात की जाए तो इस महीने 68,324 दोपहिया वाहन बिके हैं लेकिन इस बार दोपहिया वाहनों को बेचने में एक ऐसी कंपनी ने बाजी मारी है जो इस ऑटोमोबाइल मार्केट में है ही नहीं। इस कंपनी ने सबसे ज्यादा दोपहिया वाहन बेचे हैं। जबकि इस बाजार के दिग्गज इस कंपनी से काफी पीछे हैं। ये कंपनी है ओला इलेक्ट्रिक। इस कंपनी ने अक्टूबर में सबसे ज्यादा 15,095 वाहन बेचे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर की तुलना में अक्टूबर माह में वाहनों की बिक्री काफी ज्यादा हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, बजाज ऑटो ने अक्टूबर में 3265 वाहन बेचे हैं, सितंबर में इसने 2601 वाहन बेचे थे। टीवीएस ने सितंबर में 2601 और अक्टूबर में



3987 दोपहिया वाहन बेचे। हीरो इलेक्ट्रिक ने सितंबर में 8199 और अक्टूबर में 8034 वाहन बेचे। ओकीनावा ने सितंबर में 8494 और अक्टूबर में 11754 वाहन बेचे। वहीं ओला इलेक्ट्रिक ने सितंबर में 9875 और अक्टूबर में 15,095 वाहन बेचे। ओला इलेक्ट्रिक ने सबसे ज्यादा दोपहिया वाहन बेचकर सभी कंपनियों को चौंका दिया है। जब ओला ने इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च करने की घोषणा की थी उसके बाद से ही लोगों ने इसे लेने के लिए जमकर बुकिंग कराई थी। इस बीच कई खबरें आईं कि लोगों को ओला का इलेक्ट्रिक स्कूटर नहीं मिल पा रहा है।

## उत्तर प्रदेश: योट्टा इंफ्रा डेटा सेंटर कारोबार में 39,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी

नोएडा (एजेंसी)। योट्टा इंफ्रास्ट्रक्चर उत्तर प्रदेश में अगले 5-7 वर्षों के दौरान डेटा सेंटर कारोबार में 39,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। हीरानंदानी समूह की फर्म ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार के साथ एक सहमति पत्र (एमओयू) पर




हस्ताक्षर किए हैं। योट्टा इंफ्रास्ट्रक्चर के सह-संस्थापक और चेयरमैन दर्शन हीरानंदानी ने योट्टा डी1 डेटा सेंटर की शुरूआत के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में पत्रकारों से कहा कि यह निवेश डेटा सेंटर परिसर के निर्माण, आईटी उपकरणों और अन्य हार्डवेयर को खरीदने के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा, "इस परिसर में और इसके आसपास 39,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। पहली इमारत पहले ही बन चुकी है... हमने दो अन्य भवनों के लिए काम शुरू कर दिया है, जो 12-15 महीनों में पूरा हो जाएगा। हम प्रत्येक 18 महीने में एक भवन तैयार करेंगे। उक्त निवेश प्रतिबद्धता में योट्टा डी1 के लिए किया गया निवेश शामिल है। योट्टा इंफ्रास्ट्रक्चर के सह-संस्थापक और सीईओ सुनील गुप्ता ने कहा, "प्रत्येक डेटा सेंटर पर 6,500 करोड़ रुपये खर्च होंगे। निवेश प्रतिबद्धता छह डेटा सेंटर के लिए है। हमने पहले ही डी2 और डी3 के लिए काम शुरू कर दिया है, जो 12-15 महीनों में तैयार हो जाएगा। कंपनी ने ग्रेटर नोएडा स्थित अपने डेटा सेंटर पार्क में लगभग 1,500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ योट्टा डी1 की स्थापना की है। इसके अलावा अगले दो डेटा सेंटर भवनों - योट्टा डी2 और डी3 का शिलान्यास किया गया है। कंपनी योट्टा डी1 में आईटी उपकरणों के लिए 5,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करेगी।

## दो साल के निचले स्तर पर आया भारत का विदेशी मुद्रा भंडार, आयी 3.847 अरब डॉलर की गिरावट

दिल्ली। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 2 साल के निचले स्तर पर पहुंच गया है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 3। 847 अरब डॉलर घटकर 524। 52 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई 2020 के बाद से विदेशी मुद्रा भंडार निचले स्तर पर है। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4। 50 अरब डॉलर घटकर 528। 37 अरब डॉलर रह गया था। पिछले कई महीनों से विदेशी मुद्रा भंडार में कमी होती देखी जा रही है। देश के मुद्राभंडार में गिरावट आने का मुख्य कारण यह है कि रुपये की गिरावट को थामने के लिए केन्द्रीय बैंक मुद्रा भंडार से मदद ले रहा है। एक साल पहले अक्टूबर 2021 में देश का विदेश मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

## फेड रिजर्व का निर्णय, तिमाही नतीजे और वाहन बिक्री आंकड़ों का बाजार पर रहेगा असर

मुंबई (एजेंसी)। वैश्विक बाजार के कमजोर रुख के बावजूद घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की दमदार लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक की छलांग लगा चुके घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह फेड रिजर्व के निर्णय, रूस-यूक्रेन तनाव, कंपनियों के तिमाही नतीजे, डीआईआई का रुख और सितंबर के वाहन बिक्री आंकड़ों का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 652.7 अंक की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 59959.85 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 210.5 अंक मजबूत होकर 17786.80 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई की मझौली और



छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई। इससे मिडकैप 242.19 अंक की बढ़त लेकर 25047.34 अंक और स्मॉलकैप 121.75 अंक चढ़कर 28688.57 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका में कीमतें कम होनी शुरू हो गई हैं लेकिन अभी भी महंगाई का स्तर ऊंचा बना हुआ है। साथ ही तीसरी तिमाही में निजी क्षेत्र में रोजगार सृजन की गति धीमी बनी हुई है। यह दूसरी तिमाही के 1.6

> ◆अगले सप्ताह फेड रिजर्व के निर्णय, रूस-यूक्रेन तनाव, कंपनियों के तिमाही नतीजे, डीआईआई का रुख और सितंबर के वाहन बिक्री आंकड़ों का असर रहेगा।

प्रतिशत के मुकाबले तीसरी तिमाही में 1.2 प्रतिशत ही रही है। इस परिदृश्य में अगले सप्ताह 01-02 नवंबर को अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की मौद्रिक नीति समीक्षा के लिए होने वाली बैठक में एक बार फिर से ब्याज दर में बढ़ोतरी किये जाने की संभावना प्रबल हो गई है। इसका असर बाजार पर साफ दिखाई देगा। वहीं, रूस के काला सागर से यूक्रेन के अनाज के निर्यात को रोके जाने का प्रभाव भी बाजार पर रहेगा।

## नये बॉस एलन मस्क की योजना: ट्विटर के ब्लू टिक के लिए चुकानी होगी मोटी रकम

दिल्ली। ट्विटर की कमान हाथ में लेते ही नए बॉस एलन मस्क ट्विटर यूजर्स से कमाई के लिए जल्द ट्विटर ब्लू टिक सब्सक्रिप्शन के जरिए मोटा पैसा चार्ज करने की योजना बना रहे हैं। इस बात की जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स के जरिए सामने आई है, गौरतलब कि अभी मौजूदा समय में वेरिफाइड यूजर्स के पास ब्लू टिक लेने के बाद सब्सक्राइब करने के लिए 90 दिन का समय होता है, नहीं तो यूजर्स अपना ब्लू टिक खो देते हैं। रिपोर्ट के अनुसार इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे कर्मचारियों को रविवार यानी 30 अक्टूबर को बताया गया है कि उन्हें 7 नवंबर की समय सीमा तक इस फीचर को लॉन्च करने के लिए डेडलाइन दी जा रही है। ऐसा नहीं होने पर उन्हें कंपनी से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के सबसे प्रभावशाली सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर का अधिग्रहण करने के बाद एलन मस्क ने एक ट्वीट के जरिए इस बात की जानकारी दी है कि ट्विटर अपने वेरिफिकेशन प्रोसेस को संशोधित करन को लेकर काम कर रहा है। ट्विटर जल्द यूजर्स से ब्लू टिक का पैसा लेगा, जी हां वो भी एक बार नहीं बल्कि हर महीने आपको ब्लू टिक के लिए अच्छी खासी मोटी रकम देनी पड़ेगी। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रतिमाह यूजर्स को 19।99 डॉलर लगभग 1646 रुपये का चार्ज देना पड़ेगा।

## देश में बने सामानों को प्रधानता दे व्यापारी समुदाय: गोयल

हैदराबाद (एजेंसी)। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने देश के व्यापारी समुदाय से आग्रह किया कि वे घरेलू बाजार में निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता दें ताकि घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन मिले। वह शनिवार को यहां ऑल इंडिया वैश्य फेडरेशन (एआईवाईएफ) को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर यह भी कहा कि कई विकसित देश भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने के इच्छुक हैं। उन्होंने देश के युवाओं को लोगों की दैनिक जरूरतों की पूर्ति को आसान बनाने के लक्ष्य के साथ नवोन्मेषक और उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया। वाणिज्य मंत्री ने भारत में उद्योग और निर्माण-कार्य को प्रोत्साहित करने की जरूरत पर बल देते हुये कहा कि इससे रोजगार बढ़ेगा और हमारे नागरिकों के जीवन में समृद्धता आयेगी। उल्लेखनीय है



कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में भ्रमण के लिए निकलने वाले यात्रियों और पर्यटकों का आह्वान किया था कि वे अपने यात्रा बजट का कम से कम पांच प्रतिशत स्थानीय उत्पादों को खरीदने में व्यय करें। श्री गोयल ने इस आह्वान का स्वागत करते हुये कहा हमारे प्रतिभाशाली शिल्पकार, दस्तकार और उद्यमी समर्थन तथा प्रोत्साहन के हकदार हैं। उन्होंने कहा कि

> ◀◀ सरकार ने 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाकर, साफ-सफाई को बढ़ावा देकर लोगों तथा हर घर की बहुत बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में सफलता प्राप्त की है। पिछले 30 वर्षों में भारत का सकल घरेलू उत्पाद 11.8 गुना बढ़ा है।

पिछले 30 वर्षों में भारत का सकल घरेलू उत्पाद 11.8 गुना बढ़ा है। पर अब ढांचागत सुधारों पर सरकार की ओर से विस्तृत रूप से ध्यान दिए जाने के कारण हालात में जबरदस्त बदलाव आया है। इससे लोगों को जीवन की बुनियादी जरूरतों के लिये संघर्ष से मुक्ति मिल रही है। इसी संदर्भ में उन्होंने कहा, सरकार ने 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाकर, साफ-सफाई को बढ़ावा देकर लोगों तथा हर घर की बहुत बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में सफलता प्राप्त की है। बात तो महज शौचालय की थी, लेकिन इसने सभी के और खासतौर से महिलाओं के आत्म-सम्मान के भाव को बनाये रखा। श्री गोयल 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त खाद्यान्न आपूर्ति करके खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करके और 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना में मुफ्त बेहतर स्वास्थ्य सुविधा तथा जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल से पानी पहुंचाने के कार्यक्रम का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, हमारे युवा अब जरूरतों के लिये संघर्ष करने से आजाद हो चुके हैं और वे बहुत आकांक्षी हैं। वे नवोन्मेषक और उद्यमी बनना चाहते हैं तथा देश के विकास में योगदान करना चाहते हैं।

## रिन्यू एनर्जी का 2040 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन वाली कंपनी बनने का लक्ष्य

नयी दिल्ली। ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी रिन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी ने सोमवार को वर्ष 2040 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन वाली कंपनी बनने की प्रतिबद्धता जताई। कंपनी ने बयान में कहा, रिन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी ने वित्त वर्ष 2021-22 की अपनी संवहनीयता रिपोर्ट के माध्यम से 2040 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन वाली कंपनी बनने का ईएसजी (पर्यावरणीय, सामाजिक दायित्व एवं कंपनी कामकाज) लक्ष्य घोषित किया है। उल्लेखनीय है कि भारत ने 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। कंपनी ने दावा किया कि दुनिया की बड़ी ऊर्जा कंपनियों से भी पहले वह इस लक्ष्य को हासिल करना चाहेगी। कंपनी इस लक्ष्य को एक समग्र कार्यक्रम के जरिये हासिल करने की मंशा रखती है। इनमें सभी ईंधन से चलने वाले उपकरणों को बिजली से चलाने और परिवहन के लिए हरित लॉजिस्टिक का दोहन करने पर जोर दिया जाएगा।

# राहत भरी खबर, खाद्य तेल की कीमतों में आई गिरावट

**नवीन मेल संवाददाता**

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी के लिए राहत भरी खबर है। दरअसल, देश की मंडियों में सोयाबीन और मूंगफली की आवक बढ़ने के कारण अन्य खाद्य तेल कीमतों पर भी दबाव कायम हो जाने से दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सरसों, सोयाबीन, मूंगफली तेल-तिलहन और कच्चा पाम तेल एवं पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट देखने को मिली। नमकीन बनाने वाली कंपनियों की मांग से बिनौला तेल कीमतों में सुधार आया। कारोबारी सूत्रों ने कहा कि कांडला बंदरगाह पर आयात भाव के मुकाबले सीपीओ और पामोलीन तेल महंगा मिलने से मांग कुछ प्रभावित हुई है जिसकी वजह से सीपीओ और पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट है। इसका असर मूंगफली सहित बाकी तेल तिलहन कीमतों पर भी हुआ है जिससे उनके भाव भी दवाब में रहे। उन्होंने कहा कि देश में लगभग 70



प्रतिशत खाद्य तेलों की मांग को आयात से पूरा किया जाता है लिहाजा सिर्फ घरेलू तेल तिलहनों पर स्टॉक लिमिट लागू करने का कोई औचित्य नहीं दिखता। सूत्रों ने कहा कि पिछले कुछ वर्षो से वायदा कारोबार में सीपीओ और सोयाबीन का भाव संभवतः कुछ बड़ी कंपनियों ने कम चला रखे थे जिससे घरेलू आयातकों की हालत खराब हो गयी और उनका कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ। अब इन तेलों का आयात कुछ बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने संभाल रखा है। सूत्रों ने कहा कि देश के तेल उद्योगों के प्रमुख संगठनों को सरकार तक यह बात पहुंचानी चाहिए कि उनकी कोटा प्रणाली से तेल के कम आपूर्ति की स्थिति पैदा हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार को सोयाबीन और सूरजमुखी जैसे सभी खाद्य तेलों पर कम से कम 5.50 फीसदी का आयात शुल्क लगा देना चाहिए।

सूत्रों के मुताबिक, आने वाले दिनों में शादियों का मौसम शुरू होने के अलावा जाड़े की मांग भी निकलेगी। इस दौरान हल्के तेलों की मांग काफी

> ◀◀ देश के तेल उद्योगों के प्रमुख संगठनों को सरकार तक यह बात पहुंचानी चाहिए। सरकार को सोयाबीन और सूरजमुखी जैसे सभी खाद्य तेलों पर कम से कम 5.50 फीसदी का आयात शुल्क लगा देना चाहिए।

बढ़ेगी। सरकार को आयात शुल्क लगाने के बारे में तत्काल कोई फैसला करना होगा क्योंकि सूरजमुखी और सोयाबीन तेलों के आयात में लगभग डेढ़ से दो महीने का समय लगता है। सूत्रों ने कहा कि खाद्य तेल तिलहनों में सोयाबीन की आवक बढ़ रही है और सोमवार से गुजरात में मंडियों के खुलने के बाद मूंगफली पर भी दबाव देखने को मिल सकता है ऐसे में सरकार को यह ध्यान देना होगा कि किसानों को दिक्कत पेश न आए और उन्हें वाजिब दाम मिले।


## चीन में विनिर्माण कमजोर हुआ, अर्थव्यवस्था में गिरावट की आशंका बढ़ी

बीजिंग। चीन में अक्टूबर के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में कमजोरी देखने को मिली, जिसके चलते अर्थव्यवस्था में गिरावट की आशंका बढ़ गई है। चीन के सरकारी सांख्यिकी ब्यूरो और एक आधिकारिक उद्योग समूह के अनुसार मासिक क्रय प्रबंधकों का सूचकांक अक्टूबर में घटकर 49.2 रह गया, जो सितंबर में 50.1 था। इस सूचकांक में 50 से कम अंक का अर्थ संकुचन है। इन आंकड़ों के मुताबिक नए ठेकों और रोजगार में गिरावट आई है। इससे पहले आशंका जताई गई थी कि 2022 के अंत में आर्थिक वृद्धि कमजोर हो जाएगा, क्योंकि वैश्विक मांग में कमी के चलते निर्यात प्रभावित होगा। इसके अलावा चीन में कोविड-19 पर काबू पाने के लिए शहरों में बार-बार लॉकडाउन लगाया गया। इस वजह से घरेलू बाजार में उपभोक्ता खर्च में कमी हुई।

## मार्च के हाई से 30% नीचे आया कच्चा तेल, कोयले की कीमतें भी कई महीनों से आयी गिरावट

> ◀◀ यूएस डबल्यूटीआई क्रूड फ्यूचर्स अपने मार्च के उच्च स्तर से 30 फीसदी नीचे आ चुका है। वैश्विक ऊर्जा कीमतें गिरकर रूस-यूक्रेन युद्ध के पहले के स्तर तक आ रही हैं।

नई दिल्ली। कच्चे तेल की कीमतों में पिछले कुछ महीनों से अच्छी गिरावट आई है। यूएस डबल्यूटीआई क्रूड फ्यूचर्स अपने मार्च के उच्च स्तर से 30 फीसदी नीचे आ चुका है। वैश्विक ऊर्जा कीमतें गिरकर रूस-यूक्रेन युद्ध के पहले के स्तर तक आ रही हैं। कमजोर मांग की आशंकाओं के चलते प्राकृतिक गैस और कोयले की कीमतें भी कई महीनों के निचले स्तर पर आ गई हैं। सोमवार को शुरूआती कारोबार में भी कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। ब्रेंट



ऑयल 0.78 फीसदी या 0.72 डॉलर की गिरावट के साथ 93.05 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड करता दिखाई दिया। वहीं, क्रूड ऑयल डबल्यूटीआई 0.56 फीसदी की गिरावट के साथ 87.41 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड करता दिखा। हालांकि, देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लंबे समय से कोई बदलाव नहीं हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर मिल रहा है। इसके अलावा चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल का भाव 94.24 रुपए प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में सोमवार को पेट्रोल 106.03 रुपए प्रति लीटर और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है। नोएडा में सोमवार को पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.96 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है।

सम्पादक की कलम से...

## हादसे का जिम्मेदार कौन?

**गुजरात** के मोरबी में हुए पुल हादसे में करीब 164 लोग जान गंवा चुके हैं। आगे और जानें जाने की संभावना से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। सरकार से लेकर सेना तक सभी अलर्ट मोड पर हैं। घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है। साथ ही जांच के भी आदेश दिए गए हैं। इसके बाद भी 'हादसे का जिम्मेदार कौन?' जैसे कई सवालों के जवाब अब तक नहीं मिल सके हैं। स्थिति को विस्तार से समझते हैं। पहली बात यह कि पुल का फिटनेस सर्टिफिकेट जारी ही नहीं किया गया था। अब सवाल उठता है कि आखिर बगैर सर्टिफिकेट पुल को आम जनता के लिए कैसे खोल दिया गया। जिम्मेदार कौन है? खबर है कि पुल को करीब 7 महीने पहले रिनोवेशन के लिए बंद कर दिया गया था। अब सवाल है कि रिनोवेशन के बाद भी यह हादसा कैसे हो गया। पुल की सैर करने वाले लोग टिकट लेकर गए थे। इससे साफ है कि पुल की क्षमता और लोगों की गिनती के बारे में टिकट बेचने वाले को जानकारी थी। कुछ रिपोट्‌र्स के अनुसार, पर्यटकों से तय से ज्यादा राशि भी वसूली जा रही थी। मोरबा पुल पर आने के लिए करीब 15 रुपये की फीस लगती है। तो क्या दिवाली के बाद वाले वीकेंड पर किसी ने जानबूझ कर कमाई की लालच से इस पुल को बिना फिटनेस जांच के ही खोल दिया था। मामले की जांच जारी है और यकीनन कुछ दिनों बाद जांच के कुछ ना कुछ नतीजे तो आ ही जाएंगे। करीब 164 से ज्यादा मौतों से जुड़ी इस बड़ी लापरवाही को लेकर अब कई बातें सामने आ रही हैं। हादसे को लेकर हैरानी की ऐसी कई सारी बातें हैं जिस पर शायद ध्यान दिया गया होता तो शायद इतना भयानक मंजर देखने को नहीं मिलता। मच्छु नदी पर बने इस पुल पर 100-150 लोगों के आने की क्षमता थी। हादसे के दिन यानी रविवार को इस पुल पर क्षमता से 5 गुना ज्यादा लोग सवार थे। आखिर कैसे 100 लोगों की क्षमता वाले पुल पर 400-500 लोग आ गये, किसने इसकी अनुमति दी? इस पुल पर आने के लिए करीब 15 रुपये की फीस लगती है। तो क्या दिवाली के बाद वाले वीकेंड पर किसी ने जानबूझ कर कमाई की लालच से इस पुल को बिना फिटनेस जांच के ही खोल दिया था और इतने लोगों की भीड़ पुल पर जुट गई थी। बताया जा रहा है कि इस सस्पेंशन ब्रिज को एक निजी फर्म द्वारा सात महीने के मरम्मत कार्य के बाद दीपावली के अगले दिन जनता के लिए फिर से खोल दिया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो अंग्रेजों के समय का यह "हैंगिंग ब्रिज" जिस समय टूटा, उस समय उस पर कई महिलाएं और बच्चे मौजूद थे तथा पुल टूटने के कारण वे नदी में गिर गए। जब पुल टूटा तो उस समय स्थानीय लोगों के अलावा नजदीकी शहरों और गांवों के लोग भी पुल पर मौजूद थे। दीपावली की छुट्टी और रविवार होने के कारण पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे इस पुल पर काफी भीड़ थी। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हादसे से पहले कुछ लोगों को पुल पर कूदते और उसके बड़े तारों को खींचते हुए देखा गया। ऐसे में बड़ा सवाल यह कि इस लापरवाही का जिम्मेवार कौन है। हालांकि सरकार ने मुआवजे की घोषणा कर दी है। देश के प्रधानमंत्री घटनास्थल का मुआवना करने वाले हैं। लेकिन जो जानें गयी,क्या उसे वापस लाया जा सकता है। ऐसे में इस हादसे के जवाबदेह लोगों पर कड़ी कार्रवाई जरूरी है।

## आज का इतिहास

**2002 :** बुसान में 14वें एशियाई खेलों का समापन।
**1964 :** डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर को 35 वर्ष की उम्र में अमेरिकी समाज में रंगभेद के विरुद्ध अहिंसात्मक आंदोलन के लिए नोबेल शांति पुरस्कृत किया गया।
**2010 :** दिल्ली में 19वें राष्ट्रमंडल खेलों का समापन।
**2012 :** नाइजीरिया की एक मस्जिद में बंदूकधारियों ने 20 लोगों की हत्या की।
**1981 :** होस्नी मुबारक मिस्र के चौथे राष्ट्रपति बने।
**1979 :** जर्मनी के बॉन में परमाणु ऊर्जा के खिलाफ करीब एक लाख लोगों ने प्रदर्शन किया।
**1997 :** ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय और प्रिंस फि लिप ने अमृतसर के जलियांवाला बाग में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।
**1999 :** परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) अमेरिकी सीनेट में नामंजूर।
**2000 :** अमेरिका ने पाकिस्तान सहित 22 देशों में अपने दूतावास बंद किये।
**2004 :** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को सेना प्रमुख बनाये रखने वाला विधेयक पारित किया।
**2007 :** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने चिकित्सा और कृषि क्षेत्रों में परमाणु प्रौद्योगिकी के प्रयोग के लिए नेपाल को मंजूरी प्रदान की।
**2008 :** भारतीय रिजर्व बैंक ने म्युचुअल फंड्स की जरुरतों को पूरी करने के लिए अतिरिक्त 200 अरब रुपये जारी करने की घोषणा की।
**1895 :** भारतीय क्रिकेट टीम के प्रथम टेस्ट कप्तान सी. के. नायडू का जन्म।
**1911 :** प्रसिद्ध अभिनेता अशोक कुमार का जन्म।
**1948 :** सूफी भक्ति संगीत और कव्वाली के प्रसिद्ध गायक नुसरत फतेह अली खान का जन्म।
**1976 :** बोलीविया में बोइंग जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त, 100 लोगों की मौत।
**1987 :** कोस्टारिका के राष्ट्रपति ऑस्कर आरियास को शांति का नोबेल पुरस्कार मिला।

# कामकाजी तनाव में असंतुलित जिंदगी

> कोविड काल के बाद कामकाजी दबाव और रोजगार से जुड़ी चिताएं दुनिया के हर कोने में बढ़ी हैं। इस आपदा के बाद बेचैनी और मानसिक अवसाद के मामलों में पच्चीस फीसद की वृद्धि हुई है। हालात ऐसे हो चले हैं कि पहली बार यूएन स्वास्थ्य एजेंसी ने प्रबंधकों के प्रशिक्षण की सिफारिश कर कामगारों के लिए तनावपूर्ण माहौल पर लगाम लगाने की बात कही है। दुनिया के हर हिस्से में अवसाद और तनाव का घेरा हर आयुवर्ग के कामकाजी लोगों के जीवन की सहजता में बाधा बन रहा है। जून 2022 में प्रकाशित वर्ल्ड मेंटल हेल्थ रिपोर्ट के अनुसार कामकाजी लोगों में पंद्रह फीसद वयस्कों को मानसिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन ने कामकाजी आबादी के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर उपजी चिंताओं से निपटने के लिए ठोस उपाय किए जाने की बात कही है। उन्होंने कार्यस्थल पर नकारात्मक परिस्थितियों और संस्कृतियों पर लगाम लगाने और कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण को लेकर अनुशंसा जारी की है। इस सूची में काम का अत्यधिक बोझ, नकारात्मक व्यवहार, भेदभाव और कार्यस्थल पर तनाव को कर्मचारियों की मनःस्थिति के लिए तकलीफदेह बताया गया है। अनुमान है कि मानसिक अवसाद और बेचैनी के कारण हर वर्ष विश्व अर्थव्यवस्था को करीब एक हजार अरब डालर का नुकसान पहुंचता है। साथ ही इससे कामकाजी लोगों के व्यक्तिगत और पारिवारिक जीवन में असंतुष्टि, व्यग्रता और अलगाव पैदा होता है। खराब मानसिक स्वास्थ्य किसी भी व्यक्ति के प्रदर्शन और उत्पादकता पर नकारात्मक असर डालता है। कोविड काल के बाद कामकाजी दबाव और रोजगार से जुड़ी चिताएं दुनिया के हर कोने में बढ़ी हैं। इस आपदा के बाद बेचैनी और मानसिक अवसाद के मामलों में पच्चीस फीसद की वृद्धि हुई है। हालात ऐसे हो चले हैं कि पहली बार यूएन स्वास्थ्य एजेंसी ने प्रबंधकों के प्रशिक्षण की सिफारिश कर कामगारों के लिए तनावपूर्ण माहौल पर लगाम लगाने की बात कही है। दुनिया के हर हिस्से में अवसाद और तनाव का घेरा हर आयुवर्ग के कामकाजी लोगों के जीवन की सहजता में बाधा बन रहा है। जून 2022 में प्रकाशित वर्ल्ड मेंटल हेल्थ रिपोर्ट के अनुसार कामकाजी लोगों में पंद्रह फीसद वयस्कों को मानसिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हमारे देश के परिप्रेक्ष्य में एसोचैम की एक रिपोर्ट बताती है कि निजी और सरकारी क्षेत्र में काम करने वाले करीब 42.5 फीसद कर्मचारी अवसाद का शिकार हैं। कुछ समय पहले गोदरेज कंपनी द्वारा भारत के तेरह शहरों में करवाए गए एक सर्वे में 68.2 फीसद लोगों ने माना था कि वे अपनी शर्तों पर जिंदगी नहीं जी पा रहे हैं, न अपने परिवार को समय दे पाते हैं। उनका कहना था कि कामकाज की भागदौड़ और जिंदगी में संतुलन ही नहीं बचा है। गौरतलब है कि उन्हें सप्ताह के छह दिन बारह घंटे काम करना पड़ता है। ध्यातव्य है कि चीन की बड़ी तकनीकी कंपनियों और स्टार्टअप में यह कार्य संस्कृति आम है। हमारे यहां भी निजी कंपनियों की कार्य संस्कृति कुछ ऐसी ही है। यह देखने में बहुत सहज और सुविधाजनक लगती है, पर युवा इस आपाधापी के परिवेश का तनाव नहीं झेल पा रहे हैं। अध्ययन बताते हैं कि निजी क्षेत्र में मिलने वाले कामकाजी दबाव के चलते तीस से चालीस वर्ष के लोगों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मानसिक व्यग्रता और दिल की बीमारियां बढ़ी हैं। इसकी वजह यह भी कि कर्मचारियों में काम का तनाव बहुत बढ़ गया है, पर शारीरिक गतिविधियों में कमी आई है। इजराइल के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक मधुमेह होने और बढ? का संबंध कार्यस्थल के तनाव से जुड़ा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि सामाजिक सहायता के अभाव में ऐसी बीमारियों का खतरा और बढ़ जाता है। तेल अवीव विश्वविद्यालय के ह्यजर्नल आफ आक्यूपेशनल हेल्थ एंड साइकालजीह्ल के अनुसार सामाजिक सहायता की कमी और कार्यस्थल पर अत्यधिक तनाव के चलते स्वस्थ कर्मचारियों में भी आगे चल कर इस रोग के होने की आशंका है। यानी दफ्तरों में कामकाज के माहौल और कर्मचारियों की मानसिकता का सीधा संबंध है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन ने अपनी अनुशंसाओं में इन्हीं स्थितियों के निपटने की बात कही है। आमतौर पर कार्यस्थल पर कर्मचारियों की मनःस्थिति को प्रभावित करने वाले कामकाजी दबाव की गंभीरता को समझा ही नहीं जाता, जबकि भावनात्मक रूप से परेशान करने वाली ऐसी तनावजन्य परिस्थितियां जीवन के हर पहलू पर असर डालती हैं। बावजूद इसके, केवल पैंतीस फीसद देशों में कामकाज संबंधी मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के सिलसिले में राष्ट्रीय कार्यक्रम बने हुए हैं। यही वजह है कि यूएन श्रम एजेंसी ने बाकायदा नीतिपत्र जारी कर सरकारों, नियोक्ताओं, कामगारों और निजी तथा सार्वजनिक क्षेत्रों में उनके संगठनों के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के इन दिशानिर्देशों की जानकारी पहुंचाई है। यूएन श्रम एजेंसी द्वारा जताई जा रही चिंता विशेष रूप से उन पेशों से जुड़े लोगों की भी है।

■ मोनिका शर्मा

## जेब और इज्जत

हमने एक साहब को दुकान के उद्घाटन पर बतौर मुख्य अतिथि न्यौता दिया। मुख्य अतिथि उन्हीं को बनाना चाहिए जो आगे चलकर हमारे काम आ सके। वो क्या है न कि उनके नाम से दो-चार विज्ञापन यूँ ही झड़ जाते हैं जैसे हवा के चलने से पेड़ के सूखे पत्ते। साहब पर कई मुकदमे चल रहे हैं। खाने के नाम पर पैसा, ओढ़ने के नाम पर बेईमानी, बचाने के नाम पर टैक्स और दिखाने के नाम पर ठेंगा इनका शगल है। वे प्रायः बाहर रहते हैं। उन्हें अंदर की हवा पसंद नहीं है। समाचार पत्रों का पहला पन्ना छोड़कर बाकी सब पन्ने पढ़ने के शौकीन हैं। पहले पन्ने पर इन्हीं की कारस्तानियों की खबरें छाई रहती हैं, ऐसे में खुद के बारे में पढ़ना अपनी शान के खिलाफ समझते हैं। वे अपनी हाजिरजवाबदारी के लिए हमेशा चर्चा में रहते हैं। एक दिन उनसे किसी पत्रकार ने कह दिया कि आपने देश का पैसा खा लिया। आप गद्दार हैं। इस पर उन्होंने अपनी जेब से पाँच का सिक्का निकाला और कहा - यह लो सिक्का और इसे खाकर दिखाओ। यदि तुम खा गये तो मैं मान लूँगा कि मैंने पैसा खाया है। जेब से खुद का सिक्का निकालकर उसे किसी दूसरे को खाने के लिए देना कभी गद्दार की निशानी नहीं हो सकती। पत्रकार ने पलट कर पूछा - फिर आप दो साल जेल में क्यों रहे? जेल में रहने का मतलब तो यही हुआ न कि आपने कुछ गलत किया था। साहब ने एक लंबी सांस ली और धीरे से कहा - फिर आजादी से पहले जो लोग जेल गये थे, क्या वे दोषी थे? नहीं न! उन्हें तब की सरकार ने जेल भेजा था। मुझे अबकी सरकार ने। उन्हें देश के लिए लड़ने के एवज में भेजा था तो मुझे खुद के एवज में। उनका मामला कोर्ट कचहरी में चला, मेरा मामला भी कोर्ट कचहरी में चला। वे भी बाहर आये थे, हम भी बाहर आए। फर्क केवल इतना था कि वे अपनी दलीलों से बाहर आए और हम अपने दलालों से। दलीलें दलाल से नहीं दलालों से दलीलें चलती हैं। पत्रकार ढीठ था। उसने पूछा - फिर सरकार आपके खिलाफ क्यों है? साहब ने कहा - इसलिए कि इससे पहले की सरकारें मेरे साथ थीं। सरकारों के बीच की दुश्मनी दो पाटों की तरह होती है, जिसमें हम जैसे घुन को पीसा जाता है। अच्छा हुआ कि मैं घुन नहीं साबुत पत्थर निकला। सो बाहर निकल आया। वैसे भी जेब और इज्जत का क्या है, कुछ देर खाली रहने के बाद फिर से भर जाती हैं। वो दिन लद गए कि लुटी इज्जत फिर से नहीं कमाई नहीं जा सकती। अब इज्जत मापने के पैमाने बदल गये हैं। वैसे तुम्हें बता दूँ कि हम बहुत जल्द चुनाव लड़ने जा रहे हैं। नेता बनते ही सफेद कपड़ों के साथ सफेद चरित्र फ्री में मिलता है।

■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

## कुदरत से खिलवाड़ के खतरे

ऊपर से जलवायु नियंत्रण के लिए रासायनिक प्रयोगों ने आग में घी का काम तो नहीं कर दिया? आखिर क्यों जलवायु परिवर्तन को लेकर ढिंढोरा पीटने वाले दुनिया भर के चिंतक, राजनेता, शासक और शोध संस्थान चुप हैं या जानबूझ कर अनजान बने हुए हैं?क्या बदलते, बेकाबू होते और छिन-पल बिगड़ते मौसम के लिए वे शोध और प्रयोग भी जिम्मेदार हैं, जिन्हें वैज्ञानिक तो कहा जा सकता है, लेकिन कुदरत के अनुकूल कतई नहीं। यह सवाल काफी हद तक चिंतित करता है और विश्वास करने पर मजबूर भी। सबसे गहरा सवालिया निशान चीन पर है, जिसने बीते दस वर्षों में मौसम में अपने अनुकूल सुधार के लिए लगभग पचास लाख प्रयोग कर डाले और अथाह पैसा बहाया। इसे लेकर चीन पर कई आरोप भी लगे। इसी जुलाई और अगस्त में चौंसठ दिनों तक चीन में जबर्दस्त लू चली, काफी गर्मी पड़ी। कई इलाकों का तापमान चालीस डिग्री को पार कर गया। बड़ी-बड़ी नदियां और दूसरे जलस्रोत सूखने लगे। फसलों को बचाने के लिए चीन ने बड़े पैमाने पर 'क्लाउड सीडिंग' तकनीक अपनाई और बारिश कराई। दूसरे कई देश भी कभी प्रयोग, तो कभी जरूरत के लिए थोड़ा-बहुत इस तकनीक को अपनाते रहे हैं। तरीका वैज्ञानिक जरूर है, लेकिन प्रकृति-विरोधी है। जुलाई का महीना यों तो संयुक्त अरब अमीरात के लिए सूखा व गर्म होता है, लेकिन अबकी बार एक ही दिन में इतनी भयंकर बारिश हुई कि जितनी वहां पूरे साल में नहीं होती। इसमें आधा दर्जन से ज्यादा लोगों की जान चली गई। वहां भी जबसे कृत्रिम तरीके आजमाये जाने लगे हैं, तभी से ऐसा होने लगा है। कमोबेश यही स्थिति पिछले साल गर्मियों के दौरान जर्मनी और बेल्जियम में दिखी। वहां जबर्दस्त बाढ़ आई। मौसम के बिगड़ते रूप को सिर्फ तापमान से नहीं जोड़ सकते, क्योंकि सर्दी, गर्मी, बर्फबारी, बेमौसम बारिश और बाढ़ की तबाही के तमाम मंजर सामने हैं। इधर भारत में अक्तूबर माह में लौटते मानसून के साथ आधे से ज्यादा देश में बाढ़, बारिश से तबाही का वह रूप दिखा जो अमूमन नहीं दिखता। देखना होगा कि क्यों पुणे में अक्तूबर के तीसरे हफ्ते में बारिश का एक सौ चालीस सालों का रिकार्ड टूटा? वहीं महाराष्ट्र के कई इलाकों में लौटते मौसम से खड़ी फसल बर्बाद हो गई। पूरे उत्तराखंड में अगस्त के आखिरी सप्ताह में बारिश का जबर्दस्त कहर दिखा।उत्तर प्रदेश में भारी और एकाएक बारिश से अक्तूबर के दूसरे हफ्ते में इटावा के पास बांध टूटने से सैकड़ों गांवों में पानी घुस गया। इसी तरह आजमगढ़ जिले में कैंची बांध भी भारी बारिश के दबाव से टूट गया और गहरी नींद में सोए सैकड़ों लोगों के घर डूबने लगे। आंबेडकर नगर और बाराबंकी में सरयू नदी से हजारों लोगों के आशियाने तबाह हो गये। यही हाल दर्जनों जिले में था। मध्यप्रदेश में बाणसागर की दो नहरें टूट गईं। इसी तरह दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सितंबर के आखिरी हफ्ते की बारिश ने सबको हैरान कर दिया। पूरे देश में इस बारिश ने अपना अलग ही रंग दिखाया। बंगलुरु में बारिश की तबाही ने नब्बे साल का रिकार्ड तोड़ दिया। पड़ोसी नेपाल, पाकिस्तान, बांग्लादेश के हालात भी हम से अच्छे नहीं रहे। मौसम के ऐसे परिवर्तन के लिए दूसरे ज्ञात तत्त्व भी जिम्मेदार हैं, जिनमें जंगलों का अंधाधुंध दोहन, पहाड़ों को गिट्टियों में बदलना, नदियों से अंधाधुंध रेत निकालना, जीवाश्म ईंधन- कोयला, पेट्रोल, डीजल, मिट्टी के तेल के बेहिसाब उपयोग से वायुमंडल को प्रदूषित करना और तापमान बढ़ाने वाली गैसों का अंधाधुंध उत्सर्जन, सबको पता है। मगर कम सुर्खियों और चचाओं में रहे 'क्लाउड सीडिंग' और दूसरी जलवायु नियंत्रण तकनीकों के प्रभावों और परिणामों पर भी गंभीर वैज्ञानिक मंथन करना होगा। कृत्रिम बारिश, बर्फबारी नियंत्रण, तापमान नियंत्रण के प्रयासों के परिणामों को भी जानना होगा। वायुमंडल का तापमान बढ़ाने के लिए पहले ही औद्योगीकरण और शहरीकरण काफी हद तक जिम्मेदार हैं, जिससे ग्रीन हाउस गैसों का संतुलन प्रभावित हो गया है। वर्ल्ड मेट्रोलाजिकल आर्गनाइजेशन की एक रिपोर्ट बताती है कि दुनिया भर के छप्पन देश 'क्लाउड सीडिंग' का प्रयोग कर रहे हैं, मगर फायदे-नुकसान पर चुप्पी साधे हुए हैं। इस बारे में यदा-कदा ही कुछ सामने आता है, पर दावे के साथ कोई कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं है कि ऐसे प्रयोग प्रकृति के लिए फायदेमंद हैं या नुकसानदेह! अपने-अपने तर्क जरूर देकर खुद ही तसल्ली कर लेते हैं। मगर हाल ही में जिस तरह के प्रकृति के प्रकोप एकाएक सामने आए हैं, उनकी वजहों को ढूंढ?ा ही होगा। ऐसा क्यों हो रहा है, इसके पीछे कौन से वैज्ञानिक प्रयोग हैं या प्राकृतिक वजहें ही हैं, जिस पर ज्यादा चचाएं या बैठकें नहीं हुईं। भले यह मानने का कोई आधार नहीं है, लेकिन क्या पड़ोस में ह्यक्लाउड सीडिंगह्ल के जरिए की गई रासायनिक क्रियाओं के दुष्परिणामों का असर तो नहीं? हो सकता है, देर-सबेर सच सामने आए, लेकिन जिस तरीके से मौसम को नियंत्रित करने की कोशिशों के दौरान पास-पड़ोस में असामन्य परिवर्तन या प्रभाव दिख रहा है उसका जवाब तो जरूरी है।

■ ऋ तुपर्ण दवे

### धर्म दर्शन

## श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

यह लोभ सम्पूर्ण पापकी जड़ तथा सभी दुःखोंका कारण है। लोभसे युक्त प्राणी सदा तीनों वर्णोंके लोगोंसे विरोध रखनेवाला होता है ॥ 47 ॥

लोभके वशीभूत प्राणी अपने सदाचार तथा कुल धर्मका भी परित्याग कर देते हैं। वे अपने माता, पिता, भाई, बान्धव, गुरु, मित्र, पत्नी, पुत्र तथा बहनतकका वध कर देते हैं। इस प्रकार लोभके वशीभूत मनुष्य पापसे विमोहित होकर कौन-सा दुष्कर्म नहीं कर डालता ॥ 48-49 ॥

क्रोध, काम तथा अहंकारसे भी बढ़कर लोभ महान् शत्रु है। लोभमें पड़कर मनुष्य अपने प्राणतक गँवा देता है; फिर इसके विषयमें और क्या कहा जाय! ॥ 50 ॥

हे महाराज! आपके पूर्वज धर्मज्ञ तथा सत्पथपर चलनेवाले थे, किंतु वे पाण्डव तथा कौरव लोभके कारण ही मारे गये। जहाँ भीष्मपितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण, बाह्लीक, भीमसेन, धर्मपुत्र युधिष्ठिर, अर्जुन तथा श्रीकृष्ण थे, फिर भी लोभके वशीभूत उन्होंने आपसमें भीषण युद्ध किया और अपने कुटुम्बका महाविनाश कर डाला। उस युद्धमें द्रोण, भीष्म, पाण्डवोंके पुत्र, भाई, पिता, पुत्र सभी मारे गये ॥ 51-54 ॥

अतएव लोभपरायण मनुष्य क्या नहीं कर डालता? [लोभके कारण ही] पापबुद्धि हैहयवंशी क्षत्रियोंने भृगुकुलके समस्त ब्राह्मणोंको मार डाला था ॥ 55 ॥

जनमेजय बोले- भृगुवंशकी स्त्रियोंका पुनः दुःखरूप समुद्रसे कैसे उद्धार हुआ और उन ब्राह्मणोंकी वंशपरम्परा किस प्रकार स्थिर रही ? ॥ 1 ॥

लोभके वशीभूत तथा पापाचारी हैहय क्षत्रियोंने उन ब्राह्मणोंको मारनेके पश्चात कौन-सा कार्य २ किया ? उसे आप बताइये ॥ 2 ॥

हे ब्रह्मन! आपके द्वारा कथित इस पत्रिक लिये सुखदायक तथा परलोक फल देनेवाले पान करते हुए मुझे तृप्ति नहीं हो रही है ॥ ३ ॥

व्यासजी बोले हे राजन सुनिये, वे विस भयावह दुःखसे जिस प्रकार मुक्त हुई, अब में उस [ कथामृतका मैं पापों के विनाशक की कहानी का वर्णन करूंगा ॥ 4 ॥

हे राजन! जब क्षत्रिय हैहय भृगुकुलको नारियोंको बहुत पीड़ित करने लगे तब वे भयभीत तथा निराश होकर हिमालयपर्वतपर चली गयीं ॥ 5 ॥

उन्होंने वहाँ नदी के तटपर गौरीकी मुणमयी प्रतिमा स्थापित करके निराहार रहते हुए [उपासनामें लीन होकर ] अपने मरणके प्रति पूरा निश्चय कर लिया ॥ 6 ॥

- क्रमशः

### संपादक के नाम पाठकों की पाती

## कूड़े कचरे का जमाव न रखें

आम लोगों में सफाई के प्रति जागरूक नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत मिशन उतना सफल नहीं हो पा रहा है। अभी भी लोग सफाई के प्रति उदासीन हैं। शौचालय के निर्माण में भी गंभीरता नहीं बरती जा रही है। भ्रष्ट लोगों ने उसे कमाने का जरिया बना लिया है। कई तो उस पैसे शौचालय बनाकर अन्य कामों उसका उपयोग कर रहे हैं। मेदिनीनगर शहर में भी घनी आबादी वाले में मुहल्लों में नालियां जाम हैं। जाम होने का मुख्य कारण उन नालियों में भारी मात्रा में पॉलिथीन व प्लास्टिक की बोतलों का फेका जाना है। यह दोनों ही चीजें न गलती हैं ना ही सड़ती है,जिसके कारण नालिया जाम हो जाती है। अगर नाली सड़ी सब्जी या अन्य खाद्य सामग्री डालते हैं तो वह सड़ गल जाती है, लेकिन पॉलिथीन व प्लास्टिक बोतल व अन्य कुरकुरे व चिप्स के पैकेट सड़ते -गलते नहीं जिसके कारण नालिया जाम रहती हैं। वहीं शहर की कई बड़ी नालियों में काफी कूड़ा रहा है। यह कूड़े बरसात आने पर ही वहां से बहते हैं। यह बात भी गौर करनेवाली है कि जबसे पलास्टिक व पॉलिथीन का प्रचलन हुआ है नालियों में गदंगी बढ़ी है। कागज के उपयोग से इतनी गंदगी नहीं हुआ करती थी। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से लोगों से आग्रह करता हूं कि नालियों में पॉलिथीन व प्लास्टिक की बोतलें नहीं फेंके।

■ रेखा कुमारी , मेदिनीनगर।

# कितनी बड़ी बात है 36 सैटैलाइट साथ छोड़ना

सैटलाइट कम्युनिकेशन की एक नई दुनिया बननी शुरू हुई है। 23 अक्टूबर 2022, दिन रविवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ब्रिटिश कंपनी वनवेब के लिए 36 कृत्रिम उपग्रह निर्धारित कक्षाओं में बड़ी कुशलता से स्थापित करके हमारे खित्ते में इस दुनिया की नींव रख दी है। वनवेब भारतीय कंपनी नहीं है लेकिन भारतीय उद्योगपति सुनील भारती मित्तल इसके चेयरमैन हैं और कंपनी में उनके शेयर भी सबसे ज्यादा हैं। उनका कहना है कि 2023 के मध्य से वनवेब अपने सैटलाइट नेटवर्क के जरिये उन जगहों पर भी ब्रॉडबैंड इंटरनेट और सैटलाइट कम्युनिकेशन की व्यवस्था करने लगेगी, जहां फिलहाल कोई भी लैंडलाइन या मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं है। पहली नजर में यह कोई बड़ी बात नहीं लगती, लेकिन यह खेल यकीनन बहुत बड़ा है। इंटरनेट समेत दूरसंचार की पूरी व्यवस्था अभी घर-घर पहुंचने वाले तार या दांव देखकर कहीं भी लगा दी गई सेल टावरों पर निर्भर करती है। ग्लोबल पैमाने पर इस काम के लिए समुद्र में केबल डाले जाते हैं। इसमें सैटलाइटों की भूमिका आज भी काफी बड़ी होती है लेकिन इसके साथ दो मुश्किलें जुड़ी हैं। एक तो सूचनाओं की अपलोडिंग व डाउनलोडिंग बड़े स्तर का काम है और इसकी रफ्तार कम है, दूसरे इस काम में थोड़ा वक्त लग जाता है। बीच में कोरोना लॉकडाउन के वक्त जूम क्लास के हल्ले में बच्चों को जितनी समस्याओं का सामना करना पड़ा, सबको ठीक से ध्यान में रखा जाय, तब सैटलाइट कम्युनिकेशन के मायने बेहतर समझ में आयेंगे। इसरो की उपलब्धि पर वापस लौटें तो भारत के ताकतवर रॉकेट जीएसएलवी मार्क-3 की यह पहली कमर्शल उड़ान थी। यहां कुछ बातें खास तौर पर ध्यान देने लायक हैं। छोटे उपग्रह छोड़ने के मामले में पहले भी इसरो को दुनिया के एक पावरहाउस जैसा दर्जा हासिल रहा है। इस लाइन में साढ़े छह हजार करोड़ से ज्यादा का इंटरनैशनल कारोबार वह कोरोना की बंदिशें शुरू होने से पहले कर चुका था। लेकिन यह सारी की सारी लॉन्चिंग भारत के छोटे रॉकेट पीएसएलवी (पोलर सैटलाइट लांच वीइकल) के जरिये की गई थी, जो दो टन तक वजनी चीज को मध्यम ऊंचाई वाली कक्षा तक पहुंचा सकता है। भारी रॉकेट जीएसएलवी (जियो स्टेशनरी सैटलाइट लॉन्च वीइकल) लंबे समय से इसरो के लिए एक समस्या बना हुआ था और बार-बार की विफलताओं से एक समय लगने लगा था कि रूस का साथ लिए बगैर इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की कोशिश कहीं पैसे की बबार्दी तो नहीं है। पिछले चार-पांच वर्षों में जीएसएलवी की महारत यकीनन बड़ी बात है। कुछ फर्क पीएसएलवी और जीएसलएवी की बुनियादी तकनीक में भी है, लेकिन उनकी ताकत में लगभग पांच गुने का अंतर है। धरती की नजदीकी- एक हजार किलोमीटर तक ऊंचाई वाली- कक्षाओं में जीएसएलवी 10 टन तक वजनी चीज पहुंचा सकता है और जियो स्टेशनरी यानी लगभग 30 हजार किलोमीटर ऊंची कक्षाओं में चार टन वजन का उपग्रह स्थापित कर सकता है। यह चीज इसरो की छवि दुनिया की सैटलाइट लॉन्चिंग इंडस्ट्री के एक बड़े खिलाड़ी जैसी बनाने के लिए काफी होनी चाहिए। वनवेब के साथ उसका 36-36 सैटलाइटों की दो लॉन्चिंग का कॉन्ट्रैक्ट एक हजार करोड़ रुपये से थोड़ा ज्यादा रकम में हुआ पड़ा है। एक अभी, एक अगले साल। यह संयोग रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते हाथ लगा। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोसकोसमोस ने यूरोपीय देशों के लिए सैटलाइट लॉन्चिंग से मना कर दिया। इसका अगला कदम यह है कि रूस ने कमर्शल सैटलाइट लॉन्चिंग के बाजार से खुद को अलग ही रखने का फैसला किया है। उसके एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि सैटलाइट कम्युनिकेशन पर लगने जा रही कुल पूंजी का चार फीसदी बजट ही उपग्रहों की लॉन्चिंग पर खर्च होना है, लिहाजा उसे ज्यादा फायदे का धंधा उपग्रह छोड़ने के बजाय उपग्रह बनाने का लग रहा है। इस तरह दुनिया में सबसे प्रतिष्ठित रूस के सोयुज रॉकेटों के कमर्शल लॉन्चिंग की होड़ से बाहर हो जाने के बाद भारत के जीएसएलवी के लिए मौके काफी बढ़ गये हैं। इस रॉकेट को एक बार छोड़ने का खर्चा 500 करोड़ रुपया है, यानी अभी इसका कारोबार 'नो प्रॉफिट नो लॉस' की स्थिति में है।

■ चंद्रभूषण

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।



# सर्दियों में रूखी स्किन का रखना है ख्याल तो इन चीजों को कहें ना

नींबू आपकी स्किन को ब्राइटन करने में मदद करता है। लेकिन इसमें एसिड होता है और अगर आपकी शुष्क त्वचा है, तो सर्दियों के दौरान यह आपका सबसे बुरा दुश्मन साबित हो सकता है। यह न केवल आपकी त्वचा को सुखा देगा, बल्कि यह आपकी जलन और चकत्ते भी दे सकता है। जब ठंड का मौसम आता है तो स्किन में रूखापन बढ़ने लगता है। खासतौर पर, रूखी स्किन वाली महिलाओं के लिए तो यह मौसम और भी ज्यादा परेशान करने वाला होता है। इस मौसम में रूखी स्किन वाली महिलाएं अगर अपना सही तरह से ख्याल ना रखें तो फेस पर ड्राई पैचेस हो जाते हैं। इतना ही नहीं, स्किन में खुजली और रूखेपन के कारण काफी दर्द भी होता है। अमूमन महिलाएं स्किन का ख्याल रखने के लिए किचन में मौजूद कुछ चीजों का सहारा लेती हैं।

**टमाटर :** स्किन केयर एक्सपर्ट बताते हैं कि टमाटर स्वास्थ्य और सौंदर्य दोनों के लिए ही बेहद लाभकारी माना गया है। लेकिन ठंड के मौसम में रूखी त्वचा वाली महिलाओं को इसे इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह प्रकृति में अम्लीय है। इस तरह यह आपकी त्वचा के प्राकृतिक तेलों को दूर कर सकता है और इसे सुस्त बना सकता है।

**चावल का आटा :** चावल का आटा एक बेहतरीन इंग्रीडिएंट है जो हर घर में आसानी से पाया जाता है। यह ज्यादातर एंटी-एजिंग फेस मास्क और पैक में उपयोग किया जाता है, क्योंकि यह त्वचा को लाइट बनाने में मदद करता है। इसमें स्टार्च की मात्रा अधिक होने के कारण ऐसा होता है। लेकिन, जब सर्दियों की स्किनकेयर की बात आती है, तो सूखी त्वचा वाले लोगों को इसका उपयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह आपकी त्वचा को शुष्क और बेजान बना देगा। साथ ही इससे स्किन में परत भी आ सकती है, जो आपकी स्थित कि और भी बदतर बनाएगा।

**नींबू :** स्किन केयर एक्सपर्ट के अनुसार, नींबू आपकी स्किन को ब्राइटन करने में मदद करता है। लेकिन इसमें एसिड होता है और अगर आपकी शुष्क त्वचा है, तो सर्दियों के दौरान यह आपका सबसे बुरा दुश्मन साबित हो सकता है। यह न केवल आपकी त्वचा को सुखा देगा, बल्कि यह आपकी जलन और चकत्ते भी दे सकता है। इसीलिए इसे अपनी त्वचा पर किसी भी रूप में इस्तेमाल न करें, फिर चाहे यह फेस पैक, स्क्रब, ड्राई मास्क या उस चीज के लिए कुछ भी हो। ठंड के मौसम में त्वचा पहले से ही कमजोर होती है, कुछ अम्लीय लगाने से स्थिति और खराब हो सकती है।

❖ मिताली जैन

# स्किन से करती हैं प्यार तो इन फूड्स को कहें ना



अधिकतर लोग अपने दिन की शुरूआत चाय या कॉफी से करते हैं। लेकिन कैफीन की अधिकता स्किन के लिए बिल्कुल भी उचित नहीं है। इससे आपकी स्किन पर फाइन लाइन्स व झुर्रियां नजर आ सकती हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि कैफीन आपकी त्वचा को निर्जलित कर सकता है। क्या आपको लगातार स्किन केयर प्रोडक्ट्स लगाने से भी लाभ नहीं मिल रहा है? क्या आप लगातार कील-मुंहासों व अन्य स्किन प्रॉब्लम्स से जूझ रही हैं? क्या एक अच्छा स्किन केयर रूटीन भी आपकी स्किन को ग्लोइंग नहीं बना रहा है? क्या आप बार-बार अपने ब्यूटी प्रोडक्ट्स बदल-बदलकर थक चुकी हैं? अगर इन सभी सवालों का जवाब हां है, तो हो सकता है कि आप अपने आहार पर ध्यान ना दे रही हों। आपको शायद पता ना हो, लेकिन आपका खान-पान सिर्फ आपकी सेहत ही नहीं, बल्कि स्किन को भी प्रभावित कर सकता है।

**प्रोसेस्ड मीट :** प्रोसेस्ड मीट जैसे बेकन या हॉटडॉग में नाइट्रेट और सोडियम काफी अधिक मात्रा में पाया जाता है। यह दोनों ही स्किन को नुकसान पहुंचा सकते हैं। नाइट्रेट आपकी स्किन में सूजन और झुर्रियों की वजह बन सकता है, वहीं सोडियम की अधिकता स्किन को समय से पहले बूढ़ा और रूखा बना सकती है।

**गाय के दूध से बने डेयरी उत्पाद :** यूं तो डेयरी प्रोडक्ट को सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। लेकिन गाय के दूध से बने डेयरी प्रोडक्ट्स आपकी स्किन को नुकसान पहुंचा सकता है। कई अध्ययनों से पता चलता है कि गाय का दूध और गाय के दूध से बने अन्य डेयरी उत्पाद इंसुलिन के स्तर को बढ़ाते हैं। जो कोर्टिसोल के स्तर को बढ़ाता है और सीबम उत्पादन को क्रैंक करता है। जिससे आपको स्किन में एक्ने व ब्रेकआउट्स की समस्या हो सकती है।

**कैफीन :** अधिकतर लोग अपने दिन की शुरूआत चाय या कॉफी से करते हैं। लेकिन कैफीन की अधिकता स्किन के लिए बिल्कुल भी उचित नहीं है। इससे आपकी स्किन पर फाइन लाइन्स व झुर्रियां नजर आ सकती हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि कैफीन आपकी त्वचा को निर्जलित कर सकता है। जिससे आपकी स्किन अधिक थिन हो सकती है और उसमें रिंकल्स नजर आ सकते हैं।

**हाई ग्लाइसेमिक फूड :** सफेद ब्रेड, सफेद पास्ता और आलू आदि को हाई ग्लाइसेमिक फूड की श्रेणी में रखा जाता है। यह ना केवल वजन बढ़ने की वजह हो सकते हैं, बल्कि इससे आपकी स्किन को भी नुकसान उठाना पड़ सकता है। ऐसे फूड्स के कारण व्यक्ति को ब्रेकआउट्स, पिंपल्स सहित समय से पहले उम्र बढ़ने के संकेतों की समस्या भी हो सकती है।



# पानी की बोतल हो गई है गंदी तो ऐसे करें उसे साफ

विनेगर को एक बेहद ही अच्छा क्लीनिंग एजेंट माना जाता है। अगर आपकी पानी की बोतल बहुत अधिक गंदी हो चुकी है तो ऐसे में आप विनेगर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप पानी की बोतल में थोड़ा गर्म पानी डालें। घर में पानी को पीने और उसे स्टोर करने के लिए हम सभी बोतल का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन लगातार इस्तेमाल करने के बाद वे काफी गंदी हो जाती हैं। ऐसे में उसे रेग्युलर क्लीनिंग सोप से साफ करने से वह उस तरह क्लीन नहीं हो पाते हैं। ऐसी बोतलों में एक अजीब सा पीलापन होता है और उनकी क्लीनिंग के लिए अलग तरीका अपनाने की जरूरत होती है।

## विनेगर का करें इस्तेमाल

विनेगर को एक बेहद ही अच्छा क्लीनिंग एजेंट माना जाता है। अगर आपकी पानी की बोतल बहुत अधिक गंदी हो चुकी है तो ऐसे में आप विनेगर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप पानी की बोतल में थोड़ा गर्म पानी डालें। साथ ही, इसमें थोड़ा विनेगर डालें। इसे अच्छी तरह हिलाएं और रातभर के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अगली सुबह बोतल को साफ करें। बोतल का सारा पीलापन दूर हो जाएगा।

## गर्म पानी और लिक्विड सोप का करें इस्तेमाल

अगर आपके पास विनेगर नहीं है तो ऐसे में आप गर्म पानी का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आप बॉटल में गर्म पानी डालें और कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब आप लिक्विड सोप डालें और बोतल ब्रश की मदद से उसे क्लीन करें।

## बेकिंग सोडा का करें इस्तेमाल

अगर आपकी बोतल बहुत अधिक गंदी हो चुकी है तो ऐसे में उसे साफ करने के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करना अच्छा विचार है। बेकिंग सोडा जिद्दी गंदगी को साफ करने में मददगार है। इसके लिए आप गर्म पानी में दो चम्मच बेकिंग सोडा डालकर रख लें। अगली सुबह आप बोतल को क्लीन करें और उसे साफ करें।

## क्लीनिंग टैबलेट की लें मदद

अगर आप बिना किसी परेशानी के अपनी वाटर बोतल को साफ करना चाहते हैं तो इसके लिए क्लीनिंग टैबलेट की मदद लें। यह क्लीनिंग टैबलेट आपकी बोतल को कुछ ही मिनटों में बिना किसी मेहनत के साफ कर देंगे। आपको बस इतना करना है कि बोतल में गर्म पानी भरें। साथ ही, एक क्लीनिंग टैबलेट डालें। अब आप इसे 15-20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अंत में, बोतल के पानी को बाहर निकालें और फिर एक बार साफ पानी की मदद से बोतल को क्लीन करें।

# बालों को धोने के लिए मुल्तानी मिट्टी का करें इस्तेमाल, मिलेंगे ये जबरदस्त लाभ

मुल्तानी मिट्टी से हेयर वॉश करने का एक सबसे बेहतरीन लाभ यह है कि यह आपके बालों की गंदगी को दूर करने के साथ-साथ उसे कंडीशन भी करता है। खासतौर से, अगर आपके बाल कर्ली हैं तो मुल्तानी मिट्टी के कंडीशनिंग गुण आपके बालों को मैनेजेबल बनाते हैं।\ मुल्तानी मिट्टी को अक्सर महिलाएं अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करती हैं। लेकिन यह आपके बालों के लिए भी उतना ही लाभदायी है। दरअसल, इसमें अब्जॉर्बेंट प्रॉपर्टीज होती हैं, जिसके कारण यह आपकी स्कैल्प से अतिरिक्त ऑयल को अब्जॉर्ब करने में मददगार है। इतना ही नहीं, यह आपके स्कैल्प को भी कंडीशन करती है। इसमें कई तरह के खनिज पाए जाते हैं, जो स्कैल्प को लाभ पहुंचाते हैं।

**बालों को करता है कंडीशन :** मुल्तानी मिट्टी से हेयर वॉश करने का एक सबसे बेहतरीन लाभ यह है कि यह आपके बालों की गंदगी को दूर करने के साथ-साथ उसे कंडीशन भी करता है। खासतौर से, अगर आपके बाल कर्ली हैं तो मुल्तानी मिट्टी के कंडीशनिंग गुण आपके बालों को मैनेजेबल बनाते हैं।

**डैमेज हेयर को करे रिपेयर :** अक्सर लोग एक्सपेरिमेंट करने के चक्कर में अपने बालों पर केमिकल ट्रीटमेंट करवाते हैं। लेकिन केमिकल्स के कारण बाल बहुत अधिक डैमेज हो जाते हैं। ऐसे में मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल करना आपके लिए अच्छा है। यह आपके बाल शाफ्ट को पोषण और मजबूत करने में मदद करता है। जिससे आपके बाल चिकने और मुलायम बनते हैं। साथ ही, केमिकल ट्रीटमेंट से डैमेज्ड हेयर को रिपेयर करने में मदद मिलती है।

**स्कैल्प को डैमेज होने से बचाता है :** मुल्तानी मिट्टी के इस्तेमाल से सिर्फ डैमेज्ड हेयर को रिपेयर करने में मदद ही नहीं मिलती है, बल्कि यह स्कैल्प को डैमेज होने से भी बचाता है। मुल्तानी मिट्टी को हेयर क्लींजर के रूप में इस्तेमाल करने से स्कैल्प को क्लीन करने में मदद मिलती है और यह स्कैल्प पर मौजूद कीटाणुओं व बैक्टीरिया को खत्म किया जा सकता है।

**हेयर फॉलिकल्स होते हैं मजबूत :** मुल्तानी मिट्टी में कई तरह के खनिजों और पोषक तत्व पाए जाते हैं। जिसके कारण यह ना केवल डैंड्रफ और परतदारपन को खत्म करके आपकी स्कैल्प को स्वस्थ बनाती है बल्कि यह बालों की ग्रोथ को बेहतर बनाने के लिए आपके हेयर फॉलिकल्स को भी मजबूत बनाती है। अगर बालों के लिए मुल्तानी मिट्टी का उपयोग किया जाए तो इससे बाल मजबूत होते हैं और अपेक्षाकृत कम टूटते हैं।

– मिताली जैन





# मौसमी के रस से बालों को मिलते हैं ये फायदे

मौसमी के रस का नियमित सेवन करने से आपके बालों को मजबूत बनाने में मदद मिलती है। इसके अलावा यह आपके बालों के टूटने जैसी समस्याओं को दूर रखता है। यह रस विटामिन सी से समृद्ध होता है जो मुक्त कणों से लड़ता है और बालों को जड़ों से युक्तियों तक मजबूत रखता है। ठंड के मौसम में मौसमी खाना हर घर में लोग पसंद करते हैं। इसमें मौजूद विटामिन सी ठंड के मौसम में आपकी इम्युनिटी को बढ़ाने में मददगार है। लेकिन अगर आप सोचती हैं कि मौसमी केवल आपके स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है तो आप गलत हैं। दरअसल, इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो आपकी स्किन और हेयर्स को हेल्दी बनाने में मददगार है।

**बालों को बनाएं मजबूत :** हेयर एक्सपर्ट बताते हैं कि मौसमी के रस का नियमित सेवन करने से आपके बालों को मजबूत बनाने में मदद मिलती है। इसके अलावा यह आपके बालों के टूटने जैसी समस्याओं को दूर रखता है। यह रस विटामिन सी से समृद्ध होता है जो मुक्त कणों से लड़ता है और बालों को जड़ों से युक्तियों तक मजबूत रखता है। बालों का गहरा पोषण भी आपके बालों की अच्छी वृद्धि को आसान बनाता है और उन्हें स्वस्थ रखता है।

**रूसी से मिलेगा छुटकारा :** हेयर एक्सपर्ट के अनुसार, हेल्दी हेयर तभी मिलते हैं, जब स्कैल्प क्लीन हो। खुजली या सूखी खोपड़ी रूसी पैदा कर सकती है और इस कारण आप हर समय अपना सिर खुजलाते हैं। इसे रोकने के लिए, आप या तो नियमित रूप से मौसमी का रस पीएं या इसे शैम्पू के बाद अपने बालों को धो कर हेयर वॉश के रूप में उपयोग कर सकते हैं। यदि आप समय-समय पर ऐसा करते रहते हैं, तो आप देखेंगे कि आपकी खोपड़ी अधिक नमीयुक्त महसूस करेगी और सभी रूसी और खुजली चली जाएगी।

**इरिटेशन से मुक्ति :** कभी-कभी ऐसा होता है कि हमारी स्कैल्प संवेदनशील हो जाती है और उस समय जड़ों को छूने से दर्द होता है। ऐसे में मौसमी का इस्तेमाल करना अच्छा आईडिया है। इसमें विटामिन सी होता है, जो स्कैल्प में हर तरह की सूजन और जलन को दूर करने में मदद कर सकता है। इतना ही नहीं, यह स्प्लिट एंड्स का इलाज कर सकता है।

**ऐसे करें इस्तेमाल :** अगर आप चाहते हैं कि मौसमी से आपके बालों को लाभ हो तो इसके लिए आप इसे दो तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं। सबसे पहले तो आप इसे अपनी डाइट में शामिल करें। इसके अलावा आप इससे अपना हेयर वॉश भी बना सकते हैं। मौसमी को छीलकर उसका रस बना लें। एक पैन में थोड़ा पानी गर्म करें और फिर गैस बंद कर दें जब पानी थोड़ा गर्म हो जाए। अब, रस को गर्म पानी में मिलाएं और हिलाएं। शैम्पू करने के बाद के साथ अपने बालों को धो लें और आप तुरंत परिणाम देखेंगे।

# त्वचा की खूबसूरती निखारने में बेहद मददगार है रेड वाइन



रेड वाइन स्किन के साथ-साथ बालों के लिए भी बेहद लाभदायक है। इसमें मौजूद फ्लेवोनोइड्स और एंटीऑक्सिडेंट केराटिन के निर्माण में मदद करते हैं। साथ ही, इसमें मौजूद एंटीऑक्सिडेंट आपको स्वस्थ और चमकदार बाल देने में मददगार है। अल्कोहल को सेहत के लिए बेहद ही नुकसानदायक माना जाता है। इससे व्यक्ति को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन यह आपकी स्किन व सेहत की कई समस्याओं को दूर कर सकते हैं। खासतौर से रेड वाइन को ब्यूटी केयर के लिए काफी अच्छा माना गया है।

**रेड वाइन से मिलने वाले स्किन बेनिफिट्स :** रेड वाइन स्किन की खूबसूरती निखारने में बेहद मददगार है। इसमें फ्लेवोनोइड, रेस्वेराट्रोल और टैनिन जैसे एंटीऑक्सिडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। साथ ही, यह कोलेजन और इलास्टिक फाइबर को रिस्टोर करके स्किन को उम्र बढ़ने से बचाता है। इतना ही नहीं, रेड वाइन में प्राकृतिक एएचए और एंटीसेप्टिक गुण पाए जाते हैं जो आपके पोर्स को क्लीन करके एक्ने को दूर करते हैं, जिससे ब्रेकआउट की समस्या भी दूर होती है।

**ऐसे करें इस्तेमाल :** रेड वाइन को स्किन पर अप्लाई करने के लिए आप सबसे पहले इसे कॉटन पैड पर लें और फिर इसे हल्के से चेहरे पर लगाएं। अब आप इसे 20 मिनट तक ऐसे ही रहने दें और फिर माइल्ड क्लींजर से धो लें।

**रेड वाइन से मिलने वाले हेयर बेनिफिट्स :** रेड वाइन स्किन के साथ-साथ बालों के लिए भी बेहद लाभदायक है। इसमें मौजूद फ्लेवोनोइड्स और एंटीऑक्सिडेंट केराटिन के निर्माण में मदद करते हैं। साथ ही, इसमें मौजूद एंटीऑक्सिडेंट आपको स्वस्थ और चमकदार बाल देने में मददगार है। साथ ही, यह डैमेज्ड हेयर को रिपेयर कर-के उन्हें फिर से लाइफ देता है। अगर आप रेड वाइन को हेयर केयर रूटीन में शामिल करते हैं तो इससे हेयर फॉल की समस्या दूर होती है और यह रूसी को भी कम करता है।

**ऐसे करें इस्तेमाल :** रेड वाइन को हेयर केयर रूटीन में शामिल करना बेहद ही आसान है। इसके लिए आप बालों को शैम्पू और कंडीशन करने के बाद रेड वाइन की मदद से रिंस करें। इससे आपके बालों में एक गजब की चमक आएगी और कई तरह की हेयर प्रॉब्लम्स दूर होंगी।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। मन में उतार-चढ़ाव के भाव रहेंगे।

**वृष राशि :** बातचीत में सन्तुलन बनाकर रखें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। बौद्धिक कार्यों से धन की प्राप्ति होगी।

**मिथुन राशि :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन की स्थिति में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। नौकरी में अफसरों से वाद-विवाद से बचकर रहें।

**कर्क राशि :** शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। व्यवधान आ सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ सकती है।

**सिंह राशि :** आत्मविश्वास में कमी आयेगी। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। भाग-दौड़ बढ़ेगी।

**कन्या राशि :** पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। आय में सुधार आएगा।

**तुला राशि :** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। परिवार में मान-सम्मान मिलेगा।

**वृश्चिक राशि :** पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। धन की प्राप्ति होगी।

**धनु राशि :** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। किसी मित्र से धन की प्राप्ति हो सकती है। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मकर राशि :** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**कुंभ राशि :** आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि हो सकती है।

**मीन राशि :** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।




## न्यूज गैलरी

### पाकिस्तानी घुसपैठिया को सेना ने किया ढेर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास भारतीय सेना के जवानों ने सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए एक पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया। पुलिस ने आज कहा कि सेना के सतर्क जवानों ने केरन क्षेत्र में घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए एक आतंकवादी को मार गिराया है। पुलिस ने ट्वीट में कहा कि कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर (जुमागुंड क्षेत्र) में सेना ने एक पाकिस्तानी आतंकवादी/घुसपैठिये को मार गिराया। इलाके में सेना का तलाश अभियान जारी है। पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह के बयान के एक दिन बाद घुसपैठ की यह प्रयास हुआ है। जिसमें उन्होंने कहा कि सर्दियों को देखते हुए पाकिस्तान ज्यादा से ज्यादा आतंकवादियों को सीमापार से घुसपैठ कराने की कोशिश कर रहा है। श्री सिंह ने रविवार को कहा कि हमारी सेना सीमा पार से घुसपैठ को नाकाम करने के लिए मजबूती के साथ तैनात है। डीजीपी ने कहा था कि सेना ने हाल ही के दिनों में राजौरी-पुंछ और कुपवाड़ा-बारामूला इलाकों में घुसपैठ के प्रयासों को विफल किया है।

### नड्डा ने कुल्लू में सरदार पटेल को किया याद

**कुल्लू (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कुल्लू में लौह पुरुष वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता के प्रतीक, आधुनिक भारत के शिल्पकार, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की सोमवार को उनकी 147वीं जयंती पर उन्हें याद कर कोटि-कोटि नमन करता हूं। श्री नड्डा ने यहां कहा कि सरदार पटेल का जीवन हमें बताता है कि कैसे एक व्यक्ति अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, लौह नेतृत्व और अदम्य राष्ट्रप्रेम से देश के भीतर की सभी विविधताओं को एकता में बदल कर एक अखंड राष्ट्र का स्वरूप दे सकता है। सरदार पटेल ने देश के एकीकरण के साथ आजाद भारत की प्रशासनिक नींव रखने का भी काम किया। श्री नड्डा हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए लाहौल स्पीति के काजा और कुल्लू के मनाली में थे। सुबह श्री नड्डा कुल्लू में थे। उनका आज भी चुनाव प्रचार का कार्यक्रम था। वह तीन दिन पहले शिमला पहुंचे थे। शिमला में पहले दिन एक कार्यक्रम एवं बैठकों में हिस्सा लिया। इसके बाद बीते कल रविवार को कुल्लू और लाहौल स्पीति में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया। वह आज तीसरे दिन कुल्लू के भुंतर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो गये। अब आनेवाले दिनों में श्री नड्डा फिर से हिमाचल प्रदेश पहुंचेंगे और प्रचार को धार देंगे। भाजपा के दिग्गज नेताओं के कार्यक्रम तय हैं।

# पीएम ने मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट प्लांट की रखी आधारशिला

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वडोदरा में चुनावी रोड शो करने के बाद वहां से देश के पहले मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट प्लांट स्थल पर गये और उसकी आधारशिला रखी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां बननेवाले ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट न केवल हमारी सेना को ताकत देंगे, बल्कि एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग में एक नया इकोसिस्टम भी विकसित करेंगे। जल्द ही भारत मेक इन इंडिया टैग के साथ बनाये जानेवाले पैसेंजर एयरक्राफ्ट का भी गवाह बनेगा। मालूम हो कि पहली बार कोई प्राइवेट कंपनी किसी विमान को बनाने जा रही है। टाटा एयरबस इन एयरक्राफ्ट का निर्माण करेगी। रक्षा सचिव अरमानी गिरिधर के अनुसार टाटा एयरबस 40



एयरक्राफ्ट के अलावा, वायु सेना की जरूरत और ट्रांसपोर्टेशन के आधार पर अतिरिक्त एयरक्राफ्ट का भी निर्माण करेगी। इसके लिये बीते वर्ष सितम्बर 2021 में भारतीय वायुसेना ने यूरोप की एयरबस के साथ करार किया था। इस करार के तहत 40 एयरक्राफ्ट का निर्माण भारत में ही टाटा कंपनी के साथ मिलकर निर्माण किया जाना तय हुआ था। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया, एयरक्राफ्ट के निर्माण में 96 हिस्सेदारी भारत की होगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, भारत में बने विमानों की आपूर्ति 2026 से

■ टाटा एयरबस इन एयरक्राफ्ट का करेगी निर्माण

2031 के बीच होगी। वहीं, पहले के 16 विमान 2023 से 2025 के बीच आयेंगे। भारतीय वायु सेना के वाइस चीफ एयर मार्शल संदीप सिंह ने बताया कि यह डील पूरी होने के बाद भारतीय वायु सेना सी-295 परिवहन विमान की सबसे बड़ी ऑपरेटर बन जायेगी। रक्षा सचिव अरमानी गिरिधर ने बताया कि इन एयरक्राफ्ट के निर्माण में हमारी कोशिश यही होगी कि जो कुछ हो, उसका निर्माण भारत में ही करने का प्रयास किया जाये। टाटा-एयरबस प्रोजेक्ट पर मारुति सुजुकी के एमडी हिसाशी ताकाची ने कहा, भारत एक बढ़ता हुआ बाजार है और यहां व्यापार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, किसी भी कंपनी के लिए भारतीय बाजार में आना एक बुद्धिमानी भरा निर्णय होगा। उन्होंने आगे कहा, हम भारत-जापान सहयोग की 70वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। दोनों देशों के बीच विकास का हमारा एक लंबा इतिहास रहा है। बुलेट ट्रेन परियोजना पर उन्होंने कहा, गुजरात में बुलेट ट्रेन एक बहुत ही महत्वपूर्ण परियोजना है। यह एक राष्ट्रीय परियोजना है और जापान इसका पुरजोर समर्थन कर रहा है। मुझे उम्मीद है कि यह एक बड़ी सफलता साबित होगी।

## भारतीयों में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई व मुद्रास्फीति की बढ़ती जा रही है चिंता

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** फ्रांस की बहुराष्ट्रीय मार्केट रिसर्च व पब्लिक ओपिनियन रिसर्च कंपनी आईपीएसओएस (इप्सोस) के ताजा सर्वेक्षण में आया है कि भारतीयों में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई और मुद्रास्फीति की चिंता बढ़ती जा रही है। हालत यह है कि इसके शहरों के हर दस में से दो व्यक्ति मुद्रास्फीति को लेकर खासे चिंतित हैं। आईपीएसओएस के सर्वे 'ह्वाट वरी द वर्ल्ड' में कहा गया है कि मुद्रास्फीति के बारे में भारत सबसे निचलेपायदान पर है। यह सर्वेक्षण अक्टूबर में किये गये सर्वे के निष्कर्षों पर आधारित है। इस रिपोर्ट में है कि विश्वभर में मुद्रास्फीति लोगों में चिंता का प्रमुख कारण बनी हुई है। इस चिंता में बीते माह दो प्रतिशत की बढ़ोत्तरी भी हुई है। हालत यह है कि विश्वस्तर पर लोग गरीबी, सामाजिक असमानता, बेरोजगारी, हिंसक अपराधों तथा वित्तीय व राजनीतिक भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर परेशान हैं। इस बारे में इप्सोस के कार्यकारी प्रमुख अमित अदारकर का कहना है कि कोरोना महामारी के साथ ही साथ वैश्विक मंदी का प्रभाव भारत जैसे बाजारों में महसूस किया जा रहा है। यह नौकरियों को प्रभावित कर रहा है, जिससे भ्रष्टाचार, अपराध और सामाजिक असमानता में वृद्धि हो रही है।

# ताइवान पर चीन ने हमला किया तो ढाल बनेगा अमेरिका : बाइडेन

❍ अमेरिका ने पिछले दो हफ्तों में अपने दो बॉम्बर्स का किया है ऐलान

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका ने पिछले दो हफ्तों में अपने दो बॉम्बर्स का ऐलान किया है। अमेरिकी

■ अमेरिकी वायुसेना को अपग्रेडेड बॉम्बर जेट बी-52 नया बी-21 भी मिलेगा
■ दोनों बॉम्बर्स की खबर ने चीन की सेनाओं की चिंताओं का बढ़ाया



वायुसेना को आने वाले दिनों में पूरी तरह से अपग्रेडेड बॉम्बर जेट बी-52 मिलेगा। साथ ही एकदम नया बी-21 भी उसे सौंपा जायेगा। इस खबर न चीन और इसकी सेनाओं की चिंताओं का बढ़ा दिया है। चीनी विशेषज्ञ अब परेशान हैं और उनका कहना है कि अमेरिकी वायुसेना के पास इन दोनों बॉम्बर्स का होना उसकी ताकत को चार गुना तक बढ़ा देगा। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने विशेषज्ञों के हवाले से लिखा है कि आने वाले समय में ये बॉम्बर्स यूएस एयरफोर्स की सबसे बड़ी हमलावर सेना होगी। ऐसे में चीन को इनका सामना करने के लिए तैयार रहना होगा और साथ ही इनसे सीखने की भी जरूरत है।

नॉर्थरोप ग्रुम्मान की तरफ से बी-21 बॉम्बर जेट का निर्माण किया जाएगा। ग्रुप ने पिछले गुरुवार को ऐलान किया है कि इस एयरक्राफ्ट की पहली झलक दुनिया को दो दिसम्बर को देखने को मिलेगी। 34 सालों में यह पहला मौका होगा जब यूएस एयरफोर्स का कोई नया बॉम्बर सामने आयेगा। नवंबर 1988 में बी-2 बॉम्बर का आगाज हुआ था। साल 2023 में ये बॉम्बर अपनी पहली उड़ान पर रवाना होगा। बी-21 बॉम्बर पर यह ऐलान तब हुआ जब बोइंग की तरफ से अपग्रेडेड बी-52 बॉम्बर की डिजिटल मॉडल की नई तस्वीर जारी की गई। अमेरिकी मैगजीन एयर एंड स्पेस फोर्सेज के मुताबिक इस बॉम्बर जेट को बी-52जे या फिर बी-52के नंबर दिया जा सकता है।

### नए एफ-139 इंजन से किया गया है अपग्रेड

**अपग्रेडेड** बॉम्बर जेट को नए एफ-139 इंजन से अपग्रेड किया गया है जिसे रोल्स रॉयस ने तैयार किया है। इसके अलावा इसमें एएन/एपीजी-79 रडार का नया वर्जन इंस्टॉल किया गया है। इसके साथ ही इस बॉम्बर का कॉकपिट भी एकदम नया है। चीन के मिलिट्री एक्सपर्ट फू कियानशाओ ने ग्लोबल टाइम्स से कहा कि अमेरिका अब तीन तरह के रणनीतिक बॉम्बर जेट्स को ऑपरेट कर रहा है। पहली पीढ़ी का बी-52, तीसरी पीढ़ी का बी-1बी और चौथी पीढ़ी का बॉम्बर बी-2। उनकी मानें तो यूएस एयरफोर्स की योजना बी-21 का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद बी-1बी और बी-2 को रिटायर करने की है।

## लॉन्ग मार्च : इमरान के कंटेनर ने पत्रकार को कुचला, मौत

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के लॉन्ग मार्च में रविवार को कंटेनर से कुचलकर एक महिला पत्रकार की मौत हो गई। कहा जा रहा है कि उन्हें धक्का दिया गया। इससे सवाल उठ रहा है कि यह कहीं हत्या तो नहीं। जान गंवाने वाली सदफ नईम चैनल 5 की रिपोर्टर थीं। वे इस लॉन्ग मार्च को कवर कर रहीं थीं। उन्होंने एक दिन पहले ही इमरान का इंटरव्यू भी लिया था। इमरान शाहबाज शरीफ सरकार से इस्तीफे की मांग को लेकर लॉन्ग मार्च पर लाहौर से इस्लामाबाद तक लॉन्ग मार्च निकाल रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक सदफ इमरान के कंटेनर पर ही सवार थीं। इसी दौरान वहां मौजूद लोगों में से किसी ने उन्हें धक्का दे दिया, सदफ कंटेनर से नीच गिर गईं। कंटेनर का पहिया उनकी गर्दन के ऊपर से निकल गया। सदफ की मौके पर ही मौत हो गई। इमरान ने शुक्रवार को लाहौर से लॉन्ग मार्च शुरू किया था। वो 4 नवंबर को इस्लामाबाद पहुंचेंगे और वहां बेमियादी धरना



देंगे। खान की मांग है कि शाहबाज शरीफ प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दें और देश में फौरन जनरल इलेक्शन कराए जाएं। जियो न्यूज के मुताबिक रविवार को इमरान का काफिला गुजरांवाला के करीब कामोकी पहुंचा था। इमरान जिस कंटेनर पर सवार हैं, उस पर कुछ जर्नलिस्ट भी मौजूद थे। सदफ नईम इनमें से एक थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, सदफ को कंटेनर पर मौजूद किसी शख्स ने धक्का दिया और वो जमीन पर आ गिरीं। इसी दौरान कंटेनर का पहिया उनकी गर्दन के ऊपर से गुजर गया। शोरगुल इतना था कि उनके गिरने की चीख भी ज्यादा सुनाई नहीं दी।

## ब्राजील के अगले राष्ट्रपति होंगे लूला डा सिल्वा

**ब्राजिलिया (एजेंसी)।** लूला डा सिल्वा लैटिन अमेरिका के सबसे बड़े देश ब्राजील के नए राष्ट्रपति होंगे। उन्होंने मौजूदा राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को करीब 21 लाख 39 हजार वोटों से हरा दिया। लूला वामपंथी वर्कर्स पार्टी से हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक वो 1 जनवरी 2023 को पद संभालेंगे, तब तक बोल्सोनारो केयरटेकर राष्ट्रपति बने रहेंगे। इस साल लूला 6वीं बार राष्ट्रपति पद के लिए खड़े हुए, जिसमें उन्हें जीत मिली। उन्होंने पहली बार 1989 में चुनाव लड़ा था। ये तीसरी बार होगा जब लूला राष्ट्रपति पद संभालेंगे। इसके पहले वो 2003 से 2010 के बीच दो बार राष्ट्रपति चुने गए थे। राजनीति में आने से पहले वो एक फैक्ट्री में काम करते थे। 30 अक्टूबर को राष्ट्रपति चुनाव के लिए दूसरे राउंड की वोटिंग हुई। लूला डा सिल्वा को 50.90 प्रतिशत, जबकि बोल्सोनारो को 49.10 प्रतिशत वोट मिले। ब्राजील के संविधान के मुताबिक, चुनाव जीतने के लिए



किसी भी कैंडिडेट को कम से कम 50 प्रतिशत वोट हासिल करने होते हैं। पिछले महीने हुई पहले राउंड की वोटिंग में लूला को 48.4 प्रतिशत, जबकि बोल्सोनारो को 43.23 प्रतिशत वोट मिले थे।




# सरदार पटेल ना होते तो भारत का मानचित्र आज जैसा नहीं होता : शाह

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने

■ राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, गृह मंत्री सहित अन्य ने सरदार पटेल की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर नयी दिल्ली में लौहपुरुष सरदार पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की। गृह मंत्री ने दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में रन फॉर यूनिटी को फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर विदेश मंत्री एस जयंशकर, विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी और केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री निशिथ प्रमाणिक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मौके पर अमित शाह ने उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलायी। श्री शाह ने गुजरात के मोरबी में पुल हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम



विशेष महत्व रखता है, क्योंकि आज हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसे व्यक्ति की जयंती पर राष्ट्रीय एकता के महत्व को आगे ले जा रहे हैं, जिसने आजादी के बाद आधुनिक भारत के निर्माण की नींव रखी और इसकी कल्पना को साकार करने में अपना पूरा जीवन लगा दिया। श्री शाह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का नाम लेते ही आज के भारत का मानचित्र हमारे सामने आ जाता है और अगर सरदार साहब ना होते तो आज जिस विराट, संकल्पवान, सामर्थ्यवान भारत का अस्तित्व दुनिया के सामने है, वह शायद न होता। श्री अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद सबसे बड़ी समस्या देश के सामने थी कि 500 से भी अधिक रियासतों और राजाओं-रजवाड़ो को एकजुट कर भारतीय संघ बनाना और इस के निर्माण में देश के प्रथम गृह मंत्री एवं उप-प्रधानमंत्री सरदार साहब का बहुत बड़ा योगदान रहा। उन्होंने कहा कि ये सरदार साहब ही थे जिनकी कुशल और विलक्षण राजनीतिक क्षमता ने पूरे देश को एक किया। श्री शाह ने कहा कि देश को विभाजित करने में उस वक्त भी देशविरोधी ताकतों ने कोई कमी नहीं छोड़ी थी, लेकिन ये सरदार साहब का प्रयास ही था जिसके परिणामस्वरूप आज भारत का यह मानचित्र हमारे सामने है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत आजादी का 75वां वर्ष मना रहा है और प्रधानमंत्री मोदी ने इस वर्ष में 130 करोड़ भारतीयों के सामने वर्ष 2047 तक भारत कहां खड़ा होगा, एकजुट होकर इसका संकल्प लेने का लक्ष्य रखा है।

## न्यूज गैलरी

### साहब हरीन्द्रानंद का 74वां जयंती मनायी गयी



**रांची।** सोमवार को शिव शिष्यता के जनक साहब हरीन्द्रानंद का 74वीं जयंती मनायी गयी। साहब श्री के शरीर त्यागने के बाद पहली बार बिना उनकी शारीरिक उपस्थिति के शिव शिष्यों ने उनका जन्मदिन मनाया। रांची स्थित मुख्यालय उपवन में सवा घंटे का शिव नाम संकीर्तन किया गया और पुष्पांजलि अर्पित की गयी।ऐसा ही आयोजन देश विदेश में भी किया गया, बहुत सारे अनाथालय/वृद्धाश्रम में भी दैनिक बस्तुओं का वितरण किया गया और वृक्ष भी लगाए गए। इस अवसर पर उनके पुत्र सह उनके आप्त सचिव अर्चित आनंद ने बताया कि साहब शिवलीन जरूर हुए हैं, परन्तु वे अपने विचारों का बीज जनमानस के अंदर बो कर गए हैं। हम सभी शिव शिष्यों का यह कर्तव्य है की उनके द्वारा दिए गए शिवचर्चा के पथ पर खुद भी चलें और लोगों को भी प्रेरित करें। अर्चित आनंद ने यह भी बताया की हरीन्द्रानंद की समाधि रांची जिले में बनायी जाएगी। इस आयोजन में शिव शिष्य हरीन्द्रानंद फाऊन्डेसन की अध्यक्ष बरखा सिन्हा, अनुनिता आनंद,श्री अभिनव आनंद, शिव कुमार, गौतम, राजेश सहित 1000 से अधिक शिवशिष्य/शिष्या उपस्थित थे।

### रांची विश्वविद्यालय ने किया रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**रांची।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रांची वीमेंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के कार्यकर्ता, रांची विश्वविद्यालय रन फॉर यूनिटी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। आज सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी ने निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसका विषय था भारत के राजनीतिक एकीकरण में सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान। राष्ट्रीय एकता दिवस के माध्यम से हमारे देश की अंतर्निहित ताकत और लचीलेपन को कायम रखने,फिर से जोड़ने, एकता और अखंडता के लिए वास्तविक और संभावित खतरों का सामना करने का हौसला और हमारे देश को सुरक्षित रखने में सहायता मिलेगी. कार्यकताओं ने आनलाइन माध्यम से यह प्रतिज्ञा ली कि मैं पूरी तरह से प्रतिज्ञा करती हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए खुद को समर्पित करती हूं। मैं इस प्रतिज्ञा को अपने देश की एकता की भावना से लेती हूं, जो सरदार वल्लभभाई पटेल की दृष्टि और कार्यों से संभव हुआ। मैं भी अपने देश की आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने का दृढ़ संकल्प करती हूं.शपथ और निबंध प्रतियोगिता में 22 कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दीक्षा कुमारी, द्वितीय स्थान पर रानी कुमारी महतो, तृतीय स्थान पर रिया कुमारी और चारूबाला कुमारी संयुक्त रूप से रहीं।

### पुलिसकर्मियों ने ली एकता व अखंडता की शपथ

रांची। राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर झारखंड पुलिस के कर्मियों ने एकता, अखंडता व राष्ट्रीय सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली। राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर जैप 1 में मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान जैप एडीजी प्रशांत सिंह ने पुलिसकर्मियों को संबोधित किया व परेड की सलामी ली। मौके पर एडीजी आरके मल्लिक, मुरारीलाल मीणा, संजय आनंद लाठकर, आईजी अभियान अमोल वी होमकर, जैप कमांडेंट धनंजय कुमार सिंह समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### दक्षिण पूर्व रेलवे मंडल रांची द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

रांची । सोमवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर दक्षिण पूर्व रेलवे मंडल रांची द्वारा हटिया के एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया । इसके बाद एकता शपथ भी दिलाई गई । हटिया रेलवे स्टेशन पर सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रदर्शनी भी लगाई गई साथ ही स्वतंत्र सेनानी को सम्मानित भी किया गया । इस अवसर पर रांची रेल मंडल के डीआरएम प्रदीप गुप्ता ने कहा कि व्यक्ति यह न सोचे कि देश ने क्या दिया बल्कि वह यह सोचे कि वह देश के लिए क्या कर रहे हैं।

## आस्था के साथ संपन्न हुआ छठ महापर्व का त्योहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** छठ महापर्व के उपलक्ष मे गंगा मोटर घाट पर हर्ष वर्ष की तरह इस वर्ष भी हिन्दू जागरण मंच के पदाधिकारीओं एवं कार्यकत्ताओं मे मेहत्पूर्ण भूमिका निभाई। छठ घाट पर समिति के द्वारा छठ घाठ पर विधुत साउंड लाइट सजावट बेवस्ता की गई थी।छठ पूजा के उपरांत छठ घाट तलाब की पोखरों व नदियों की सफाई अभियान कार्यकर्त्ता नें चलाया। हिन्दू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष लाल ऋषि नाथ शहादेव सूर्य की पूजा छठ महापर्व झारखंड बिहार ही नहीं पुरे भारत वर्ष मे बड़े धूम धाम से मनाया जाता है। आईये मिलकर उगते हुए सूर्य को पूरी सकारात्मक ऊर्जा, शुद्धता और उल्लास के साथ नमन करते है। मेरी प्रार्थना है कि छठ मैया आपको अच्छे स्वास्थ्य, सुख , वैभव, ऐश्वर्य, उन्नति, प्रगति, आदर्श, स्वास्थ्य, प्रसिद्धि और समृद्धि के साथ आपका कल्याण करें अपना आशीर्वाद बनाये रखे। हिन्दू जागरण मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष सुजीत सिंह सुबह की शुरूआत सूरज के उगने से होती है। सूर्य ही है जो अंधेरे को हटाकर उजाला लाती है जिसकी वजह से संसार की गतिविधियां संचालित हो रही है तथा पृथ्वी पर जीवन कायम है।सूर्य की रौशनी जहाँ तक जा रही है वहां पर जीवन विधमान है।अंटार्कटिका महाद्वीप आज भी अंधेरे में है तथा यहां जीवन नहीं के बराबर है। सूर्य संसार का अद्भुत, अनोखा, अनुपम, शक्तिशाली उपहार है प्रकृति का सुबह की शुरूआत सूरज के उगने से होती है। इस आयोजन मे मुख्य रूप से हिन्दू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष लाल ऋषि नाथ शहदेव प्रदेश उपाध्यक्ष सुजीत सिंह, राकेश कारण,चंदन मिश्रा,पवन सिंह,नमन भारतीय,प्रीतम सिंह मुन्ना, सुजीत तिवारी, सोनू गुप्ता, बिन्दा बरनवाल, मुकेश प्रामाणिक, श्रावण सोनी, सूरज पांडेय, अनुरंग जी, कमल जी, सौरव सिंह, ऋषभ सिंह, वेद सिंह,राहुल रोजपूत, आयुष बरनवाल, धीरज लोहरा सहित सेकरो कार्यकर्त्ता मौजूत थे।

### संत जॉन सेंटेनरी सब जूनियर फुटबॉल महोत्सव में संत इग्नेशियस गुमला की टीम बनी चैंपियन

**रांची।** संत जॉन स्कूल रांची में तीन दिवससीय खेल महोत्सव के फाइनल में संत इग्नेसियस स्कूल गुमला ने संत जोसफ स्कूल कोके को 2-1 से हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया. तीसरे स्थान पर संत जॉन रांची रहा तथा चौथे स्थान पर बेथ्नी स्कूल मखमंदरों रहा। इस खेल में 24 टीम ने भाग लिया था। फाइनल खेल के मुख्य अतिथि फाटर जस्टिन तिर्की ने अपने उद्बोधन से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। इस खेल का आयोजन संज जॉन स्कूल के प्रिंसपल फादर अंथोनी एक्का तथा फॉदर फ्लोरेंस कुजूर के द्वारा किया गया। पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह में संत जॉन एलुमिनाई तथा विभिन्न मुख्य अतिथि की उपस्थिति में कराया गया. इस खेल को सफल बनाने में सर फुलचंद,विजय सांगा,आलोक इत्यादि उपस्थित थे।

## नया टोली सिमलिया में सूर्योपासना का महापर्व छठ सम्पन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही पवित्रता व लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ सोमवार को सम्पन्न हो गया। इस छठ महापर्व के अवसर पर राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि रिंग रोड, सिमलिया नया टोली में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री सिंह ने भगवान भाष्कर व छठी मइया से लोगों के सुख, समृद्धि व प्रगति की कामना करते हुए कहा कि छठी मइया सभी श्रद्धालुओं व राष्ट्र प्रेमियों का कल्याण करें व सुख, समृद्धि, शांति व प्रगति का मार्ग प्रशस्त करें। उन्होंने का कि शुक्रवार को नहाय-खाय से शुरू हुआ छठ महापर्व सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि चार दिवसीय छठ महापर्व के दूसरे दिन छठव्रतियों द्वारा खरना पर परिजनों के साथ कुलदेवता का पूजन कर व्रत का संकल्प लिया जाता है। सुबह स्नान के बाद छठव्रतियों द्वारा छठ मइया की पूजा की जाती है तथा शाम में खरना के लिए जलावन के रूप में आम की लकड़िया इस्तेमाल की जाती है। जिस पर गुड़ की खीर और रोटी के रूप में प्रसाद तैयार किया जाता है। सुनील सिंह ने कहा कि छठ पूजा सूर्य, उषा, प्रकृति, जल, वायु और उनकी बहन छठी मइया को समर्पित की जाती है। छठ पूजा में कोई भी मूर्ति पूजा शामिल नहीं होता है। इस पर्व के अनुष्ठान काफी कठिन होते हैं और चार दिनों की अवधि में मनाये जाते हैं। इनमें पवित्र स्नान, उपवास और निर्जल रहना, लंबे समय तक जलाशय में रहना, प्रार्थना प्रसाद अर्घ्य देना शामिल है। पुरोहित विनोद मिश्रा ने छठ घाट पर पर्व का अनुष्ठान सम्पन्न कराया। छठ घाट पर छठव्रति शशिभूषण पाण्डेय, समाजसेवी रूबी सिंह, विशाल प्रियदर्शी, अशेष आनंद, शिवम कुमार, शंकर शर्मा, वासुदेव शर्मा, सविता देवी, दिनेश शर्मा, गणेश कुमार, राजकुमार, रंजय शर्मा, इसान्वी कुमारी, दिव्या, आयुषि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## नेहरु युवा केन्द्र ,रांची द्वारा सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नेहरु युवा केंद्र संगठन (युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग भारत सरकार) के नेहरु युवा केंद्र, रांची द्वारा भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 147वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के सहयोग से बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, रांची में किया गया साथ ही 1 अक्टूबर से चल रहे क्लीन इंडिया 2.0 का समापन समारोह भी किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केन्द्र संगठन के राज्य निर्देशक हनी सिन्हा ने किया जिसमें मुख्य अतिथि मनोज कुमार (सचिव पर्यटन, कला संस्कृति एवं खेल विभाग झारखण्ड सरकार) एवं विशेष अतिथि डॉ. स्मृति सिंह (पी.आर.ओ., रांची विश्वविद्यालय, रांची), सरोजनी लकड़ा, ( डायरेक्टर स्पोर्ट्स झारखण्ड सरकार ), राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य पदाधिकारी डॉ. ब्रजेश कुमार, साईं के द्रोणाचार्य अर्वाडी श्री सैनी, एन एस एस राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा, एलुमनाई एसोसिएशन मारवाडी महाविद्यालय के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल के साथ खेल विभाग के डी एस ओ प्रतिनिधि मुकेश एवं स्पोर्ट्स अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया के विनोद एवं विभिन्न खेल संगठन एवं युवा मंडल के सदस्य राष्ट्रीय सेवा योजना के तथा खेल विभाग के खिलाडी उपस्तिथ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई एवं स्वागत उद्बोधन हनी सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन नेहरु युवा केंद्र के उपनिदेशक, सर्वेन्द्र प्रताप सिंह ने किय। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवन दर्शन में प्रकाश डालते हुए आजादी के अमृत वर्ष में भी राष्ट्रीय एकता के लिए युवाओं का आगमन किया साथ सभी अतिथियों ने भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के द्वारा 1947 के पूर्व चुनौती एवं राष्ट्रीय एकीकरण में उनके उल्लेखनीय योगदान की चर्चा की गई, उसे अक्षुण्य बनाने की जिम्मेदारी समाज के हर नागरिक एवं विशेष रूप से युवाओं से अपील की।तथा देश की अखंडता के लिए सदैव तत्पर रहे।

## तिरुपति अपार्टमेंट में छठ महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कांके रोड स्थित तिरुपति अपार्टमेंट में छठ महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सबों ने सूर्य देव को अर्घ्य देकर आस्था के महापर्व छठी मैया की पूजा की। राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने भगवान भास्कर से सभी लोगों की सुख, शांति, समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि यह महापर्व सूर्य भगवान की आराधना के लिए जाना जाता है। छठ महापर्व प्रकृति की पूजा का प्रतीक है। प्रकृति पर आस्था और उससे जुड़ाव भारतीय संस्कृति की परंपरा रही है। छठ महापर्व माताएं-बहने 3 दिनों का व्रत रखकर भगवान भास्कर की आराधना करती हैं। यह हजारों वर्षों की पुरानी अद्भुत परंपरा है। यह समर्पण, सात्विकता, आस्था और स्वच्छता का एक बड़ा उदाहरण है। उन्होंने छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छठी मैया से प्रार्थना है कि सभी सुखी, निरोगी रहें, छठ मैया सबका मंगल कल्याण करते हुए उनकी असीम कृपा सभी में बनी रहे।भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर सबों ने अपनी श्रद्धा अर्पित की। छठ व्रती अनु सिन्हा सहित अनिल सिन्हा, संजय सर्राफ, संध्या देवी, अजय गाड़ोदिया, अनुराधा सराफ, किरण गाड़ोदिया, एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## चोरों ने घर का ताला तोड़कर पांच लाख रुपए के जेवरात की चोरी कर ली

**नवीन मेल संवाददाता**

> अभिषेक एक निजी कंपनी में काम करते हैं। परिवार के साथ वह चुटिया द्वारिकापुरी रोड नंबर तीन में रहते हैं। बीते शुक्रवार को वह छठ करने के लिए परिवार के साथ खेलारी गए थे।

**रांची।** राजधानी रांची में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला चुटिया थाना क्षेत्र के द्वारिकापुरी रोड नंबर तीन का है। यहां चोरों ने एक बंद घर का ताला तोड़कर पांच लाख रुपए के जेवरात की चोरी कर ली। इसकी जानकारी सोमवार की सुबह तब हुई, जब परिजन छठ करने के बाद अपने घर पहुंचे। जानकारी के अनुसार अभिषेक एक निजी कंपनी में काम करते हैं। परिवार के साथ वह चुटिया द्वारिकापुरी रोड नंबर तीन में रहते हैं। बीते शुक्रवार को वह छठ करने के लिए परिवार के साथ खेलारी गए थे। छठ करने के बाद अभिषेक सोमवार की सुबह परिवार के साथ द्वारिकापुरी स्थित अपने घर पहुंचे। देखा कि घर का दरवाजा में लगा ताला टूटा हुआ था। भीतर में अलमीरा खुला हुआ था। घर का सामान बिखरा पड़ा था। अलमीरा में रखे सोना व चांदी के जेवरात गायब थे। जिसकी कीमत करीब पांच लाख रुपए की है। अभिषेक ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और डॉग स्क्वार्ड की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने आसपास में खोजबीन की, लेकिन उन्हें चोरों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा। मामले में अभिषेक के बयान पर चुटिया थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस उस इलाके में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है।

### विशेष सफाई अभियान का आयोजन

**रांची ।** सोमवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग), क्षेत्रीय कार्यालय रांची के तत्वाधान में भारत सरकार, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के निदेर्शानुसार विशेष अभियान 2.0 का आयोजन किया गया` इसके तह्त विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया । यह विशेष अभियान 2.0 जो कि 2 अक्टूबर से शुरू होकर आज दिनांक 31 अक्टूबर 2022 तक चला है, इसके तहत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, रांची के द्वारा स्वच्छता सह जन जागरुकता कार्यक्रम बरियातू स्थित वन बंधु परिषद परिसर में चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपने कार्यालय के लम्बित कर्यो का निपटान करना, अपने घर, मोहल्ला, राज्य एवं देश को साफ सुथरा रखना है एवं दूसरे को इस कार्यक्रम के लिए प्रेरित भी करना है ताकि हम लोग गंदगी से दूर रहें, एवं स्वास्थ्य के प्रति एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के उप महानिदेशक रंजीत कुमार तिवारी एवं एकल अभियान के राष्ट्रीय सह प्रमुख ललन कुमार शर्मा की उपस्थिति रही।

## आज गोशाला परिसर से नगर भ्रमण को निकलेगी शोभायात्रा




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची गौशाला न्यास का 118वां वार्षिक एक दिवसीय श्रीकृष्ण गोपाष्टमी महोत्सव 1 नवंबर को रांची गोशाला प्रांगण में मनाया जायेगा। इस अवसर पर रांची गौशाला के अध्यक्ष पुनीत कुमार पोद्दार ने बताया कि गोपाष्टमी महोत्सव पर मंगलवार (1 नवंबर 2022) को प्रातः 7:30 बजे श्री गणेश पूजन के साथ श्री गोपाष्टमी महोत्सव प्रारंभ हो जाएगा। गो दर्शन प्रातः 8:00 बजे से तथा प्रातः 8:30 बजे से तुलादान के माध्यम से गो आहार दान में भक्त दे सकते हैं। इस अवसर पर प्रातः 9:00 बजे हरमू रोड स्थित गोशाला प्रांगण से एक विशाल शोभायात्रा नगर भ्रमण को निकलेगी। विशाल शोभायात्रा में श्रृंगार युक्त गाय, नंदी ,बछड़े, मौजूद रहेंगे। संग में सजीव एवं निर्जीव झांकी, ताशा पार्टी ,बैंड बाजे के संग स्कूल के बच्चे धर्मध्वज पताकाओं के संग शामिल रहेंगे। एक वाहन पर भजन गायकों के द्वारा भजनों की गंगा प्रवाह की जानी है। गौ माता आपके द्वार के तहत चुटिया, कचहरी, कांके रोड, रातू रोड, सर्कुलर रोड ,हरमू, बकरी बाजार, सेवा सदन और बरियातू सहित 10 जगहों पर रांची गोशाला की ओर से प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक गाय पूजन के लिए रखी जायेगी। दोपहर 2:00 बजे से गोशाला परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के आयोजन होंगे।

## पेज एक के शेष

**मोरबी में झूलता पुल टूटने से**
मौत हो गयी। मरनेवालों में 50 से ज्यादा बच्चे और महिलाएं हैं। ब्रिज रेनोवेशन के लिए छह महीने से बंद था, इसे 25 अक्टूबर को ही खोला गया था। इसका उद्घाटन 20 फरवरी 1879 को मुंबई के गवर्नर रिचर्ड टेम्पल ने किया था। ब्रिज की क्षमता करीब 100 लोगों की थी, लेकिन गुजराती नववर्ष की छुट्टियां और रविवार होने के चलते इस पर करीब 500 लोग जमा थे। यही हादसे की वजह बनी। 11 अगस्त 1979 को इसी नदी पर बना मच्छू डैम टूट गया था। इस हादसे में दो हजार से अधिक लोगों की मौत हुई थी। मच्छू नदी का जलस्तर कम है, साथ ही तल भी पथरीला और ऊंचा-नीचा है।

**मेरामन मोरबी के पीड़ितों...**
एक तरफ दर्द से भरा पीड़ित दिल है और दूसरी तरफ कर्म और कर्तव्य का पथ है। इस कर्तव्य पथ की जिम्मेवारियों को लेते हुए मैं आपके बीच में हूं, लेकिन करुणा से भरा मन उन पीड़ित परिवारों के बीच में है। उन्होंने कहा कि हादसे में जिन लोगों को अपना जीवन गंवाना पड़ा है, मैं उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। दुख की इस घड़ी में सरकार हर तरह से पीड़ित परिवारों के साथ है। गुजरात सरकार पूरी शक्ति से राहत और बचाव कार्यों में जुटी हुई है। केंद्र सरकार की तरफ से भी राज्य सरकार को पूरी मदद दी जा रही है।

**सीएम की पहल पर रिम्स से तीन चिकित्सक...**
लौट गये थे वे यह कहते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आ गये कि हमारे शरीर में आग की वजह से जहां घाव हो गया था उसमें काफी जलन हो रही है। इन बातों की जानकारी झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हुई तो उन्होंने त्वरित संज्ञान लेते हुए यह ट्वीट किया कि रांची रिम्स से चिकित्सकों की टीम दुमका जायेगी और अग्निकांड के पीड़ित मरीजों के इलाज का जायजा लेगी।

**रिम्स के चिकित्सकों ने सभी मरीजों की जांच की :** रविवार को रिम्स के तीन डॉक्टर हेलीकॉप्टर से दुमका पहुंचे और वहां से फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल आकर जले हुए मरीजों के चल रहे इलाज का जायजा लिया। इन्होंने अपने स्तर से बारी-बारी से मरीजों की जांच की। इस टीम में सर्जन डॉ. गौरव, क्रिटिकल केयर के डॉ. वरुण और प्लास्टिक सर्जन डॉ. विक्रांत रंजन मौजूद थे।

**चियांकी में दो भाईयों पर चली गोली...**
समीप आकाश धर्म कांटा की ओर जा रहा था। इसी बीच विनीत तिवारी ने उस पर गोली चलाई। उसे गोली नहीं लगी लेकिन गोली चलने के बाद छर्रा लगने से वह जख्मी हुआ। घटना के बाद वह इसकी जानकारी देने शहर थाना चला गया। गोली चलाने वाले उसके पीछे उसके घर आ गए और उसके चचेरे भाई मनीष तिवारी पर गोली चला दी। गोली मनीष के बांह में लगी। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए एमआरएमसीएस में भर्ती किया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी एमआरएमसीएच पहुंचे और घायल का हाल-चाल लेकर पलामू एसपी से आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। घटना का कारण पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

**बूढ़ा पहाड़ में भाकपा माओवादी का...**
01 एवं 01 मैग्जीन के साथ ; 5,56 एमएम इन्सास रायफल- 01 पीस एवं 02 मैग्जीन के साथ ; 09 कारबाईन - 01 पीस एवं 02 मैग्जीन के साथ ; 303 रायफल -07 पीस व 11 मैग्जीन के साथ ; 315 रायफल - 09 पीस ; 303 का गोली - 474 पीस ; 315 का गोली 402 पीस ; देशी ग्रिनैट - 41 पीस (अनप्राईम) ; आईईडी बम- 213 पीस (घटना स्थल पर विनिष्ट करण कर दिया गया है।) ; देशी यूभीजीएल 01 पीस ; 303 का बोल्ट - 05 पीस ; एसएलआर रायफल का पिस्टन रड- 02 पीस ; 22 का गोली - 75 पीस ; दुरबीन - 01 पीस ; जीपीएस - 03 पीस ; वाकी टॉकी (मोटोरोला) - 01 पीस ; एल्युमिनियम नाईट्रेट - 02 डब्बा ; आमर्स स्प्रीग- 20 पीस ; कोडेक्स वायर- 100 मीटर लगभग ; इलेक्ट्रिक वायर- 100 मीटर लगभग ; लाल बैनर - 01 पीस ; काला वर्दी - 02 सेट ; पौच - 06 पीस ; सिलिग- 03 पीस ; वर्मा रड- 06 पीस।

**एक साथ आगे बढ़ते हैं तो असंभव को...**
हैं। ये एकजुटता, अनुशासन, परिवार, समाज, गांव, राज्य और देश, हर स्तर पर आवश्यक है। इसके दर्शन आज हम देश के कोने-कोने में कर भी रहे हैं। आज देश भर में 75 हजार एकता दौड़ रन फोर यूनिटी हो रही हैं, लाखों लोग जुड़ रहे हैं। देश का जन-जन लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की संकल्पशक्ति से प्रेरणा ले रहा है। आज देश का जन-जन अमृतकाल के पंच प्राणों को जागृत करने के लिए राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए संकल्प ले रहा है। राष्ट्रीय एकता दिवस ये अवसर केवड़िया-एकतानगर की ये धरती और स्टेचू ऑफ यूनिटी हमें निरंतर ये अहसास दिलाते हैं कि आजादी के समय अगर भारत के पास सरदार पटेल जैसा नेतृत्व न होता, तो क्या होता। क्या होता अगर साढ़े पांच सौ से ज्यादा रियासतें एकजुट नहीं हुई होतीं। क्या होता अगर हमारे ज्यादातर राजे-रजवाड़े त्याग की पराकाष्ठा नहीं दिखाते, मां भारती में आस्था नहीं दिखाते। आज हम जैसा भारत देख रहे हैं, हम उसकी कल्पना भी नहीं कर सकते थे। ये कठिन कार्य, ये असंभव कार्य, सिर्फ और सिर्फ सरदार पटेल ने ही सिद्ध किया। सरदार साहब की जन्मजयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस ये हमारे लिए केवल तारीख भर नहीं हैं। ये भारत के सांस्कृतिक सामर्थ्य का एक महापर्व भी है। भारत के लिए एकता कभी भी विवशता नहीं रही है। भारत के लिए एकता सदा-सर्वदा विशेषता रही है। एकता हमारी विशिष्टता रही है। एकता की भावना भारत के मानस में, हमारे अन्तर्मन में कितनी रची बसी है, हमें अपनी इस खूबी का अक्सर अहसास नहीं होता है, कभी-कभी ओझल हो जाती है। लेकिन जब भी देश पर कोई प्राकृतिक आपदा आती है, तो पूरा देश एक साथ खड़ा हो जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा मुझे विश्वास है कि सरदार साहब की प्रेरणा राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए निरंतर हम सबका मार्गदर्शन करेगी। हम सब मिलकर सशक्त भारत का सपना साकार करेंगे।

**एक मिलीमीटरवाले एंडो...**
रिसर्च एंड इनोवेशन की संस्था इंजीनियरिंग एंड फिजिकल साइंसेज रिसर्च काउंसिल के सहयोग से किया गया है। वर्ल्ड कैंसर रिसर्च फंड इंटरनेशनल के अनुसार, दुनियाभर में कैंसर के सबसे ज्यादा मामले स्तन व फेफड़ा कैंसर के हैं। कैंसर के कुल मामलों में 12.5 प्रतिशत स्तन कैंसर के हैं। हालत यह है कि महिलाओं में होनेवाले कैंसर में हर चौथी मरीज स्तन कैंसर की है।

### सुदूर ग्रामीण क्षेत्र चन्दरा में 300 कंबल, 300 शॉल व अन्य गर्म कपड़ों का किया वितरण

## मानव कल्याण व जन सेवा का कार्य निरंतर जारी रहेगा : भानू प्रकाश जालान



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** छठ पूजा के अवसर पर कड़ाके की ठंड को देखते हुए ओरमांझी प्रखंड के चन्दरा ग्रामीण क्षेत्र में समाजसेवी सह व्यवसायी भानू प्रकाश जालान एवं उनके इष्ट मित्रों द्वारा 300 पीस कंबल, 300 पीस शोल 1000 मौजा, मफलर तथा सैकड़ों बच्चों के बीच स्वेटर, खिलौने, बिस्कुट, टॉफी मिठाइयां आदि का वितरण किया गया। इस अवसर पर करीब एक हजार ग्रामीणों ने खिचड़ी, सब्जी खाकर आनंद लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वृद्धजन, महिलाएं पुरुष उपस्थित थे सभी ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम की जमकर सराहना करते हुए सभी को आशीर्वाद दिया। समाजसेवी भानु प्रकाश जालान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आगे भी निरंतर मानव कल्याण एवं जन सेवा के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों का दर्शन एवं सेवा करने का सौभाग्य भगवत कृपा होने पर ही प्राप्त होता है। तथा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपने लोगों का भगवत कृपा से यहां आना हो रहा है। तथा बढ़ती ठंड के पहले अन्य क्षेत्रों में भी कंबल एवं गर्म कपड़े का वितरण किया जाएगा। ग्रामीणों ने आगंतुक सभी अतिथियों का अभिनंदन एवं स्वागत आम के पत्ते से बने मुकुट एवं माला पहनाकर किया गया। एवं कार्यक्रम में राहुल अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, सर्वेश जालान, विक्रम खेतावत, संजय सर्राफ, आलोक गुप्ता, विष्णु मोदी, सुरेश पोद्दार, अमित अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, रमेश केडिया, पीयूष केडिया, अनीश अग्रवाल, पिंटू कुमार, श्रीमती अरुणा गुप्ता सोनिया जैन, संजू खेतान तथा अन्य लोगों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में कंबल एवं अन्य गर्म कपड़े बांटना बहुत ही पुनीत कार्य किया गया है। तथा मानव सेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं है।

## न्यूज गैलरी

### सूर्यकुमार की खामी ढूंढना बेहद मुश्किल : फ्लेमिंग

**पर्थ (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा है कि टी-20 विश्व कप में सूर्यकुमार यादव का खेल उस स्तर पर है जहां उनकी खामियां ढूंढना बेहद मुश्किल है। सूर्यकुमार यादव ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 विश्व कप 2022 का अपना दूसरा अर्द्धशतक जड़ा। भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज जहां पर्थ की उछाल भरी पिच पर सिर्फ 57 रन जोड़ सके, वहीं सूर्यकुमार ने 40 गेंदों पर 68 रन की अर्द्धशतकीय पारी खेली। फ्लेमिंग ने ईसपीएन क्रिकइन्फो के कार्यक्रम टी-20 टाइमआउट पर रविवार को कहा कि सूर्यकुमार की सोच सकारात्मक है। वह विकेट पर बहुत ही आक्रामक रूप से खड़े होते हैं जो उन्हें बहुत सारे असामान्य शॉट खेलने की आजादी देता है। अगर गेंदबाज आगे टप्पा देते हैं तो वह कवर के ऊपर से मार सकते हैं। अगर वे छोटी गेंद फेंकते हैं तो वह थर्ड मैन की ओर खेल सकते हैं। सूर्यकुमार सामने के क्षेत्र में भी मजबूत हैं। उन्होंने एक ऐसी तकनीक अपनाई है जिसमें कमजोरी ढूंढना बहुत मुश्किल है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने कहा कि उन्होंने सूर्यकुमार को इतने वृहद शॉट होने के बावजूद कभी घबराते हुए या जल्दबाजी में नहीं देखा। डु प्लेसिस ने कहा कि उनका कौशल इतना अच्छा है कि एक गेंदबाज के रूप में आपको ऐसा नहीं लगता कि आप उन्हें कुछ क्षेत्रों में बांध सकते हैं। उनके पास कई तरह के शॉट हैं, जिससे वह मैदान के हर हिस्से में रन बना सकते हैं। मेरे लिये जो चीज सबसे खास है, वह है उनका संयम। एक ऐसा व्यक्ति जिसके पास इतने सारे शॉट हैं, मैंने उन्हें कभी भी उत्तेजित या जल्दबाजी में नहीं देखा। वह खेलते समय बहुत शांत रहते हैं।

### आगामी मुकाबलों से पहले गलतियां सुधारने पर काम करेंगे : हरमनप्रीत

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमप्रीत सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) हॉकी प्रो लीग में स्पेन के हाथों मिली हार के बाद सोमवार को कहा कि टीम आगामी मुकाबलों से पहले अपनी गलतियों को सुधारने पर काम करेगी। स्पेन ने रविवार को यहां रोमांचक मुकाबले में भारत को 3-2 से मात दी। हरमनप्रीत ने स्वीकार किया कि भारत को मैच खत्म करने के कौशल पर काम करने की जरूरत है। हरमनप्रीत ने कहा कि हमने बहुत सारे मौके बनाये थे। हमें पेनॉल्टी कार्नर भी मिले, लेकिन कभी-कभी उन मौकों को भुनाने पर काम नहीं कर पाते हैं। हमें अगले सप्ताह दो और मैच खेलने हैं, इसलिए उम्मीद है कि हम अवसरों को जीत में बदल सकेंगे। भारत को अपने अगले मैच में चार नवम्बर को न्यूजीलैंड का सामना करना है। इससे पहले हरमनप्रीत की टीम प्रो लीग के अपने पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड को 4-3 से हरा चुकी है। हरमनप्रीत ने कहा कि हम पूरे दबाव के साथ खेलने की कोशिश करते हैं। इसलिए, हम आक्रमण के मौके बना सकते हैं। हम कई पास रोकने और सर्कल में प्रवेश करने में सक्षम थे, लेकिन हम अपनी फिनिशिंग में सुधार कर सकते हैं। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान ने कहा कि भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में लगातार हौसला अफजाई करने के लिए भारतीय प्रशंसकों की प्रशंसा की और कहा इससे टीम को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि कलिंगा स्टेडियम में एक बार फिर से खेलना बहुत अच्छा था। यह हमारा दूसरा घर है और हमें हमेशा यहां दर्शकों से भारी समर्थन मिलता है।

# टीम इंडिया की हार से बदला सेमीफाइनल का समीकरण, रेस में पांच टीमें

**पर्थ (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में रविवार को टीम इंडिया साउथ अफ्रीका से पांच विकेट से हार गयी। इस नतीजे के बाद सुपर-12 में ग्रुप-2 का समीकरण काफी बदल गया है। अब ग्रुप की छह में से पांच टीमें अंतिम चार में पहुंचने की होड़ में हैं। नीदरलैंड की टीम रविवार को पाकिस्तान से हार गई। यह तीन मैचों में डच टीम की लगातार तीसरी हार है। वह सेमीफाइनल की होड़ से बाहर होने वाली ग्रुप-2 की पहली टीम बन गई है। रविवार के मुकाबलों से पहले टीम इंडिया ग्रुप-2 में सबसे अच्छी स्थिति में थी। भारत पर जीत के बाद अब इस स्थिति में साउथ अफ्रीका की टीम आ गई है। तीन मैचों से साउथ अफ्रीका के पांच पॉइंट्स हैं। उसके अब पाकिस्तान और नीदरलैंड से मैच बाकी हैं। दोनों मैच जीतने पर टीम 9 अंक के साथ टेबल टॉपर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। एक मैच में हार के बाद भी साउथ अफ्रीका अंतिम चार में पहुंच सकता है। उसका नेट रन रेट 2.772 का है जो ग्रुप में सबसे बेहतर है।



**भारत के लिए बांग्लादेश से मुकाबला बेहद अहम** : टीम इंडिया को अब बुधवार को बांग्लादेश से मैच खेलना है। यह मैच भारत के लिए काफी अहम हो गया है। अगर भारतीय टीम यह मैच हारती है तो फिर उसके पांच मैच खत्म होने के बाद ज्यादा से ज्यादा 6 अंक हो सकते हैं। इसके लिए भी आखिरी मैच में भारत को जिम्बाब्वे को हराना होगा। अगर भारतीय टीम बांग्लादेश से हार जाती है और बांग्लादेश आगे चल कर पाकिस्तान को भी हरा देता है तो वह साउथ अफ्रीका के साथ सेमीफाइनल में पहुंच सकता है। इस वजह से भारत के लिए बांग्लादेश के खिलाफ मैच एक तरह से करो या मरो जैसा हो सकता है।

### पाकिस्तान के लिए बस आउट साइड चांस

**पाकिस्तान** के लिए अब सेमीफाइनल में पहुंचना बेहद मुश्किल हो गया है। हालांकि, यह असंभव नहीं है। अगर भारतीय टीम बांग्लादेश से हारती है और पाकिस्तान की टीम साउथ अफ्रीका को हरा देती है तो उसके लिए चांस बन सकता है। इस स्थिति में दोनों टीमों के 4-4 पॉइंट हो जाएंगे और 6 नवंबर को होनेवाले दोनों मुकाबले काफी अहम हो जाएंगे। उस दिन भारत का सामना जिम्बाब्वे से और पाकिस्तान का मुकाबला बांग्लादेश से होगा। उस दिन अगर भारत और पाकिस्तान दोनों जीत जाती हैं तो फिर दोनों के 6-6 पॉइंट होंगे और बेहतर नेट रन रेट वाली टीम अंतिम चार में पहुंच जाएगी। बांग्लादेश को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अपने आखिरी दोनों मैच जीतने होंगे। उसे अभी भारत और पाकिस्तान से खेलना है। जिम्बाब्वे को अभी दो मैच खेलने हैं। एक नीदरलैंड से और एक भारत से। अगर जिम्बाब्वे को सेमीफाइनल में पहुंचना है तो उसे दोनों मैच जीतने होंगे।

# ऑस्ट्रेलिया ने आयरलैंड को 42 रन से हराया

## ग्रुप-1 में दूसरे स्थान पर पहुंची होस्ट टीम, सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें कायम

**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-12 स्टेज में सोमवार को ऑस्ट्रेलिया ने आयरलैंड को 42 रन से हरा दिया। ब्रिस्बेन में आयरलैंड के कप्तान एंड्रयू बालबर्नी ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 179 रन बनाए। जवाब में आयरलैंड 18.1 ओवर में 137 रन पर ऑल आउट हो गई। आयरलैंड के लॉर्कन टकर 71 रन बनाकर नॉट आउट रहे। दूसरे ओवर में पहला विकेट गिरने के बाद टकर आखिर तक टिके रहे, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। बाकी आयरिश बैटर्स फ्लॉप रहे। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ग्रुप-1 में 5 पॉइंट के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। न्यूजीलैंड इस ग्रुप में टॉपर है। आयरलैंड की आधी टीम 25 रन पर ही पवेलियन लौट चुकी थी। टकर तो आखिर तक डटे रहे, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें साथ नहीं मिला। वो 71 रन बनाकर नॉट आउट रहे। उनके अलावा आयरलैंड का कोई भी बल्लेबाज 15 रन से ज्यादा का स्कोर नहीं बना सका। ऑस्ट्रेलिया के लिए ग्लेन मैक्सवेल, एडम जम्पा, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क ने 2-2 विकेट लिए। एक विकेट मार्कस स्टोइनिस को मिला। टीम का आखिरी बल्लेबाज रन आउट हुआ।

**फिंच, मार्श और स्टॉइनिस ने बनाये रन :** ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान एरोन फिंच ने 44 बॉल पर 63 रन की पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। स्टॉइनिस ने 25 बॉल पर 35 और मिचेल मार्श ने 28 रन बनाये। आयरलैंड के बैरी मैकार्थी ने 29 रन देकर 3 और जोशुआ लिटिल ने 21 रन देकर 2 विकेट लिये।

### फिंच की मांसपेशियों में आया खिंचाव, बोले- पहले भी मैं इससे रहा हूं परेशान



**ऑस्ट्रेलिया** के कप्तान आरोन फिंच के पैर की मांसपेशियों में सोमवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच के दौरान खिंचाव आ गया। फिंच ने इस मुकाबले में अर्धशतक जड़ा जिससे गत चैम्पियन टीम ने आयरलैंड को 42 रन से हराया। फिंच ने 44 गेंद में 63 रन की पारी खेली लेकिन अपनी पारी के आखिरी हिस्से के दौरान उन्हें विकेटों के बीच दौड़ लगाते हुए परेशानी में देखा गया। उनकी पारी से ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकट पर 179 रन का स्कोर खड़ा किया। पैंतीस साल के फिंच ने आयरलैंड की पारी के दौरान पूरे समय क्षेत्ररक्षण नहीं किया। आयरलैंड की टीम 18.1 ओवर में 137 रन पर ढेर हो गई। फिंच ने मैच के बाद कहा कि कल मैं स्कैन के लिए जाऊंगा, पहले भी मैं इससे (पैर की मांसपेशियों में चोट) परेशान रहा हूं। स्थिति इस समय खराब नहीं दिखती लेकिन देखते हैं कि स्कैन में क्या पता चलता है। सिंगापुर में जन्मे ऑलराउंडर टिम डेविड ने भी आयरलैंड की पूरी पारी मैदान के बाहर बिताई लेकिन फिंच ने कहा कि उन्हें जकड़न की समस्या थी और एहतियात के तौर पर वह क्षेत्ररक्षण के लिए नहीं उतरे। प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए फिंच ने कहा कि बल्लेबाजी के लिए यह एक मुश्किल विकेट था लेकिन उन्हें खुशी है कि टीम अच्छा स्कोर बना सकी। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा प्रदर्शन था। उस विकेट पर 180 रन अच्छा स्कोर था। हमें पता था कि हमें नींव जल्दी रखनी है और चार-पांच विकेट गंवाने का जोखिम नहीं ले सकते।

# अश्विन की मेहनत पर कोहली ने फेरा पानी, टर्निंग पॉइंट पर टपकाया कैच



**पर्थ (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी की घातक गेंदबाजी, एडेन मार्कराम और डेविड मिलर की फिफ्टी के बूते साउथ अफ्रीका ने रविवार रात टी-20 विश्वकप के सुपर 12 के लो स्कोरिंग मैच में भारत को पांच विकेट से हराया। भारत की हार का कारण टॉप ऑर्डर के बल्लेबाजों की नाकामी तो रही, जो ऑप्टस स्टेडियम की तेज और उछाल भरी पिच में बैठ नहीं बिठा पाये। भारत को पांचवें तेज गेंदबाज की कमी खली, क्योंकि ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपने चार ओवर में 43 रन दिये। साथ ही टीम इंडिया की खराब फील्डिंग भी इस हार का एक अहम कारण रही। कप्तान रोहित शर्मा की भारतीय टीम ने टॉस जीतकर मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाए। खराब शुरूआत से उबरते हुए साउथ अफ्रीका ने दो गेंद पहले पांच विकेट से मैदान मारा। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने हालांकि साउथ अफ्रीका की शुरूआत बिगाड़ी। मगर बाद में एडन मारक्रम और डेविड मिलर ने टीम को बखूबी संभाला। एक वक्त ऐसा भी आया था, जब अश्विन ने लगभग मारक्रम को आउट कर इस पार्टनरशिप को तोड़ दिया था, लेकिन कोहली ने आसान सा कैच टपकाकर सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। घटना 12वें ओवर की है। पांचवीं गेंद छोटी थी, जिसे मार्क्रम ने पुल करने की कोशिश की। डीप मिडविकेट पर कोहली ने आसान कैच छोड़ दिया। अश्विन के पास सिवाय सिर पर हाथ रखने के और कोई चारा नहीं था। डीप मिड विकेट और लॉन्ग ऑन के बीच मार्क्रम हवा में शॉट मार बैठे थे। बाउंड्री पर तैनात कोहली के पास एक आसान कैच लपकने का मौका आया था, जिसे विराट नहीं पकड़ पाए। यही मैच का टर्निंग पॉइंट भी रहा।

# मजबूरी में ऋषभ पंत की शरण में टीम इंडिया, बीच मैच में दिनेश कार्तिक की जगह विकेटकीपिंग के लिए बुलाया


**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया में जारी टी-20 वर्ल्ड कप में दिनेश कार्तिक भारतीय टीम के सबसे बुजुर्ग खिलाड़ी हैं। 37 साल के दिनेश कार्तिक रविवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच में विकेटकीपिंग करते इंजर्ड हो गये। ऐसे में अब उनका दो नवम्बर को बांग्लादेश के खिलाफ एडिलेड में होनेवाले मैच में खेलना संदिग्ध है। बल्ले से अबतक टूर्नामेंट में कुछ खास नहीं कर पाये डीके की जगह ऋषभ पंत को पैड पहनाकर मैदान के भीतर भेजा गया, जिन्होंने शुरूआती प्लेइंग इलेवन से बाहर होने के बावजूद आखिरी ओवर्स में अहम रोल निभाया। 15वें ओवर में दिनेश कार्तिक को अपनी कमर के साथ जूझते देखा गया था। कुछ ही देर में वह घुटनों के बल पर मैदान में देखे गये।



आनन-फानन में फिजियो को मैदान पर बुलाना पड़ा। कुछ मिनटों के बाद कार्तिक अपनी कमर पकड़कर मैदान से बाहर जाते कैमरे में कैद हुए। हालांकि, अबतक यह पता नहीं लग पाया है कि दिनेश कार्तिक को क्या हुआ है? देखकर तो लगता है कि वह पीठ की जकड़न से परेशान हैं। यह परेशानी पर्थ जैसी जगहों में आम है, जहां भयंकर ठंड होती है। मैच के बाद भुवनेश्वर कुमार ने दिनेश कार्तिक की चोट पर अपडेट दी।

भुवी ने बताया कि, 'मुझे पता है कि उसे कुछ बैक इशू है। स्वभाविक रूप से फिजियो की रिपोर्ट के बाद मामला स्पष्ट हो पाएगा।' यहां यह बताना जरूरी हो जाता है कि डीके के पास फिट होने के लिए 72 घंटे से भी कम का समय है। दो नवम्बर को बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले उन्हें टीम के साथ एडिलेड भी जाना है। मैच में साउथ अफ्रीका से हार के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि फील्डिंग में टीम ने अच्छा नहीं किया। पर्थ में मैच के बाद रोहित ने कहा, 'फील्डिंग में हम अच्छे नहीं थे। हमने कुछ कैच टपकाये। कुछ रन आउट भी मिस किये। इसमें मैं भी शामिल था। हमें इस डिपार्टमेंट में निरंतर अच्छा करने की आवश्यकता है।' अश्विन को 18वां ओवर देने का बचाव करते हुए उन्होंने कहा कि वह चाहते थे कि पेसर्स को उपयुक्त समय पर लाया जाये। वह अश्विन से अंतिम ओवर से पहले उनका कोटा खत्म करवाना चाहते थे।'

# कोहली के होटल रूम का वीडियो हुआ लीक, विराट-अनुष्का का फूटा गुस्सा




**पर्थ (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली और उनकी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा ने पर्थ में एक प्रशंसक द्वारा कथित तौर पर उनके होटल की गोपनीयता भंग करने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। प्रशंसक ने उनके होटल के कमरे का वीडियो बनाया, जब वे रविवार शाम यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी टी-20 विश्व कप सुपर-12 मैच खेल रहे थे। कोहली ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मैं समझता हूं कि प्रशंसक अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को देखकर बहुत खुश और उत्साहित होते हैं और उनसे मिलना चाहते हैं और मैंने हमेशा इसकी सराहना की है। उन्होंने आगे कहा, अगर मैं अपने होटल के कमरे को गोपनीय तरीके से नहीं रख सकता, तो मैं किसी भी व्यक्तिगत स्थान की गोपनीयता पर कैसे विश्वास कर सकता हूं। कृपया लोगों की निजता का सम्मान करें और उन्हें मनोरंजन की वस्तु न समझें। अनुष्का ने भी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा है कि ऐसी घटनाएं वास्तव में सबसे बुरी बात है। यह पूर्ण अपमान और चीजों का उल्लंघन हैं। वहीं, इस पर उर्वसी रौतेला ने लिखा, दुखदः उन्होंने एक लड़की के कमरे में ऐसा किया। ऑस्ट्रेलिआई दिग्गज डेविड वार्नर ने कहा, विश्वास नहीं हो रहा कि होटल क्राउनपर्थ में ऐसा हुआ है।

# भले ही राहुल चाहें, हम टीम से ड्रॉप नहीं करेंगे : स्टीफन फ्लेमिंग



**पर्थ (एजेंसी)।** टी-20 विश्वकप में भले ही टीम इंडिया 3 मैचों में से 2 मैच जीत चुकी है लेकिन टीम की सबसे बड़ी समस्या बनकर उभरे हैं ओपनर केएल राहुल। केएल राहुल तेज गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते दिख रहे हैं और विकेट के आसपास ही विकेट गंवा रहे हैं। राहुल ने तीन मैच खेले हैं लेकिन उनका उच्चतम स्कोर सिर्फ 9 रन है। यानि वे किसी भी मैच में दहाई तक का आंकड़ा नहीं छू पाए हैं जिसकी वजह से आलोचना के केंद्र में आ गए हैं। हालांकि न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग ने केएल राहुल के लिए स्पेशल मैसेज दिया है। आईपीएल के दौरान न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग ने केएल राहुल के साथ बहुत नजदीक से काम किया है। हालांकि, अन्य लोगों की तरह फ्लेमिंग यह नहीं समझ पा रहे हैं कि आखिर केएल राहुल बेहतरीन बल्लेबाजी क्यों नहीं कर पा रहे हैं। हालांकि, फ्लेमिंग का यह मानना है कि राहुल तभी बढ़िया प्रदर्शन कर सकते हैं जब वे पक्का मान लें कि उन्हें रिप्लेस नहीं किया जाएगा। फ्लेमिंग ने कहा कि वे जानते हैं कि राहुल को कैसे इस हालात से निकाला जा सकता है। फ्लेमिंन ने बताया कि आईपीएल के दौरान भी एक वक्त वे स्ट्रगल कर रहे थे तब टीम फ्रेंचाइजी और हमने उनके साथ काम किया और उसके बाद केएल राहुल एक शतक के साथ ही कई यादगार इनिंग्स खेलीं।

### केएल राहुल को कांफिडेंस बढ़ाने की है जरूरत

**स्टीफेन** फ्लेमिंग ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के साथ बातचीत में कहा कि कुछ चीजें हैं जो उनका आत्मविश्वास लौटा सकती हैं। वह ये है कि उन्हें यह भरोसा दिया जाए कि भले ही फेल हो रहे हैं लेकिन टीम उन्हें टूर्नामेंट के बाकी मैचों से ड्रॉप नहीं करने जा रही है। फ्लेमिंग ने यह मैसेज केएल राहुल को दिया है। उनका मानना है कि अब यह केएल राहुल पर है कि वे इसे कैसे भुनाते हैं। उन्हें बिना डर के दुनिया के सामने जाना चाहिए और अपनी बात रखनी चाहिए। चेन्नई सुपर किंग्स के कोच फ्लेमिंग नहीं चाहते कि राहल को टीम से ड्रॉप किया जाए क्योंकि 32 साल के इस बल्लेबाज के पास बेहतर तकनीक और क्वालिटी है।

**क्या है फ्लेमिंग का स्पेशल मैसेज :** फ्लेमिंग ने राहुल को स्पेशल मैसेज दिया कि दोस्त तुम रन बनाने के लिए बने हो। तुमने पहले भी यह प्रूव किया है कि तुम कितने अच्छे प्लेयर हो। मैं तुम्हें यह कांफिडेंस देता हूं कि जहां और जब तुम चाहते हो खेला और हम तुम्हें ड्रॉप नहीं करने जा रहे हैं। तुम हमारे सबसे खास खिलाड़ी हो और हमारा पूरा सपोर्ट तुम्हारे साथ है। फ्लेमिंग का मानना है कि इतनी सी बात ही राहुल का अनलॉक कर सकती है जो टीम इंडिया के लिए बेहतर होगा।

